# शराब के नशे में लाठी से पीट-पीटकर पिता की हत्या

**जमानत न कराने से खौल उठा बेटा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के कांधरपुर गांव में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई है। शराब के नशे में धुत बेटे ने मामूली कहासुनी के बाद अपने ही पिता को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया, लेकिन तब तक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

कैंट थाना क्षेत्र के गांव कांधरपुर निवासी 55 वर्षीय काशीराम डेयरी का काम कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। बुधवार देर रात उनका छोटा बेटा अमित शराब पीकर घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। परिवार के लोगों ने विरोध किया तो वह उग्र हो गया। इसी दौरान पिता काशीराम ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने लाठी उठाकर उन पर हमला कर दिया। परिवार के मुताबिक अमित पर उस समय इतना गुस्सा सवार था कि बीच-बचाव करने आई अपनी बहन को भी पीट दिया। घर के लोग चीखते-चिल्लाते रहे, लेकिन आरोपी लगातार पिता को बेरहमी से पीटता रहा। मारपीट में काशीराम गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### दहेज मुकदमे के बाद घर में बढ़ गया था तनाव

मृतक की पत्नी रेखा रानी ने बताया कि अमित की शादी करीब छह साल पहले चौबारी निवासी रूबी से हुई थी। करीब छह महीने पहले पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में परिवार के अन्य लोगों की जमानत हो गई थी, लेकिन अमित की जमानत नहीं कराई गई। इसी बात को लेकर वह परिवार से नाराज रहता था और आए दिन झगड़ा करता था। परिजनों का कहना है कि इसी रंजिश में उसने अपने पिता की हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। अधिकारियों का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिना पढ़े-लिखे कर्मचारियों को बना दिया जनगणना कर्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नगर निगम में कम पढ़े-लिखे और अशिक्षित कर्मचारियों की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगाए जाने को लेकर गुरुवार को बड़ा बवाल खड़ा हो गया। इससे नाराज सफाई कर्मचारियों, ड्राइवरों और मालियों ने उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले नगर निगम परिसर में जमकर प्रदर्शन किया और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए।

कर्मचारियों का आरोप है कि जिन्हें ठीक से पढ़ना-लिखना भी नहीं आता, उन्हें जनगणना जैसे तकनीकी और जिम्मेदारी वाले काम में लगा दिया गया है। फॉर्म भरने और प्रक्रिया समझने में भारी दिक्कत होने के बावजूद उन पर काम का दबाव बनाया जा रहा है। कर्मचारियों ने साफ कहा कि कम शिक्षित कर्मियों से जनगणना कराना व्यावहारिक नहीं है। मामला बढ़ता देख अपर नगर आयुक्त, पर्यावरण अभियंता और मुख्य सफाई निरीक्षक मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित कर्मचारियों को शांत कराया और उनकी समस्याओं को सुनकर उचित समाधान निकालने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

### आश्वासन के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन

काफी देर चली बातचीत के बाद अपर नगर आयुक्त ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि हाईस्कूल से कम शिक्षित कर्मचारियों की ड्यूटी जनगणना में नहीं लगाई जाएगी। इसके बाद कर्मचारियों ने धरना समाप्त कर दिया। प्रदर्शन के दौरान देवदास चौहान, रघुनंदन उर्फ पंकज, राजेश कुमार, ठाकुर किशन पाल, सुरेध शिंदे, महक सिंह, नेकपाल सिंह और राजेंद्र कुमार समदर्शी समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# लालफाटक ओवरब्रिज पर सीएनजी टैंकर से गैस हुई लीक, मची भगदड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के लालफाटक ओवरब्रिज पर गुरुवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब हिंदुस्तान पेट्रोलियम का एक सीएनजी टैंकर अचानक गैस लीक करने लगा। तेज आवाज और गैस रिसाव देखकर सड़क पर चल रहे लोगों में दहशत फैल गई।

हालात ऐसे बन गए कि कई वाहन चालक अपनी बाइक और कारें सड़क पर छोड़कर जान बचाने के लिए भाग खड़े हुए। कुछ ही सेकेंड में पूरा ओवरब्रिज खाली हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी। हिंदुस्तान पेट्रोलियम का सीएनजी टैंकर शाहजहांपुर की तरफ से बदायूं जा रहा था। सुबह जब टैंकर लालफाटक ओवरब्रिज पर पहुंचा तभी उसके सिलेंडर से अचानक गैस का रिसाव शुरू हो गया। पहले हल्की आवाज आई, लेकिन कुछ ही देर में तेज प्रेशर के साथ भयानक आवाज निकलने लगी।

टैंकर के आसपास चल रहे वाहन चालकों ने जैसे ही गैस लीक होते देखी तो वहां भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक टैंकर से निकल रही आवाज इतनी तेज थी कि कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। आसपास के घरों में रहने वाले लोग भी आवाज सुनकर दहशत में बाहर निकल आए। लोगों को पहले किसी बड़े धमाके की आशंका हुई। जब पता चला कि सीएनजी टैंकर से गैस रिसाव हो रहा है तो लोग सुरक्षित जगहों की ओर भागने लगे। ओवरब्रिज और आसपास कुछ देर के लिए पूरी तरह सन्नाटा छा गया।

### पुलिस और दमकल ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और तकनीकी टीम मौके पर पहुंच गई। एहतियात के तौर पर आसपास का ट्रैफिक रोका गया और लोगों को दूर किया गया। राहत की बात यह रही कि समय रहते स्थिति नियंत्रित कर ली गई और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हालांकि काफी मात्रा में गैस रिसाव होने से नुकसान की बात कही जा रही है।

### रिसाव की वजह तलाश रही टीम

फिलहाल तकनीकी टीम यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर टैंकर के सिलेंडर से गैस रिसाव कैसे हुआ। पुलिस टैंकर चालक से भी पूछताछ कर रही है। शुरुआती जांच में तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है, हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

# जोगेंद्र सिंह की पांच लाख के लालच में की गई थी हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** सुभाषनगर इलाके में फरवरी में हुई जोगेंद्र सिंह की सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी इन्द्रपाल को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि पांच लाख रुपये के लालच में उसने अपने साथी के साथ मिलकर जोगेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या की थी।

पुलिस के मुताबिक बुधवार देर रात प्रगति नगर निवासी जोगेंद्र सिंह की घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद घर में रखा रुपयों से भरा बैग भी गायब था। मामले में सुभाषनगर थाने में हत्या और लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी इन्द्रपाल राजमिस्त्री का काम करता था और जोगेंद्र सिंह के घर के पास बनने वाले मकानों में उसका आना-जाना था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एक रिश्तेदार का प्लॉट बेचने को लेकर जोगेंद्र सिंह से बातचीत हुई थी। उसी दौरान जोगेंद्र ने कहा था कि अगर प्लॉट उसे दिला दिया जाए तो वह तुरंत पांच लाख रुपये दे देगा। बस यही बात आरोपी के दिमाग में बैठ गई। उसे लगा कि जोगेंद्र के घर में पांच लाख रुपये रखे हैं। इसके बाद उसने अपने साथी राजू ठेकेदार के साथ मिलकर चोरी की योजना बना डाली।

### छत के रास्ते पहुंचे, पहचान होने पर मार दी गोली

आरोपी ने पुलिस को बताया कि वारदात वाली रात वह और उसका साथी पड़ोस में बन रहे मकान के रास्ते जोगेंद्र सिंह के घर की छत पर पहुंचे। तभी जोगेंद्र सिंह ऊपर आ गए और उन्होंने इन्द्रपाल को पहचान लिया। आरोपी के मुताबिक जोगेंद्र ने उसे पकड़ लिया था। डर और घबराहट में उसने तमंचे से गोली चला दी। गोली लगते ही जोगेंद्र सिंह गिर पड़े और आरोपी रुपये का बैग लेकर छत के रास्ते फरार हो गए। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कहा कि पैसों के लालच में वह अंधा हो गया था। उसने यह भी कहा कि शराब पीने के बाद वह अपना होश खो बैठता है और उसी हालत में उससे इतनी बड़ी वारदात हो गई।

### नूरी मस्जिद अंडरपास के पास दबोचा गया आरोपी

सुभाषनगर पुलिस ने बुधवार को करेली स्थित नूरी मस्जिद अंडरपास के पास से आरोपी इन्द्रपाल को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 12 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस का दावा है कि बरामद तमंचा वही है जिससे जोगेंद्र सिंह की हत्या की गई थी। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार नैन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# 860 अभ्यार्थियों ने छोड़ दी लेखपाल भर्ती परीक्षा





जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लेखपाल भर्ती परीक्षा संपन्न हो गई है। पुलिस और प्रशासन के कड़े पहरा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से बैठक संपन्न हुई है। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस फोर्स तैनात रही और मजिस्ट्रेट अफसर निगरानी रखे रहे। इस कड़ी सुरक्षा के बीच जब परीक्षा संपन्न कराई गई तो आठ सौ से अधिक अभ्यार्थियों ने परीक्षा को छोड़ दिया है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लेखपाल भर्ती परीक्षा जनपद बदायूं के 15 केंद्रों पर संपन्न की गई। जनपद के सभी 15 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल सम्पन्न हुई। एक दिवसीय की पहली पाली की परीक्षा में जनपद बदायूं में कुल 5664 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनको परीक्षा दी जानी थी लेकिन इन 5664 परीक्षार्थियों में से 4804 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जिन्हों ने परीक्षा दी है। वहीं जिले में 860 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिन्होंने लेखपाल भर्ती परीक्षा को छोड़ दिया है। एक दिवसीय परीक्षा में उपस्थिति का कुल प्रतिशत 84.82 प्रतिशत रहा। डीएम अवनीश राय ने एसएसपी अंकिता शर्मा एवं पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ परीक्षा केंद्र हाफीज सिद्दीक इस्लामिया इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने की गिरफ्तारी की मांग, पुलिस ने दिया आश्वासन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** इस्लामनगर कस्बे में डकैतों द्वारा मलिक समाज के निज़ाकत के घर में जमकर लूटपाट व परिवार को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटे जाने के विरोध में वृहस्पतिवार को पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने इस्लामनगर जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने परिवार के लोगो से घटना की जानकारी ली और आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस के आलाधिकारियों से बात की। पुलिस अधिकारियों ने पूर्वमंत्री आबिद रज़ा को आरोपियों की जल्दी गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। पूर्वमंत्री आबिद रजा ने पीड़ित परिवार को हर तरह की मदद का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री आबिद ने कहा मैं इस दुख की घड़ी मे पूरे परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा हूं। उन्होंने पीड़ित परिवार को अपना मोबाइल नंबर दिया और कहा कि जब भी मेरी कोई जरूरत पड़े मुझे तुरंत फोन करें। पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद भी की। इस मौके पर पूर्वमंत्री आबिद रज़ा के साथ सभासद अनवर खान, सुहेल सिद्दीकी, हर्षित यादव, अमन यादव नईम शास्त्री, अफसर अली खान, कौसर अली, लालू भाई, छोटू भाई, बबलू रिजवान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में बरेली अंधेरे में डूबा, रातभर फुंकते रहे ट्रांसफार्मर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** भीषण गर्मी के बीच बुधवार की रात बरेली शहर के कई इलाकों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के पास, करगैना और कैंट क्षेत्र में ट्रांसफार्मरों में आग लगने और फुंकने की घटनाओं से हड़कंप मच गया। आग की लपटें उठती देख लोग घरों से बाहर निकल आए। कई इलाकों में रातभर बिजली गुल रही, जिससे हजारों लोगों को उमस और गर्मी में जागकर रात काटनी पड़ी।

कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के पास बुधवार रात करीब 11 बजे अचानक ट्रांसफार्मर में तेज धमाके के साथ आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं और आसपास अफरातफरी मच गई। सुरक्षा के लिहाज से कुछ देर के लिए रास्ते पर आवागमन भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने तुरंत बिजली निगम और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। ट्रांसफार्मर फुंकने से करीब पांच हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। रातभर लोग गर्मी से परेशान रहे और सुबह तक नया ट्रांसफार्मर नहीं पहुंच सका था।करगैना की शांति विहार कॉलोनी में रात करीब 12 बजे सड़क किनारे रखे अस्थायी ट्रॉली वाले ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ देर के लिए सड़क से निकलना तक मुश्किल हो गया। लोग दूर खड़े होकर मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। घटना के बाद पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रात में शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग की टीम काफी देर से पहुंची और सुबह तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी।

### कैंट क्षेत्र में भी फुंका ट्रांसफार्मर, पेड़ों तक पहुंची आग

उधर कैंट क्षेत्र में भी बुधवार रात ट्रांसफार्मर फुंक गया। आग की चिंगारियां आसपास के पेड़ों तक पहुंच गईं, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। वहीं बरेली कॉलेज गेट के सामने चौराहे पर बिजली के तारों में भी आग लग गई। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### गर्मी में बिजली संकट से भड़के लोग

लगातार ट्रांसफार्मर फुंकने और घंटों बिजली गुल रहने से लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि हर साल गर्मी आते ही ट्रांसफार्मर ओवरलोड होकर फुंकने लगते हैं, लेकिन विभाग स्थायी समाधान नहीं निकाल पा रहा। रातभर बिजली न आने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी। मुख्य अभियंता विद्युत निगम ज्ञान प्रकाश ने बताया कि सभी घटनाओं की जानकारी विभाग को मिल गई है। खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने और प्रभावित इलाकों की बिजली आपूर्ति जल्द बहाल कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# शॉर्ट सर्किट: कमर्शियल बिल्डिंग में आग

**धुएं से मचा हड़कंप, लोग जान बचाकर भागे**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जंक्शन रोड स्थित एक कमर्शियल बिल्डिंग में गुरुवार दोपहर दूसरी मंजिल पर लगी एलईडी स्क्रीन में अचानक शॉर्ट सर्किट के बाद आग भड़क उठी। देखते ही देखते पूरे फ्लोर में काला धुआं फैल गया और बिल्डिंग में मौजूद लोग जान बचाकर बाहर की ओर भागने लगे। चीख-पुकार और भगदड़ जैसे हालात के बीच आसपास के दुकानदार भी दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सायरन बजाते हुए मौके पर पहुंचीं और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

घटना जंक्शन रोड स्थित 167 ए नंबर की कमर्शियल बिल्डिंग की है। दूसरी मंजिल पर लगे एलईडी स्क्रीन में अचानक स्पार्किंग हुई और कुछ ही सेकेंड में आग भड़क गई। आग से उठे घने धुएं ने पूरे फ्लोर को अपनी चपेट में ले लिया। धुआं फैलते ही बिल्डिंग में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। कई लोग सीढ़ियों से भागते हुए बाहर निकले तो आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए।सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में दो दमकल गाड़ियां तुरंत मौके के लिए रवाना की गईं। दमकल टीम ने पहुंचते ही हालात का जायजा लिया और तेजी से रेस्क्यू और फायर फाइटिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया। दमकल कर्मियों ने बेहद सतर्कता के साथ आग पर काबू पाया और उसे दूसरी दुकानों व प्रतिष्ठानों तक फैलने से रोक लिया।

### समय रहते काबू, टल गया बड़ा हादसा

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर आग कुछ देर और फैल जाती तो पूरी बिल्डिंग इसकी चपेट में आ सकती थी, क्योंकि वहां कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित हो रहे हैं। आग लगने के बाद आसपास के इलाके में भी भारी भीड़ जमा हो गई थी। हालांकि दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही दो फायर यूनिट मौके पर भेजी गई थीं। आग एलईडी स्क्रीन में लगी थी, जिससे पूरे फ्लोर में धुआं भर गया था। फायरमैन को बीए सेट पहनाकर अंदर भेजा गया और सुरक्षित तरीके से आग बुझा ली गई।

# रामपुर में बकरा खरीदने में विवाद, 5 लोग घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कोसी नदी के पास स्थित पशु बाजार में बकरा खरीदने को लेकर हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस मारपीट में एक ही पक्ष के पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घायल पक्ष के अनुसार, बाजार में बकरा खरीदने को लेकर पहले दो व्यक्तियों के बीच झगड़ा शुरू हुआ था। स्थिति बिगड़ती देख पीड़ित पक्ष ने यूपी-112 पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के समय पर न पहुंचने के कारण वे खुद बीच-बचाव करने पहुंचे। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद शरीफ और अमीर नामक दो सगे भाइयों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उन पर हमला बोल दिया। हमलावर लोहे की रॉड, धारदार हथियार और तमंचे की बटों से लैस थे। उन्होंने पांच लोगों को घेरकर बेरहमी से पीटा।इस जानलेवा हमले में सैयद हारिश शाह (18), सैयद हैदर शाह (17) और सैयद बब्बर शाह (55) गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दो अन्य को मामूली चोटें आईं। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को संभाला। थाना प्रभारी ओंकार सिंह ने बताया कि घायलों का मेडिकल करा दिया गया है। तहरीर मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ईद-उल-अज़हा: खुले में कुर्बानी पर रोक



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान ने ईद-उल-अज़हा को लेकर अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष देशभर में ईद-उल-अज़हा 28 मई, गुरुवार को मनाई जाएगी। इस दिन सुबह 6 बजे से 10:30 बजे तक ईद की नमाज़ अदा की जाएगी, जिसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू होगा।फरमान मियां ने कहा कि कुर्बानी का यह अमल 28 मई सूर्योदय से शुरू होकर 30 मई सूर्यास्त तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि यह त्योहार हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम और हज़रत इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है और हर साहिब-ए-निसाब मुसलमान पर कुर्बानी वाजिब है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुर्बानी खुले या सार्वजनिक स्थानों पर बिल्कुल न करें, बल्कि बंद और निर्धारित स्थानों पर ही करें। साथ ही उन्होंने सख्त हिदायत दी कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी हाल में न की जाए। उन्होंने कहा कि जानवरों के अपशिष्ट पदार्थों को गड्ढा खोदकर जमीन में दफन किया जाए और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि खून नालियों या सड़कों पर न बहे।

### सोशल मीडिया पर वीडियो साझा न करने की अपील

फरमान मियां ने लोगों से यह भी अपील की कि जानवरों की तस्वीरें या वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करें। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने हमवतन भाइयों की भावनाओं का सम्मान करें और आपसी भाईचारे व सौहार्द को बनाए रखें। उन्होंने बताया कि इस्लामी माह ज़िलहिज्जा की 10, 11 और 12 तारीखें कुर्बानी के लिए निर्धारित हैं। छोटे जानवर जैसे भेड़, बकरा और दुम्बा एक व्यक्ति की ओर से कुर्बान किए जाते हैं, जबकि बड़े जानवर में अधिकतम सात लोग हिस्सेदारी कर सकते हैं।

**प्रतिबंधित पशुओं से बचें और भाईचारा बनाए रखें: फरमान मियां**

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें। मोबाइल नंबर– 7906815587, 9758444242


# सोलर पैनल की 3058 फाइलों का सत्यापन अधर में लटका

- 11,958 के सापेक्ष 6744 उपभोक्ताओं के घरों में लग चुके है सौलर

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** बैंक के अधिकारियों की लेटलतीफी और लापरवाही के कारण 3058 सोलर पैनल की फाइलों का सत्यापन नहीं हुआ है। जिसके वजह से उपभोक्ताओं की फाइलें बैंक में धूल चाट रही है। इसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने एलडीएम, संबंधित बैंकों के अध्यक्ष, महाप्रबंधकों को लिखित रूप पत्र लिखकर सत्यापित में तेजी लाने को कहा है जिससे कि उपभोक्ताओं को कनेक्शन मिले।

विकास भवन स्थित परियोजना कार्यालय यूपी नेडा के जरिए प्रधानमंत्री निशुल्क सौर ऊर्जा सोलर पैनल के उपभोक्ताओं के घरों पर लगाए जा रहे हैं। जोकि किलोवाट के आधार पर है। इसमें उपभोक्ताओं को सब्सिडी मिल रही है। जिसमें केंद्र, राज्य सरकार की ओर तीन किलोवाट पर 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी मिल रही है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार जनपद में 11958 के सापेक्ष 6744 कनेक्शन हो चुके है। जबकि 3 हजार से अधिक फाइले संबंधित बैंक प्रबंधन के अनदेखी के कारण उपभोक्ताओं की फाइलें धूल फांक रही है। इसको लेकर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने नाराजगी जताते हुए सभी महाप्रबंधकों, अध्यक्ष और एलडीएम को निर्देशित किया है कि सत्यापन में तेजी लाए जिससे कि उपभोक्ताओं को कनेक्शन मिल सके।

**कहां कौन सी शाखा में फाइल पेंडिंग**

| शाखा | संख्या | शाखा | संख्या |
|---|---|---|---|
| पीएनबी | 944 | इंडियन बैंक | 20 |
| बीओबी | 874 | सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 19 |
| एसबीआई | 804 | यूको बैंक | 19 |
| प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक | 155 | बैंक ऑफ महाराष्ट्र | 6 |
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 89 | जम्मू एंड कश्मीर बैंक | 1 |
| पंजाब एंड सिंध | 52 | इंडियन ओवर्जस बैंक | 1 |
| कैनरा बैंक | 43 | एचडीएफसी | 1 |
| | | बैंक आफ इंडिया | 30 |

## एक नजर



### पूजा अर्चना के साथ शुरु हुई भागवत कथा

**रामपुर।** मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन की कथा में वाचक देवव्रत शुक्ला ने गणेश वंदना, दुर्गा स्तुति, हनुमान चालीसा पाठ करने के बाद कथा प्रारम्भ की। इस दौरान बताया कि यह संसार सहज भाव से साधन पूजन भजन जाप तप योग सुलभ उपाय प्रदान करता है। तो दूसरी ओर अशुभ,कुयोग, रुकावट अवरोध उत्पन्न करने वाला समय भी रुकावट में व्यवधान पैदा करने में आसक्ति आने वाली घड़ी समय भी प्रदान करता है।कथा सुनाते हुए बताया कि जो भूपति,महान, ज्ञानी राजा त्यागी वनवासी वन गया।वहीं राजा भरत का अशुभ समय आया तो वनचर पशु,मादा, हिरण को प्रसव पीड़ा हुई।इस मौके पर प्रदीप कुमार अग्रवाल, मुख्य यजमान प्रभा अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, रामनाथ गुप्ता, राज रानी गुप्ता, विष्णु सरन अग्रवाल, गोविंद गुप्ता, सीमा गुप्ता, सुधा पंडित, रानू पाठक, पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा,राम दत्त शर्मा मौजूद रहे।

### कोर्ट नहीं पहुंचा गवाह, अगली सुनवाई 12 को

**रामपुर।** स्पेशल कोर्ट एमपी–एमएलए न्यायालय में चल रहे गवाह को धमकाने के मामले में आजम खां समेत कई लोगों के खिलाफ गुरूवार को सुनवाई हुई। गवाह न आने के कारण 12 जून तक टाल दी गई है। सुनवाई के दौरान फरहान खां, राजा खां, उजैर खां और आजम खां वीडियों कांफ्रेस के जरिए कोर्ट में पेश हुए। वर्ष 2019 में यह मुकदमा थाना कोतवाली बेरियान निवासी नन्हें ने दर्ज कराया था। जोकि सेशन न्यायालय में विचाराधीन है। इसके अलावा आजम खां के चुनाव आचार संहिता मामलों में पीठासीन अधिकारी अवकाश होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी।



# शाहबाद में लाइसेंसी राइफल से गोली लगने से दंपति की मौत, पुलिस जांच में जुटी

## एसपी, एएसपी ने किया घटनास्थल का मौका मुआयना, सभी बिंदुओं पर दिए जांच के निर्देश



दंपति की गोली लगने से मौत की सूचना पर घर के बाहर जमा भीड़। –जागरण मोर्चा



दंपति की मौत की सूचना पर मौका मुआयना करने पहुंचे एसपी सोमेंद्र मीना।



फाइल फोटो मृतका नेहा रस्तोगी।



फाइल फोटो मृतक सुनील रस्तोगी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगर के मेन मार्केट स्थित मकान में गोली चलने की आवाज से आसपास के घरों में सनसनी फैल गई। गोली लगने से मकान की छत पर बर्तन व्यापारी और उनकी पत्नी रक्तरंजित लाश पड़ी मिली। सूचना मिलते ही एसपी सोमेंद्र मीणा और एएसपी अनुराग सिंह मौके पर पहुंचे, और घटना की जानकारी ली।

बताते चले कि गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे नगर के मेन मार्केट में रहने वाले सुनील रस्तोगी के घर से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। देखा तो बर्तन व्यापारी सुनील रस्तोगी (50) और उनकी पत्नी नेहा रस्तोगी (45) की खून से लथपथ लाशें घर की छत पर पड़ी हुई थी, साथ ही पास में लाइसेंसी रायफल भी पड़ी थी। सूचना मिलते ही सीओ देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल शुरू की। पति पत्नी के शव मकान की छत पर पड़े हुए थे, दंपति के शव के पास उनकी लाइसेंसी राइफल पड़ी हुई थी। थोड़ी ही देर बाद एसपी सोमेंद्र मीना और एएसपी अनुराग सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। साथ ही परिजनों से भी वार्ता की। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच में जुटी गई।

**सभी बिंदुओं पर जांच कर रही पुलिसः एसपी**

सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे एसपी सोमेंद्र मीणा ने बताया कि गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे सूचना मिली कि शाहबाद में दंपति के द्वारा गोली मार ली गई है, परिवार के लोगों ने बातचीत में बताया कि असलहे की सफाई के दौरान हादसा हुआ है।उनके पास जो हथियार था, वो लाइसेंसी था। मकान के अंदर किसी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश नहीं हुआ है,इसकी भी जानकारी मिली है। पड़ताल के दौरान घर से एक डायरी भी मिली है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है, जांच के बाद ही चीजें सामने आ पाएंगी।

### बेटे की सर्राफा की दुकान खुलवाने की चल रही थी तैयारी

शाहबाद। नगर निवासी सुनील रस्तोगी के दो बच्चे है, जिनमें से एक बेटा पीयूष रस्तोगी शाहबाद में ही रहकर पिता के कारोबार में मदद करता है, सुनील रस्तोगी ने बेटे पीयूष को सर्राफा की दुकान खुलवाने की तैयारियां शुरू कर दी थी, वही उनकी बेटी कृषि रस्तोगी नोएडा में रहकर पढ़ाई कर रही है। जो कि छुट्टियां होने की वजह से एक दिन पहले ही अपने घर शाहबाद आई है।

### दंपति का शव जमीन पर पड़ा देख रह गए लोग हैरान

गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे शाहबाद में रहने वाले रस्तोगी परिवार के यहां पर जो हुआ उसको सब देखते रहे गए। गोली चलने की आवाज सुनकर जब लोग सुनील रस्तोगी के घर पर पहुंचे,तो दोनों के शवों को जमीन पर देखकर उनके होश उड़ गए थे। चारों ओर लोग ही लोग नजर आ रहे थे। लोग परेशान थे कि आखिरकार ऐसा क्या हुआ कि दोनों गोली से मर गए। सुनील रस्तोगी और पत्नी की मौत के बाद भाई बहन के सिर से माता पिता का साया उठ गया।


### दंपति का शव जमीन पर पड़ा देख रह गए लोग हैरान

गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे शाहबाद में रहने वाले रस्तोगी परिवार के यहां पर जो हुआ उसको सब देखते रहे गए। गोली चलने की आवाज सुनकर जब लोग सुनील रस्तोगी के घर पर पहुंचे,तो दोनों के शवों को जमीन पर देखकर उनके होश उड़ गए थे। चारों ओर लोग ही लोग नजर आ रहे थे। लोग परेशान थे कि आखिरकार ऐसा क्या हुआ कि दोनों गोली से मर गए। सुनील रस्तोगी और पत्नी की मौत के बाद भाई बहन के सिर से माता पिता का साया उठ गया।


## सार संक्षेप

### मासूम को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, जख्मी

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला मंगोली में गुरुवार सुबह सड़क पार कर रही 5 वर्षीय मासूम बच्ची को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।मिली जानकारी के अनुसार आंवला तहसील के रामनगर की रहने वाली 5 वर्षीय मानवी अपनी ननिहाल में शाहबाद आई हुई थी। गुरुवार सुबह ननिहाल मंगोली में खेलते वक्त मासूम सड़क पार कर दूसरी तरफ जाने लगी। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मासूम को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्ची सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग चीख–पुकार करते हुए दौड़ पड़े। परिजनों घायल मानवी को उपचार के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार दिया।



राहगीरों को पानी पिलाते डीएम। –जागरण मोर्चा

### डीएम एसपी ने यात्रियों को जल पिलाकर किया उद्घाटन

**रामपुर।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रोडवेज बस स्टैंड पर निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा यात्रियों को शीतल जल पिलाकर किया गया। शिविर के प्रथम दिवस पर जिलाधिकारी ने स्काउट एवं गाइड द्वारा किए जा रहे जनसेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड समाज सेवा और राष्ट्रहित के कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी स्काउट एवं गाइड सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज के लिए इसी प्रकार कार्य करते रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान यात्रियों और आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से किए जा रहे ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरों की सहायता और मानव सेवा की भावना समाज को मजबूत बनाने का कार्य करती है।जिला विद्यालय निरीक्षक अंजली अग्रवाल ने स्काउट एवं गाइड सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और समर्पण के साथ समाज सेवा का कार्य करते हैं। भीषण गर्मी में यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराना अत्यंत पुण्य और मानव सेवा का कार्य है। उन्होंने स्काउट एवं गाइड सदस्यों से अनुशासन एवं मर्यादा का पालन करते हुए सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का आह्वान किया।इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह, कपिल आर्य,रीता जायसवाल, लक्ष्मी यादव, योगेंद्र पाल सिंह, कुशल राणा, आनंद कुमार, जिला संगठन आयुक्त जीतू कुमार, संगठन आयुक्त नरवंत कौर,जमाल फात्मा, प्रेमपाल सिंह, भुजवीर सिंह, निदा खुशनूद, निखत परवीन, मनोज कुमार, संगीता कुमारी, रूपम कुमारी, आजीवन सदस्य अजीजुद्दीन अंसारी सहित समस्त स्काउट एवं गाइड सदस्य उपस्थित रहे।

### 'अफवाह फैलाने वालों पर रखी जायेगी पैनी नजर'

**रामपुर।** ईद–उल–अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने विकास भवन सभागार में मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों, मौलवियों एवं धर्मगुरुओं के साथ शान्ति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित धर्मगुरुओं एवं प्रबुद्धजनों से सुझाव एवं समस्याओं की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी पर्व आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं परम्परागत मर्यादाओं के अनुरूप मनाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई नई परम्परा लागू न की जाए तथा त्योहार को शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि खुले स्थानों पर किसी भी स्थिति में कुर्बानी न की जाए। कुर्बानी के बाद रक्त एवं अवशेषों के समुचित निस्तारण, साफ–सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि नालियों में रक्त प्रवाहित न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं तय की जाएं।उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर निकाय एवं जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया कि कुर्बानी के अवशेषों के निस्तारण हेतु गहरे गड्ढों की समुचित व्यवस्था तय की जाए। परिवहन के दौरान अवशेष पूर्ण रूप से ढके रहें। साथ ही उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से अपील की कि कुर्बानी से संबंधित फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न की जाए।पुलिस अधीक्षक ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाये रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी दशा में न की जाए। नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि नमाज मस्जिदों में ही अदा की जाए तथा सार्वजनिक स्थलों एवं सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए।



मीटिंग करने के लिए ई –रिक्शा से जाते डीएम और एसपी। –जागरण मोर्चा

# पीलाखार नदी किनारे लाशें दबी होने की सूचना पर दौड़ी पुलिस



मौके पर मौजूद अधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

मिलक। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमापुर में पीलाखार नदी किनारे दो लाशें दबी होने की सूचना पर गुरुवार को सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर खुदाई कराई तो इंसानी लाशों के बजाय पशुओं के गले-सड़े अवशेष दबे मिले। इसके बाद अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी देते हुए पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी मनीराम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की निशानदेही पर दो अलग-अलग स्थानों पर खुदाई कराई गई। काफी देर तक चली खुदाई में इंसानी अवशेषों के बजाय पशुओं की हड्डियां और गले-सड़े अवशेष मिले। शुरुआती जांच में पता चला कि ये अवशेष पीलाखार नदी में बहकर किनारे पर जमा हो गए थे और बाद में मिट्टी से दब गए।अवशेष मिलने के बाद मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीणों और संगठनों से जुड़े युवाओं ने पुलिस पर तरह-तरह के आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेज दिया है।

कोतवाली प्रभारी मनीराम सिंह ने बताया कि ये अवशेष किस पशु के हैं और इन्हें यहां किसने दबाया, इसकी पड़ताल की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।






हंगामा | सभासद पर कार्रवाई किए जाने को धरने पर बैठे कर्मचारी

# पालिका में कर अधिकारी से सभासद पति ने की हाथापाई, दिया धरना

जागरण मोर्चा, कार्यालय



नगर पालिका परिषद में धरने पर बैठे कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद के कर निर्धारण अधिकारी- सभासद पति जनगणना में लगी डयूटी कटवाने को लेकर पालिका में हाथापाई हो गई। कमरे में हुई हाथापाई की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पालिका के अधिकारी के साथ की गई अभद्रता होने पर कर्मचारी पालिका परिसर में धरना पर बैठ गए। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई होने को लेकर जोरदार नारेबाजी की।

वार्ड नंबर 11 के सभासद श्वेता शर्मा के पति अवधेश शर्मा जोकि गुरूवार को जनगणना में लगी डयूटी कटवाने को गए थे। जहां कर निर्धारण अधिकारी अनिकेत प्रताप सिंह ने नाम काटने को लेकर मना कर दिया। इस पर सभासदपति कक्ष में जोर से चीखने चिल्लाने लगे। इसका कर निर्धारण अधिकारी ने जब इसका विरोध किया तो उनसे कमरे में ही हाथापाई करनी शुरू कर दी। पालिका में शोर शराबा की आवाज सुनकर अपने-अपने दफ्तरों पर बैठे अधिकारी-कर्मचारी बाहर आ गए। सभासद पति पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने पालिका में जोरदार नारेबाजी भी की। काफी देर तक पालिका में कर्मचारियों का धरना जारी रहा। पालिका के अधिकारी से हाथापाई करने के मामले में कई कर्मचारी शहर कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने एफआईआर दर्ज कराए जाने को लेकर कोतवाल से वार्ता की। कर निर्धारण अधिकारी अनिकेत प्रताप सिंह ने बताया कि कोई समझौता नहीं हुआ है, सभासद पति पर एफआईआर दर्ज कराए जाने को लेकर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है एफआईआर दर्ज नहीं होने पर धरना जारी रहेगा।

# बमनपुरी स्टेडियम के कूड़े में लगी आग से उठ रहा धुआं, लोगों की आंखों में हो रही जलन

## आग लगने की सूचना पर दौड़े दमकल कर्मी, सांस लेना भी दुश्वार, शिकायत के बाद भी पालिका के अधिकारी कचरा निस्तारण पर नहीं दे रहे ध्यान



बमनपुरी स्टेडियम में कूड़े के ढेर को अलग करती जेसीबी। -जागरण मोर्चा



बमनपुरी स्टेडियम के ट्रंचिंग ग्राउंड में उठने वाले धुएं से काफी परेशानी हो रही है। जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। लेकिन इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। – बाबर खां



कूड़े में आग लगने से धुआं उठ रहा है जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। रात भर यह स्थिति रही। पालिका के अधिकारियों के बता चुके हैं। –फाजिल अंसारी



आसपास की आबादी इस कचरे से काफी परेशान हो चुकी है। लपटें बढ़ी तो कई इलाकों के लोग इसकी चपेट में आ जाएंगे। इससे पहले पालिका को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। –मुताहिर खां



कूड़े से उठते धुएं से लोग परेशान हो रहे हैं। धुआं सांस लेने में परेशानी पैदा कर रहा है। साथ ही लोगों की आंखों में जलन हो रही है। इससे जल्द निजात दिलाई जानी चाहिए।– मुशीब अली खान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बमनपुरी स्टेडियम के कूड़े आग लगने उठता धुआं आसपास के हजारों लोगों का दम घोंट रहा है। शिकायत के बाद भी अधिकारी कचरा निस्तारण पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। इससे न सिर्फ बदबू उठती रहती है बल्कि इसमें आग लगने से उठने वाले धुएं से आसपास के लोग परेशान हैं।

दरअसल कचरे के दबाव के चलते अंदर मीथेन गैस बनने लगती है, जिसमें गर्मी के चलते आग लग जाती है और बुझाने बाद आग फिर भड़क उठती है, जिससे धुआं निकलता रहता है। वहीं कई बार कबाड़ी कूड़ा बीनने के इरादे से घुसते हैं और कचरे में आग लगा देते हैं। ऐसे में धुआं उठता रहता है। गुरूवार को भी कूड़े में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पालिका के अधिकारी-दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने कूड़े में आग को बुझाया। लेकिन इसके बाद भी रात भर बिलासपुर गेट के आसपास क्षेत्रों में धुआं उठता है जिससे लोगों का सांस लेना दुश्वार हो गया। लोगों का कहना है कि धुएं के चलते सांस लेना मुश्किल हो रहा है। साथ ही इससे आंखों में जलन हो रही है। शिकायत के बाद भी पालिका के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**सांस के मरीजों के लिए बेहद खतरनाक**

एसीएमओ डॉ. दशरथ सिंह ने बताया कि कचरे से उठता धुआं काफी हानिकारक होता है। लगातार धुएं के संपर्क में रहने से आंखों पर बुरा असर पड़ता है। आंखों में जलन बनी रहती है। साथ ही सांस के लिए भी खतरनाक होता है। सबसे ज्यादा खतरा सांस रोगियों को रहता है। कचरे से उठता धुआं सांस रोगियों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

# सड़कों पर नहीं होगी ईद उल अजहा की नमाज

जागरण मोर्चा, कार्यालय



काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां।

**रामपुर।** काजी ए शहर, जिला सैयद खुशनूद मियां ने मुसलमानों से कहा है कि ईद उल अजहा की नमाज सड़कों पर नहीं होगी। ईदगाह में नमाज सुबह 7 बजे, जामा मस्जिद में सुबह 7:30 बजे होगी। इसके अलावा शहर के अन्य मस्जिदों के अंदर ही नमाज अदा होगी। सैयद खुशनूद मियां ने कहा कि इस ईद को जानवरों की कुर्बानी की जाती है जो हजरत इब्राहिम अलैहि अस्सलाम की सुन्नत है। कुर्बानी बकरा, बकरी व काले जानवर की ही करें। कोई भी प्रतिबंधित जानवर की कुर्बाना न करें। कुर्बानी के बाद साफ-सफाई का विशेष तौर से ध्यान रखें। साथ ही सड़क पर किसी तरह की गदंगी न करें। उन्होंने बताया कि जनपद में 28 मई को ईद उल अजहा का पर्व मनाया जाएगा।

# 'नारद का जीवन पत्रकारिता के लिए अनुकरणीय'

जागरण मोर्चा कार्यालय




बैठक को संबोधित करते वक्ता। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** विश्व संवाद केंद्र के तत्वाधान में नारद जयंती एवं हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर समकालीन पत्रकारिता-राष्ट्र सरोकार गोष्ठी का आयोजन अजीतपुर स्थित दी ग्रैंड रीजेंसी में किया गया।

मुख्य अतिथि विभाग प्रचार प्रमुख डॉ. पवन कुमार जैन नें हिंदी पत्रकारिता दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान भारत में लगभग 200 वर्ष पूर्व प्रथम हिंदी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड 30 मई 1826 को देवऋषि नारद की जयंती पर प्रथम बार कोलकाता में प्रकाशित किया। जिससे ये सिद्ध होता है कि प्राचीनकाल से ही नारद को सृष्टि का आदि पत्रकार माना जाता है।उनकी जयंती को पत्रकार दिवस मनाया जाता। नारद का जीवन पत्रकारिता के लिए अनुकरणीय है।

मुख्य वक्ता डॉ. विशेष गुप्ता बताया कि भारत मे प्राचीन काल से ही पत्रकारिता एवं एक समृद्ध संस्कृति के सभी आयाम प्रतिस्थापित थे। समाज में पत्रकारिता का उच्चतम स्थान है और ये स्थान पत्रकार जगत को उनकी मेहनत, लगन, कार्य के प्रति ईमानदारी से मिला है। पत्रकार जगत के इस महत्वपूर्ण योगदान के कारण ही आज मीडिया या पत्रकारिता को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रुप में जाना जाता है। नारद आदि संवादवाहक थे उन्होंने सदैव राक्षसी प्रवृत्तियों के विनाश का कार्य करने में सवांहक होने का दायित्व इमानदारी से निभाया। पत्रकारों को राष्ट्रवाद का शंखनाद करना चाहिए।

कार्यक्रम के संयोजक अंकुर कुमार एडवोकेट रहे संचालन विभाग सोशल मीडिया प्रमुख प्रशान्त मिश्रा ने किया अध्यक्षता जिला प्रचार प्रमुख गोपीचंद ने की इस अवसर पर जिले के प्रमुख सम्मानित प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, फ्रीलांसर पत्रकार, यूट्यूबर, विभाग कार्यवाह योगेंद्र चौहान, जिला संघचालक केशव गुप्ता, सह संघचालक राजेन्द्र कुमार, जिला प्रचारक प्रमोद कुमार, विश्व संवाद केंद्र के प्रतीक चौहान, महेंद्र कुमार, भीम सिंह, आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 31.40 करोड़ से होगा 22 सड़कों का निर्माण, ग्रामीण क्षेत्र को मिलेगी विकास की रफ्तार

- शहर विधायक ने शासन को भेजा प्रस्ताव, स्वीकृति मिलते ही शुरू होंगे कार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** नगर विधानसभा क्षेत्र में 31.40 करोड़ रूपये की लागत से 22 सड़कों का निर्माण होगा। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने शासन को प्रस्ताव भेज दिए हैं। जिन्हें मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण से न सिर्फ ग्रामीण संपर्क बेहतर होगा, बल्कि ग्रामीणों को आवागमन में भी सुविधा मिलेगी।

संपर्क मार्गों के जर्जर होने की वजह से ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। ऐसे में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने ग्रामीण कनेक्विटी को सुधारने के लिए लोक निर्माण के माध्यम से शासन को 22 सड़कों के प्रस्ताव भेजे हैं। विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि नगर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों और संपर्क मार्गों की स्थिति लंबे समय से खराब बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में हालात और अधिक खराब हो जाते हैं। इसे देखते हुए विभिन्न ग्रामीण मार्गों के निर्माण और चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि 22 सड़कों के निर्माण से न केवल गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, बल्कि किसानों, छात्रों और आम ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। बेहतर सड़कें बनने से ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा और विकास की रफ्तार तेज होगी। विधायक ने दावा किया कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दे रही है और सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि शासन स्तर से जल्द स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

### इन सड़कों के प्रस्ताव हैं शामिल

रामपुर। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने ग्राम रायपुर से मिलक इंछाराम वाया वजीरगंज, रामपुर बरेली हाइवे पर होटल यूपी 22 से रेलवे क्रॉसिंग होते हुए भंडपुरा, ग्राम मुड़ियाखेड़ा से ग्राम लालपुर पटटी कुंदन तक, ग्राम परतापुर से हरदासपुर तक, ग्राम बकैनिया से चिकटी रामनगर तक, ग्राम दबका से ग्राम अफजलपुर वाया चमरपुरा तक, ग्राम बहपुरा से ग्राम नानकार मझरा तक, राजमार्ग 24 से चमरौआ मार्ग से अफजलपुर पटटी मार्ग तक, ग्राम मडैयान रामी से ग्राम नसरतनगर तक, ग्राम खजुरिया से ग्राम पुरैना तक, ग्राम नारायणपुर से नसरतनगर तक, पटवाई शंकरपुर मार्ग से रहटगंज मार्ग तक, ग्राम लदौरा बकैनिया मार्ग से नारायणपुर जौलपुर मार्ग तक, ग्राम सुरजनपुर से ग्राम मिलक निब्बी सिंह सरकारी स्कूल तक, ग्राम महमूदपुर में वीर सिंह के घर से बीसरा तक, ग्राम भंडपुरा कानपुर से ग्राम मनकरा तक, ग्राम दीनपुर से ग्राम नानकार तक, ग्राम ककरौआ बाजार की पुलिया से ग्राम भंडपुरा तक, ग्राम घनश्यामपुर से ग्राम खिरका तक ग्राम बीसरी से ग्राम सिकरौल तक, ग्राम रतनपुरा शमशानघाट से वाटिका होटल रामपुर शाहबाद मार्ग तक, ग्राम सईदगंज हनुमान मंदिर से ग्राम हरदासपुर तक सड़क निर्माण के प्रस्ताव भेजे हैं।

### महिलाओं से मारपीट और अभद्रता करने पर केस दर्ज

**शाहबाद।** जमीनी विवाद में महिलाओं से मारपीट और अभद्रता करने वाले चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।थाना क्षेत्र अंतर्गत पस्तौर गांव में जमीन के पुराने विवाद को लेकर एक परिवार की महिलाओं पर जानलेवा हमला और अभद्रता का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता शबनम बी की तहरीर के अनुसार, उनके परिवार का करीब 32 बीघा जमीन पर पिछले 30 वर्षों से कब्जा है, जिसका मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। आरोप है कि बीते 17 मई को विपक्षी इकरार खां, नबाबुद्दीन, अफजल खां और अख्तर ने जबरन खेत जोतना शुरू कर दिया। जब शबनम बी, उनकी ननद मंतशा और सास ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट की।

# मानदेय न मिलने पर एनएचएम कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार



धरना देते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश में एनएचएम कर्मचारियों के दो महीने से रुके मानदेय को लेकर पिछले कुछ दिनों से काला फीता बांधकर चल रही हड़ताल ने गुरुवार को कार्य बहिष्कार का रूप ले लिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य टांडा पर सभी एनएचएम कर्मचारियों ने सुबह से ही दरी बिछाकर शांतिपूर्वक कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। जिससे मरीजो को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। काफी दूर-दूर से मरीज आए और उनको निराश होकर वापस लौटना पड़ा। जितेंद्र पाराशर ने बताया कि 2 महीने से मानदेय न मिलने की वजह से कर्मचारियों के बच्चों के एडमिशन नहीं हो पा रहे,कमरों का किराया नहीं दिया जा रहा और जिन्होंने लोन पर मकान बनाए हैं उनकी किस्तें टूट गई हैं, साथ ही किराना और दूध वालों ने उधार देना बंद कर दिया है। जिससे आक्रोशित होकर कर्मचारियों ने दाम नहीं तो काम नहीं की तर्ज पर गुरुवार से जब तक सैलरी खातों में नहीं आती तब तक के लिए कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। जिससे आने वाले दिनों में भी मरीजो को कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।कार्य बहिष्कार में डा. मयंक प्रताप सिंह, डॉ रिफत, नासिर अली, रेनू शर्मा, करिश्मा, निशा कोहली, सदिया तथा जनन गौतम सहित समस्त एनएचएम कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

हड़ताल | कहीं नहीं दिखा बंद का असर, मरीजों को निर्बाध मिलती रहीं दवाएं

# दवा विक्रेताओं की हड़ताल फ्लॉप, जनपद में खुले रहे मेडिकल स्टोर

जागरण मोर्चा, कार्यालय




राजद्वारा में खुले मेडिकल स्टोर से दवा लेते लोग।




राजद्वारा में खुला हुआ मेडिकल स्टोर। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी दवा विक्रेता हड़ताल पूरी तरह बेअसर साबित हुई। जिलेभर में रिटेल एवं होलसेल मेडिकल स्टोर, फार्मेसी और दवा प्रतिष्ठान खुले रहे। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कहीं भी बंद का असर दिखाई नहीं दिया। मरीजों और तीमारदारों को बिना किसी बाधा के दवाएं उपलब्ध होती रहीं।

रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन (रजि.) ने पहले ही बंदी से स्वयं को अलग कर लिया था। संगठनों ने जनहित और मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी दवा विक्रेताओं से दुकानें खुली रखने की अपील की थी, जिसका व्यापक असर देखने को मिला। जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि दवा व्यवसाय सीधे जनस्वास्थ्य से जुड़ा विषय है। ऐसे में किसी भी प्रकार की बंदी से सबसे अधिक परेशानी मरीजों को होती है। उन्होंने कहा कि जिले में दवाओं की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य रही और कहीं भी अवरोध उत्पन्न नहीं होने दिया गया। मिलक, स्वार, टांडा, शाहबाद, बिलासपुर, दढ़ियाल, भोट, पटवाई, केमरी, सैफनी, सैदनगर, नरपतनगर, धमोरा और ग्रामीण अंचलों समेत पूरे जनपद में मेडिकल स्टोर नियमित रूप से संचालित हुए। महामंत्री नूर मोहम्मद खां ने एक मोबाइल नंबर भी जारी किया था कि अगर किसी को दवा की परेशानी हो तो वो इस नंबर पर कॉल कर सकता है। जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि कुछ संगठनों द्वारा बंदी का माहौल बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन दवा विक्रेताओं ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए उसका समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा ही दवा व्यापारियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

## सार संक्षेप



### अमोलदीप सिंह भाकियू के तहसील अध्यक्ष नामित

**टांडा।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह ने तहसील टांडा क्षेत्र के गांव सूरजपुर निवासी अमोलदीप सिंह को भाकियू का टांडा तहसील अध्यक्ष नामित किया है। जिलाध्यक्ष ने अमोलदीप सिंह की ईमानदारी, मेहनत और संघर्ष को देखते हुए उन्हें तहसील टांडा का भाकियू अध्यक्ष नियुक्त किया है। आशा जताई है कि पद की गरिमा बनाये रखते हुए संगठन को आगे बढ़ाने और मजबूत करने का कार्य करेंगे। संगठन के आंदोलन और कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह,होरीलाल, जिला सचिव साबिर अली, मजहर अली लाला, फरीद खां,जावेद, प्यारे सिंह ,गुरचरण सिंह, अनंतराम, वारिस अली, नाजिम सिद्दीकी, युवा जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह, आदि मौजूद रहे।



अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते किसान। -जागरण मोर्चा

### बिजली समस्या को भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**टांडा।** तहसील टांडा के ग्राम मंडवा हसनपुर में आंधी बारिश के कारण ट्रांसफॉर्मर फुंक गया था तथा कई जगह विद्युत पोल गिर गए थे,जो विभागीय लापरवाही के कारण अभी तक इसी हालत में हैं। जिन्हें दुरुस्त नहीं किया गया है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष के निर्देश पर भाकियू के एक प्रतिनिधिमंडल ने अधीक्षण अभियंता (विद्युत) को ज्ञापन देकर बिजली संबंधी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील टांडा के ग्राम मंडवा हसनपुर में आंधी और बारिश के कारण ट्रांसफॉर्मर फ्यूज हो गया था इसके अलावा कई जगह खंभे गिर गए थे। जिसको दुरुस्त नहीं कराया गया है। भाकियू पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता को बताया कि क्षेत्र शहपुरा फीडर से सम्बद्ध है। इस फीडर से पिछले एक सप्ताह से बिजली सुचारू नहीं हो सकी है। जिसकी वजह से बिजली सप्लाई नहीं हो रही है। जिससे किसानो सहित क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त दुर्गनगला विद्युत उपकेंद्र पर टीजी-2 आदिल करीब 15 वर्षों से लगातार यहीं तैनात है,आरोप लगाया कि वह पैसे लेकर बिजली चोरी कराने का काम करते हैं,तथा किसानों के साथ अभद्र व्यवहार भी करते हैं। जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है। इस अवसर पर जिला महासचिव होरीलाल,जिला संयोजक गुरचरण सिंह,नईम प्रधान,टांडा नगर युवा अध्यक्ष फरीद खां आदि मौजूद रहे।




प्रदर्शन करते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

### एनएचएम संविदा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**मिलक।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने 3 माह से लंबित मानदेय के विरोध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक के प्रांगण में धरना-प्रदर्शन किया। प्रान्तीय ब्लॉक अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में 30-40 संविदा कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक परिसर में बैठकर विरोध जताया। इस दौरान कर्मचारियों ने 'दाम नहीं तो काम नहीं' के नारे लगाते हुए अपना रोष व्यक्त किया।कर्मचारियों का आरोप है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से संबद्ध संविदा कर्मियों का विगत तीन माह से मानदेय लंबित है। जिसके कारण आर्थिक तंगी से जूझ रहे कर्मचारियों के सामने घर चलाना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।ब्लॉक अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि बार-बार अवगत कराने के बाद भी विभाग द्वारा मानदेय जारी नहीं किया जा रहा। मजबूरन कर्मचारियों को प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा है।



मिलक में कथा सुनाते वाचक। -जागरण मोर्चा

### नन्दोत्सव की कथा में खूब हुई आनंद की वर्षा

**मिलक।** हो रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर नन्दोत्सव का आयोजन किया गया। जैसे ही कथा व्यास श्रीमद भागवताचार्य सारंग कृष्ण ब्रजवासी ने भगवान श्री कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया,तो पूरा कथा पंडाल नन्द के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर नृत्य करने लगे। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कथा व्यास ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का अवतार केवल कंस के अत्याचारों के अंत के लिए ही नहीं, बल्कि मानव जीवन को प्रेम, भक्ति और सत्य का संदेश देने के लिए हुआ था। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। नन्दोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने फूलों एवं गुलाल से भगवान का स्वागत किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए तथा भक्तों में माखन-मिश्री एवं प्रसाद का वितरण किया। कथा स्थल को आकर्षक झांकियों एवं रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया था, जिसने सभी का मन मोह लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही तथा सभी ने भक्ति भाव से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। रामचंद्र अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, सुरेन्द्र शर्मा व भुवनेश भार्गव आदि उपस्थित रहे।

# सड़क-पुलिया बनवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

जागरण मोर्चा, कार्यालय




पुलिया बनवाने को लेकर प्रदर्शन करते लोग। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** सैदनगर ब्लॉक क्षेत्र के गांव सरावा का मझरा व सिंगनी के ग्रामीणों ने गुरुवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने सिंगनी मार्ग सरावा का मझरा की सड़क और पुलिया निर्माण की मांग की।

समाजसेवी अफजाल हुसैन ने बताया कि यह मार्ग सींगनी नवी गंज, फैजगंज, मंगुपुरा आदि ग्रामों को जोड़ता है। यह सम्पर्क मार्ग 25 वर्ष पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी द्वारा खड़ंजा के रूप में डलवाया गया था जो अब गड्ढों में तब्दील हो गया है। जिससे कई ग्रामों की आम जनता व स्कूली छात्र-छात्राओं को स्कूल आने व जाने में बाधा उत्पन्न होती है। पीडब्लूडी को इससे पूर्व कई बार अवगत कराया जा चुका है जिससे पीडब्लूडी ने शासन को लिखकर भेज दिया मगर अभी तक रोड व पुलिया तैयार नहीं हो सकी है। जिससे आने वाले वर्षा के मौसम में ग्रामीणों की आवागमन में दिक्कत बढ़ने वाली है। ग्रामीणों ने बारिश से पहले रोड व पुलिया का निर्माण कराने की मांग की है। इस मौके पर आलम, जगदीश, रघुवीर, गौरव पाल, अनिकेत, तारा चन्द, बलवीर सिंह, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# लक्ष्य से 139 % अधिक मिला काम, 39.96 लाख मानव दिवस का हुआ सृजन

## जिले में मनरेगा का डंका

- 0 96 हजार परिवारों को मिला रोजगार, 2823 परिवारों ने पूरे किए 100 दिन के काम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। ग्राम्य विकास विभाग के तहत मार्च 2026 तक जनपद में रोजगार सृजन का आंकड़ा अपने निर्धारित लक्ष्य को मीलों पीछे छोड़ गया है। वित्तीय वर्ष के लिए तय 28.60 लाख मानव दिवस के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष मार्च 2026 तक 39.96 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया, जो लक्ष्य का शानदार 139.72 प्रतिशत है। इस अवधि में कुल 0.96 लाख (96 हजार) ग्रामीण परिवारों को रोजगार से जोड़ा गया, जिससे समावेशी विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बड़ी ताकत मिली है।योजना के तहत समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने पर खास जोर दिया गया है। कुल सृजित रोजगार में महिलाओं की भागीदारी 27.93 प्रतिशत रही है। मार्च 2026 तक महिलाओं के लिए 11.16 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया। वहीं, अनुसूचित जाति वर्ग की हिस्सेदारी 19.22 प्रतिशत दर्ज की गई, जिसके तहत 7.68 लाख मानव दिवस सृजित हुए। हालांकि, इन आंकड़ों में अनुसूचित जनजाति के खाते में कोई कार्य दिवस दर्ज नहीं हुआ है।

**प्रति परिवार औसतन 41 दिन का काम**

मनरेगा का मूल उद्देश्य प्रत्येक इच्छुक वयस्क सदस्य वाले ग्रामीण परिवार को वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी देना है। ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, जिले में रोजगार पाने वाले 0.96 लाख परिवारों को औसतन 41.63 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इस दौरान रोजगार की निरंतरता चाहने वाले 2823 परिवार ऐसे रहे जिन्होंने अपने 100 दिवस का रोजगार सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जो आजीविका सुरक्षा के लिहाज से एक बेहद सकारात्मक संकेत है।

### 130 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च




रोजगार के इन रिकॉर्ड आंकड़ों के साथ-साथ वित्तीय प्रगति भी उल्लेखनीय रही है। मार्च 2026 तक इस योजना के तहत 130 .51 करोड़ रुपये की धनराशि ग्रामीण विकास और मजदूरी पर खर्च की जा चुकी है। वर्तमान समय में मनरेगा के तहत श्रमिकों को 252 .00 रुपये की दैनिक अकुशल मजदूरी दी जा रही है। गौरतलब है कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 165 .49 करोड़ रुपये के श्रम बजट की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसके सापेक्ष जिले का यह प्रदर्शन रोजगार सृजन की बेहतरीन तस्वीर पेश करता है।

# नान जेड ए 16 बीघा प्लाटिंग पर चली आरडीए की जेसीबी

## पूर्व में विभाग की ओर से जारी किए गए थे नोटिस, जवाब नहीं देने पर हुई कार्रवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय



बिलासपुर गेट स्थित प्लाटिंग पर चलती आरडीए की जेसीबी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** रामपुर विकास प्राधिकरण की टीम ने नैनीताल हाइवे बिलासपुर गेट स्थित 16 बीघा जमीन पर अनाधिकृत रूप से हो रही प्लाटिंग पर जेसीबी ने ध्वस्त किया। मौके पर टीम ने पहुंचकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। पूर्व में विभाग की ओर से नान जेड जमीन पर प्लाटिंग की जा रही थी। इस मामले विभाग की ओर से नोटिस जारी किए थे। जिसका जवाब नहीं देने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई।

गुरूवार को सहायक अभियंता रवि शंकर गुप्ता के नेतृत्व में दलबल के साथ टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मौके पर देखा तो नैनीताल हाईवे बिलासपुर गेट स्थित 16 बीघा जमीन पर अनाधिकृत रूप प्लाटिंग की जा रही थी। आरडीए की टीम ने नानजेड ए प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। विभाग की इस कार्रवाई से अन्य भूखंड स्वामियों में खलबली मची रही। ध्वस्तीकरण कार्यवाही के दौरान थाना गंज पुलिस और विभाग के चपरासी और मेट शामिल रहे।

### आईजीआरएस पर शिकायत के बाद भी हुई कार्रवाई

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला मीडिया प्रभारी अब्दुल रज्जाक खां ने नैनीताल हाईवे बिलासपुर गेट 16 बीघा गाटा संख्या 104, 105, 106, में बिना धारा 80 बिना रामपुर विकास प्राधिकरण से ले आउट पास कराए बगैर अवैध प्लाटिंग की जा रही। नान जेड ए प्लाटिंग की शिकायत विभाग के अधिकारियों से की। जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। शिकायत न होने पर संगठन ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की गई। उसी के तहत गुरुवार को ध्वस्तीकरण कार्रवाई हुई।

# हीट वेव से बचाव के लिए सावधानियां अपनाएं:डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय मौसम विभाग द्वारा उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में हीट वेव (लू) एवं अत्यधिक तापमान को लेकर चेतावनी जारी किए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपदवासियों से सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जिससे हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन एवं अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में सभी नागरिक आवश्यक सावधानियां अपनाकर स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखें। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, भले ही प्यास महसूस न हो। ओआरएस, नींबू पानी, लस्सी एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें। दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्र पहनें तथा धूप से बचाव के लिए टोपी, छाता एवं पानी की बोतल साथ रखें।

### बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का रखें विशेष ध्यान

उन्होंने कहा कि बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखा जाए। घर एवं कार्यस्थल को हवादार रखें तथा पशुओं के लिए भी छाया एवं पानी की समुचित व्यवस्था जिलाधिकारी ने बताया कि अत्यधिक कमजोरी, चक्कर आना, तेज बुखार, उल्टी, बेहोशी, भ्रम की स्थिति, पसीना बंद होना अथवा शरीर का तापमान असामान्य रूप से बढ़ना लू के गंभीर लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर व्यक्ति को तत्काल छायादार स्थान पर ले जाएं, यदि वह होश में हो तो ठंडा पानी दें तथा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से तुरंत संपर्क करें।

## सार संक्षेप



खून से लिखा पत्र दिखाते कबड्डी खिलाड़ी। -जागरण मोर्चा

### सड़क के लिए मुख्यमंत्री को लिखा खून से पत्र

**रामपुर।** राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने रक्त से पत्र लिखा है। सुनील ने रक्त पत्र में लिखा है। जिले के ब्लॉक चमरौआ अंतर्गत ग्राम रायपुर से वजीरनगर होते हुए पंजाब नगर तक जाने वाला लगभग 3 किमी मार्ग 15 साल से जर्जर अवस्था में है। इस मार्ग से ही शिव मंदिर पंजाब नगर जाने वाले शिव भक्तों का भी आवागमन बाधित है। पूर्व में जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है सुनील ने बताया कि इस सड़क निर्माण के लिए ग्रामवासियों द्वारा कई बार धरने प्रदर्शन किए है,लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। यह मार्ग रायपुर, रायपुर का मझरा, अहमद नगर थैगा, वजीरनगर, बिजईया, चिकटीरामनगर, टिकटगंज, नवीगंज गांव को भी जोड़ने का काम करता है। इस रास्ते पर पुलिया खराब होने के कारण शादी मंडेयान गांव का पानी भी फसलों को खराब करता है। यदि सड़क और पुलिया का निर्माण हो जाएं तब पानी कि समस्या से भी राहत मिलेगी। सुनील नें बताया पूर्व में जब जनसुनवाई पोर्टल और जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिए गए तब बहुत से विभागों नें संज्ञान लेने का प्रयास तो किया परन्तु वह यह जानकारी नहीं जुटा पाएं कि वर्षो पहले सड़क निर्माण किस विभाग द्वारा किया है।

### शिविर में चिकित्सा के बारे में दी जानकारी

**मिलक।** श्री गुरु अमरदास शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कॉलेज, सहसवान में आज से 25 मई तक पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में विद्यालय की 51 गाइड छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या भारती पांडेय एवं प्रबंधक देवेंद्र सिंह,जिला गाइड कैप्टन नरवंत कौर ने ध्वजारोहण एवं प्रार्थना के साथ किया। प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा, स्काउट-गाइड प्रशिक्षण छात्राओं में अनुशासन, सेवाभाव और आत्मनिर्भरता का विकास करता है। तृतीय सोपान, राज्य पुरस्कार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पांच दिन का प्रशिक्षण शिविर के दौरान छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रथम दिवस छात्राओं को टेंट लगाना, गांठ बांधना, प्राथमिक चिकित्सा की विस्तार से जानकारी दी गई इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यालय छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गाइड कैप्टन जूही खान एवं अंशिका चौहान , मीनाक्षी पांडेय ,स्नेहा सक्सेना ,ओजस्वी शर्मा ,चांदनी गंगवार व समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### 28 डम्परों पर कार्रवाई, जुर्माना

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रात: लगभग 6 बजे अजीतपुर ओवरब्रिज के पास जनपद स्तरीय गठित टास्क फोर्स द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में खनन अधिकारी अमित रंजन, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव, यात्री कर अधिकारी होरी लाल वर्मा एवं थाना सिविल लाइन पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। चेकिंग के दौरान 03 वाहनों को ओवरलोड पाया गया। इसके अतिरिक्त 25 डम्परों में एचएसआरपी नम्बर प्लेट न लगी होना, प्रेशर हॉर्न लगे होना, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप का अभाव तथा चालकों द्वारा सीट बेल्ट का प्रयोग न करना जैसी कमियां पाई गईं।नियमों के उल्लंघन पर संबंधित वाहनों को अजीतपुर पुलिस चौकी, थाना सिविल लाइन में बंद कराया।साथ ही 1 वाहन पर ऑनलाइन चालान जारी करते हुए मौके पर 58,300 रुपये जमा कराए गए।संयुक्त कार्रवाई के दौरान खनिज विभाग एवं परिवहन विभाग को लगभग 8 .58 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क प्राप्त होगा।प्रशासन ने वाहन स्वामियों एवं चालकों से अपील की है कि वाहनों में रेता, बजरी अथवा अन्य सामग्री निर्धारित क्षमता से अधिक न भरें तथा डम्परों का संचालन निर्धारित गति सीमा के अंतर्गत करें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने तथा अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध जनपद में निरंतर अभियान जारी रहेगा।

### राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**मिलक।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र पाल सिंह यदुवंशी ने कहा कि राजीव गांधी की पहचान एक सशक्त विश्व पदनामधारी व्यक्ति के रूप में देश के लिए त्याग और समर्पण की थी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने हर कठिन दौर में लोकतंत्र, संविधान और देश की एकता के लिए काम किया था। उनकी पहचान शांति, एकता और मजबूती के प्रतीक के रूप में है। यदुवंशी ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी कुर्बानी देने वाले स्व0 राजीव गांधी को अपने जीवन, पालन और सही सच्ची श्रद्धांजलि देना ही उनका सम्मान है।इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह गंगवार, वेदराम यादव, अंजाम सुल्तान, नौशाद सकलैनी, जगदीश अवस्थी, नजीब खां, दलीप खां आदि मौजूद रहे।

# महंगाई रोकने में केंद्र सरकार नाकाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



पंचायत को संबोधित करते किसान नेता। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता की पंचायत ग्राम सकरा में संपन्न हुई। पंचायत में किसानों का कर्ज माफ करें जाने, डीजल पेट्रोल की बढ़ी कीमतों को कम किए जाने, यूरिया, खाद, नकली कीटनाशक दवाइयां पर रोग लगाए को लेकर चर्चा हुई।

किसानों को संबोधित करते हुए प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि संगठन लगातार किसान और मजदूरों के मुद्दे पर काम कर रहा है।संगठन हमेशा जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई है। संगठन के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रिशिपाल अंबावता ने हमेशा अपने पास अपने घर से खर्च करने के बाद किसानों की लड़ाई लड़ी है।संयुक्त किसान मोर्चा के अहम सदस्य भी हैं। इन सभी समस्याओं को शीघ्र महापंचायत में रखा जाएगा। केंद्र सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह से नाकाम और फेल साबित हो रही है। किसानों, मजदूरों के कर्ज माफ करने ही होंगे। बड़े आंदोलन की तैयारी के लिए पदाधिकारी गांव-गांव कस्बे कस्बे जाकर किसान मजदूर को संगठन से जोड़ें। जो पदाधिकारी अच्छा काम करेगा। उसे संगठन सम्मानित करेगा।निष्क्रिय पदाधिकारी को निष्कासित किया जाएगा। अनुशासनहीनता किसी भी कीमत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पंचायत की अध्यक्षता जाकिर अली वारसी ने की। संचालक श्याम मोहन पांडे ने किया। वक्ताओं में मेहदी हसन, फरजाना, सूरजपाल, नन्हे राम, मुराद खान, हड़ताल सिंह यादव, अली अहमद, शहादत अली, हाजी शराफत, मोहम्मद अली, फैजान डॉक्टर, शाहिद अली आदि शामिल रहे।

### कुर्बानी के जानवरों को लाने में न हो कोई रोकटोक

**रामपुर।** जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी ने गुरुवार को जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक ने पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा है कि 28 मई को जनपद में बकरीद का पर्व मनाया जाएगा। इस पर मुस्लिम समुदाय के लोग कुर्बानी करते है यह सिलसिला लगातार तीन दिन तक जारी रहता है। 28,29 और 30 मई तक कुर्बानी की जाएगी। रामपुर में यह परम्परा रही है कि लोग अपने-अपने घरों में कुर्बानी करते आए है इस साल भी लोग घरों में कुर्बानी करेंगे। इस परम्परागत से सम्पन्न कराए जाने के लिए विशेष इंतजाम किए जाए। जिसमें काले जानवरों को लाने-ले जाने के लिए साप्ताहिक बाजार और अन्य जनपदों से कोई रोक टोक न की जाए। कुर्बानी के जानवरों को कोई भी व्यक्ति व्यक्तिगत लाता है तो उसे रोका-टोका न जाए। विशेष साफ-सफाई का ध्यान नगर पालिका द्वारा कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष सैयद शुऐब मियां, मुकर्रम रजा खां इनायती, आसिफ खां, शकील उस्मानी, काशिफ खां एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### स्वार टांडा में ग्रामीण बस सेवा का शुभारंभ



बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा देने के लिए शुरू की गई ग्रामीण बस सेवा का शुभारंभ स्वार विधानसभा में किया गया। विधायक शफीक अहमद अंसारी ने अपना दल एस कैंप कार्यालय, स्वार टांडा 3 बसों को हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। इस अवसर पर विधायक जी ने कहा, योगी सरकार की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों, छात्रों और महिलाओं को सस्ती व सुरक्षित यात्रा की सुविधा मिलेगी। अब गांव से शहर आना-जाना आसान होगा। ये डबल इंजन सरकार की गांव-गरीब तक विकास पहुंचाने की सोच का नतीजा है।नई बस सेवा स्वार से रामपुर, बिलासपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ेगी। स्थानीय लोगों ने सरकार और विधायक का आभार जताया।कार्यक्रम में अपना दल एस के जिला व विधानसभा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। महेंद्र सैनी जय दीप सिंह सोनू देवेंद्र दिवाकर जय वर्धन मौर्य पवन शर्मा हामिद अल्वी नाहिद खां इस्लाम मेंबर हामिद खान पंकज सैनी दीपक नागर रईस भाई परवेज खां हरजीत सिंह गोराया अर्शदीप सिंह खेड़ा , कार्यालय प्रभारी इदरीश पठान लक्की शर्मा आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान में जनसहभागिता का आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने विकास भवन सभागार में विभिन्न धर्मगुरूओं एवं प्रबुद्धजनों से कहा कि भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक विरासत एवं बौद्धिक विकास के महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राचीन पाण्डुलिपियां, ताड़पत्र, हस्तलिखित ग्रंथ एवं दुर्लभ अभिलेख हमारी अमूल्य धरोहर हैं। इनका संरक्षण एवं संवर्धन अत्यंत आवश्यक है, ताकि इन्हें सुरक्षित रूप से आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके। हमारी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान अक्षुण्ण बनी रहे। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारतम् मिशन प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। प्राचीन पाण्डुलिपियों, ताड़पत्रों एवं दुर्लभ ग्रंथों की पहचान, सूचीकरण, डिजिटलीकरण तथा संरक्षण सुनिश्चित करना है। साथ ही इनकी सुरक्षित संरक्षा, अभिलेखीकरण एवं आवश्यकतानुसार डिजिटलीकरण की कार्यवाही भी की जाएगी, जिससे यह धरोहर लंबे समय तक सुरक्षित रह सके।जनपद के धर्मगुरूओं और प्रबुद्धजनों से अपेक्षा करते हुए कहा कि यदि उनके पास अथवा उनके संज्ञान में कोई प्राचीन पाण्डुलिपि, ताड़पत्र, हस्तलिखित ग्रंथ या अन्य दुर्लभ दस्तावेज उपलब्ध हों, तो वे उनके संरक्षण एवं अभिलेखीकरण हेतु कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी से स्थापित कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का माध्यम है, बल्कि यह नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने तथा ज्ञान की प्राचीन परंपरा को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है।

महोत्सव | जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंज उठा नगर, प्रभात फेरी में उमड़ रही भक्तों की भीड़

# हर गली में गूंज उठा गोवर्धननाथ का जयकारा

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रभात फेरी में भजन गाते भक्त। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** अधिक मास के पावन अवसर पर आयोजित हो रही श्रीनाथ रसकथा महोत्सव की निमंत्रण मधुर यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। गुरुवार प्रातः निकली प्रभात फेरी में जय जगन्नाथ और श्रीनाथ के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

शनि मंदिर थाना हाजियानी से प्रारम्भ हुई यह निमंत्रण यात्रा विभिन्न गलियों और मोहल्लों से होती हुई फराश खाने मंदिर पर विश्राम हुई। यात्रा के दौरान भक्तजन भक्ति रस में झूमते नजर आए। कहीं पुष्प वर्षा की गई तो कहीं श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर प्रभात फेरी का स्वागत किया।गौ सेवा परिवार द्वारा आयोजित इस प्रभात फेरी का उद्देश्य आगामी 18 से 21 जुलाई तक होने वाले श्रीनाथ जी रस कथा महोत्सव का घर-घर जाकर निमंत्रण देना है। यात्रा में प्रतिदिन नए लोग जुड़ रहे हैं, जिससे भक्तों का काफिला लगातार बढ़ता जा रहा है। महिलाएं, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में प्रभात फेरी में सम्मिलित होकर भक्ति का आनंद ले रहे हैं।आयोजकों ने बताया कि अधिक मास के पूरे महीने यह प्रभात फेरी प्रतिदिन नगर की विभिन्न गलियों में निकाली जाएगी, जिससे हर घर तक श्रीनाथ जी के नाम का रस और कथा का निमंत्रण पहुंच सके। भक्तों का उत्साह और भक्ति देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो पूरा नगर श्रीनाथमय होता जा रहा हो।प्रभात फेरी में पंकज अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, योगेश गुप्ता, चेतन अरोरा, वरुण जोशी, मुदित अग्रवाल, अंकुर, शुभम सक्सेना, शुभम राठौर, अंकित आदि लोग मौजूद रहे।

### एक नजर

**करंट लगने से 75 वर्षीय राम सिंह की दर्दनाक मौत**

बछरायूं। बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव हयातपुर में खाद गुर्जर बिजली घर से बिजली आपूर्ति की जाती है। गांव निवासी नितिन कुमार का कहना है कि उनके ताऊ राम सिंह (75) अविवाहित थे। उनका गांव में सरकारी स्कूल के निकट खेत है। जिसमें निजी नलकूप लगा है। बृहस्पतिवार सुबह करीब 7 बजे वह नलकूप से सिंचाई करने के लिए तार लगा रहे थे। अचानक उसमें करंट आ गया। जिससे वह झुलस गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इसके बावजूद उनको उपचार के लिए नगर के निजी अस्पताल में लाया गया यहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद बछरायूं थाना पुलिस को सूचना दी। शव को सीएचसी में लाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए पंचनामा भरा। सीएचसी के मेडिकल अफसर डॉ. अजीत सिंह ने पुष्टि करते हुए कहा कि करंट लगने से किसान की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस कार्रवाई के लिए बछरायूं पुलिस को सूचित कर दिया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

## पैर में गोली लगने से हुआ घायल, अवैध तमंचा और बिना नंबर की बाइक बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय


सीएचसी में भर्ती मुठभेड़ में घायल हुआ आरोपी। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। जनपद सम्भल में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चन्दौसी पुलिस को बुधवार देर रात बड़ी सफलता मिली। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस और एक शातिर बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की है।

कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर अपनी टीम के साथ बुधवार की रात आटा माल के सामने मार्ग पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक काले रंग की मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किए जाने पर युवक ने बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया और खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह मौके पर गिर पड़ा। पुलिस ने घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान नसीम पुत्र जमील अहमद निवासी गोलागंज, चन्दौसी, जनपद सम्भल के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी दुष्कर्म मामले में काफी समय से वांछित चल रहा था। मौके से पुलिस ने एक अवैध 315 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा बिना नंबर प्लेट की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की। सूचना के बाद मौके पर एडीशनल एसपी मनोज कुमार व सीओ दीपक तिवारी भी पहुंच गए। घायल आरोपी को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस रिकार्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2019 में उसके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस अब उसके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। सीओ दीपक कुमार तिवारी ने बताया कि सम्भल पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म जैसे गंभीर मामलों में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी पुलिस की बड़ी सफलता है। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है तथा अपराधियों में भय का माहौल बना है।

# पंखे का तार लगाते समय युवक की करंट की चपेट में आने से मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय


गुमथल गांव में अरविंद की मौत के बाद विलाप करते परिजन। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल में बुधवार की 7.30 बजे पंखे का तार लगाते समय करंट की चपेट में आने से 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच परिजनों से जानकारी की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना है।


अरविंद फाइल फोटो।

गांव गुमथल में अरविंद कुमार दिवाकर 27 वर्ष पुत्र जय नारायन दिवाकर अपने परिवार के साथ रहता है। वह बुधवार की शाम को छत पर परिवार के साथ भोजन कर रहा था। तभी वह भोजन छोड़कर अपनी पत्नी ममता से कह कर नीचे पंखे का तार लगाने आए थे। काफी देर तक अरविंद छत पर नहीं आया तो पत्नी नीचे गई और देखा अरविंद अचेत अवस्था में नीचे पड़ा था और बिजली के तार हाथ में थे। किसी तरह डंडे की मदद से बिजली के तारों को हटाया। शोर-शराबा होने पर अन्य लोग भी आ गए। परिजन गांव वालों की मदद से अरविंद को बाइक से चन्दौसी के निजी हास्पिटल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन अन्य निजी हास्पिटल लेकर पहुंचे, जहां भी चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन अरविंद के शव को घर ले आए। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी ममता विलाप करने लगी। मृतक के पांच पुत्री है। अरविंद दो भाइयों में बड़ा था, छोटे भाई का नाम अंकुश है। अरविंद मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता था। गुरुवार की सुबह घटना की सूचना पर थाना बनियाठेर पुलिस भी पहुंच गई और परिजनों से जानकारी की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# भीषण गर्मी में बिजली संकट गहराया कटौती और लो वोल्टेज से जनता त्रस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। भीषण गर्मी के बीच शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या ने लोगों का जीवन बेहाल कर दिया है। तापमान बढ़ने के साथ बिजली की आंखमिचौली ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है।

हालात यह हैं कि दिन हो या रात, किसी भी समय बिजली सप्लाई बाधित हो रही है, जिससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि विभाग की ओर से बिजली कटौती का कोई निश्चित शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। अचानक घंटों तक बिजली गुल रहने से लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है। उमस भरी गर्मी में पंखे और कूलर बंद हो जाने से घरों में रहना मुश्किल हो रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है। रात में बिजली कटने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही। बिजली कटौती के साथ-साथ लो वोल्टेज की समस्या ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कई मोहल्लों में इतनी कम वोल्टेज मिल रही है कि पंखे धीमे चल रहे हैं और कूलर तथा पानी की मोटर काम नहीं कर पा रही हैं। इससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग की ओर से संतोषजनक कार्रवाई नहीं की जा रही है। कई बार उपभोक्ताओं के फोन तक रिसीव नहीं किए जाते, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि बिजली कटौती करनी भी पड़े तो विभाग को पहले से निर्धारित समय घोषित करना चाहिए, ताकि जनता अपनी जरूरतों के अनुसार व्यवस्था कर सके। एसडीओ अजय कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग अचानक बढ़ गई है, जिससे ओवरलोड की स्थिति बन रही है। कई स्थानों पर तकनीकी खराबी और लाइन फाल्ट की वजह से बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। विभाग की टीम लगातार मरम्मत कार्य में लगी हुई है और जल्द ही व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

## भीषण गर्मी व तेज धूप से जन-जीवन अस्त-व्यस्त

चन्दौसी। मई माह की भीषण गर्मी और तेज लू के थपेड़ों से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। दिन का पारा 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने के कारण आम नागरिकों के साथ-साथ पशु-पक्षी भी बेहाल हैं।

सुबह 10 बजते ही तेज धूप लोगों को डराने लगती है और शाम 4 बजे तक लू का प्रकोप जारी रहता है। गर्मी से बचने के लिए लोग घरों से बाहर निकलते समय छाता और अंगोछा इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है, जिससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। राहत की बात यह है कि 20 मई से स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश होने से बच्चों को बड़ी राहत मिली है।

# समर कैंप: पहले दिन बच्चों ने सीखे कई हुनर

**एबीसी किड्स मांट्सरी स्कूल में समर कैंप का आरंभ**

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। एबीसी किड्स मांट्सरी स्कूल में समर कैंप का पहला दिन का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा विभिन्न गतिविधियों का आनंद उठाया। पहले दिन विद्यालय परिसर बच्चों की खुशी, उत्साह व रचनात्मक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया। समर कैंप का उद्घाटन चरणदास भार्गव ने फीता काटकर किया। बता दे कि चरणदास भार्गव दो बार लॉन टेनिस में चैंपियनशिप जीतने वाले और तीन बार आगरा के ऑलराउंडर रहे हैं।


समर कैंप के पहले दिन विद्यालय मौजूद बच्चे। -जागरण मोर्चा

समर कैंप में बच्चों को डांस के योगा, बालीवुड स्टाइल, आर्ट एंड स्केचिंग, चेस इनडोर गेम, क्ले और फैब्रिक पेंटिंग, बेकार चीजों से बेस्ट चीज बनाना, कैटवाक एंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, हैंड राइटिंग, मेंटल मैथ्स, स्केटिंग ताइक्वांडो तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने सभी गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक वर्ष समर कैंप का आयोजन किया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों की छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारना एवं उनका सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही हैं, जिसके कारण बच्चों का शैक्षणिक विकास तो हो जाता है, लेकिन उनके अंदर छिपी रचनात्मकता और विशेष प्रतिभाओं को मंच नहीं मिल पाता। ऐसे में समर कैंप बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक कौशल को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनता है। कैंप में इंग्लिश हैंड राइटिंग एवं कैलिग्राफी में सुंदर राइटिंग सिखाई गई, वहीं आर्ट एंड क्राफ्ट में बच्चों को आकर्षक बर्ड बनाना सिखाया गया। ताइक्वांडो में बच्चों को आत्मरक्षा के विशेष कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। पर्सनेलिटी डेवलपमेंट में बच्चों ने रैंप वॉक कर आत्मविश्वास का परिचय दिया तथा डांस गतिविधि में बच्चों ने तारे गिनगिन पंजाबी सांग जैसे गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कैंप में विद्यालय की शालू, निशा, प्रिया, रुपाली, नीरज, सोनल, काजल, सरिता, रक्षा, अर्शी, संतोष, शिल्पा, मनप्रीत, शिल्की, अंकिता, मीनू, गौरव, अंकुश, हर्ष, कुमुद, दीपा व दीक्षा आदि रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फंदे से लटका मिला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिना पुलिस कार्रवाई के परिजनों ने किया शव का अंतिम संस्कार**

चन्दौसी। कोतवाली क्षेत्र के सीता रोड पर पेठा फैक्ट्री के पास युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कुंडे पर लटका मिला। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। युवक मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता था। मृतक जनपद बदायूं के थाना इस्लाम नगर क्षेत्र का निवासी था। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

सीता रोड पर पेठा फैक्ट्री के पास जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर क्षेत्र का निवासी 25 वर्षीय युवक परिवार के साथ किराए के मकान पर रहता था। वह मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था। गुरुवार की सुबह युवक का शव कमरे पर कुंडे पर लटका मिला। जिसे देख परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में शव को नीचे उतारा। परिजन युवक को निजी हास्पिटल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखते ही युवक को मृतक घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। युवक ने फांसी क्यों लगाई। इसकी जानकारी परिजन नहीं दे सके। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# योग शिविर में सीखे निरोग रहने के गुर

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। जायन्ट्स ग्रुप महिला शक्ति की ओर से गुरुवार से एक महीने के योग शिविर की शुरुआत की गई। 21 जून तक चलने वाले इस शिविर का उद्घाटन योगाचार्य सुशील आर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग एक आध्यात्मिक साधना है, जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करती है। यह सुखमय जीवन जीने का विज्ञान और कला दोनों है। नियमित योगासनों के अभ्यास से शरीर में शक्ति और लचीलापन बढ़ता है, तंत्रिकाओं को आराम मिलता है और मन शांत होता है। इससे हम अनेक रोगों से दूर रह सकते हैं। योगाचार्य सुशील आर्य ने कहा कि योग भारत द्वारा विश्व को दिया गया एक अनमोल उपहार है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है।


योगा शिविर के शुभारंभ पर मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

शिविर के पहले दिन योगाचार्य ने सभी सदस्यों को सूर्य नमस्कार, वज्रासन, दंडासन और अष्टांग आसन का 10 बार अभ्यास कराया। इसके साथ ही कुंभक अभ्यास, घुटनों व सर्वाइकल दर्द की एक्सरसाइज, अनुलोम-विलोम और कपालभाति प्राणायाम कराया गया। उन्होंने इनसे होने वाले लाभ और पौष्टिक आहार की जानकारी भी दी। इस अवसर पर मीना वार्ष्णेय, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, रेखा रस्तोगी, मंजू अग्रवाल, मीरा गोयल, रीता अग्रवाल और प्रतिभा अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## गंगा दशहरा को लेकर हुआ रूट डायवर्जन

चन्दौसी। ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर ब्रजघाट सहित अन्य घाटों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने 23 मई सुबह 8 बजे से 26 मई रात 12 बजे तक रूट डायवर्जन लागू किया है। यातायात प्रभारी जगरोशन सिंह ने बताया कि मुरादाबाद से संभल होकर दिल्ली जाने वाले भारी वाहन चौधरी सराय चौकी से खिरनी कट होकर गंगा एक्सप्रेस-वे से गुजरेंगे। मुरादाबाद व बदायूं से चंदौसी होकर दिल्ली, अलीगढ़ या आगरा जाने वाला यातायात बहजोई, बबराला और नरौरा पुल होकर संचालित होगा। इसके अतिरिक्त, चौधरी सराय चौराहा संभल से सैदनगली-हसनपुर-गजरौला मार्ग पर भारी व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

# 3 नामजद समेत 18 आरोपियों के खिलाफ मामला हुआ दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूर्व जिला पंचायत सदस्य के घर फायरिंग के मामले में पुलिस ने किया मामला दर्ज**

गजरौला। पूर्व जिला पंचायत सदस्य के घर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने तीन नामजद समेत 18 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद आरोपियों में एक बुलंदशहर जिले का रहने वाला है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर निवासी सोनू गुर्जर उर्फ सत्येंद्र सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य हैं। उनका आरोप है कि बीते मंगलवार की रात करीब 10.30 बजे वह अपने घर पर थे। इस दौरान दो गाड़ियां आई थी। जिनमें हथियारों से लैस कई लोग बैठे हुए थे। गाड़ियों में सवार लोगों ने गाली गलौज करते हुए उनके घर पर फायरिंग की थी। जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने थाना पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन आरोप है कि एक दरोगा आरोपियों से हमसाज था। इस कारण रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिस पर पीड़ित बृहस्पतिवार को कई संभ्रांत लोगों के साथ थाने पहुंचे। इंस्पेक्टर से मिलकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। जिस पर पुलिस ने गांव के ही कौशिंद्र, अभिषेक और बुलंदशहर के किशनपुर निवासी नत्थू और 15 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**ज्ञानवर्धन** ऑप्टोमेट्री के 45 छात्र-छात्राओं ने किया दिल्ली का औद्योगिक भ्रमण

# कार्ल जाइस लैब में समझीं लेंस निर्माण की बारीकियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के ऑप्टोमेट्री थर्ड ईयर के स्टूडेंट्स ने कार्ल जाइस लेंस लैब, दिल्ली का औद्योगिक भ्रमण किया। कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार ने बताया, इस औद्योगिक भ्रमण से स्टूडेंट्स को न केवल लेंस निर्माण की तकनीकी प्रक्रियाओं की बारीकियां समझीं। लैब के एक्सपर्ट श्री विख्यात सिंह ने स्टूडेंट्स को बताया, प्रत्येक लेंस के निर्माण में क्वालिटी कंट्रोल अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। हर चरण पर लेंस की जांच की जाती है ताकि पॉवर, मोटाई, पारदर्शिता और फिनिशिंग में कोई त्रुटि न रहे। आधुनिक लैब में स्वचालित मशीनों



और कंप्यूटर आधारित तकनीकों का उपयोग किया जाता है, जिससे सटीकता और गुणवत्ता सुनिश्चित होती है। एक्सपर्ट ने प्रत्येक चरण की तकनीकी बारीकियों को सरल भाषा में समझाते हुए छात्रों के प्रश्नों का उत्तर दिया। विजिट में फैकल्टीज- श्री शिवम पांडेय और सुश्री विवेचना के संग-संग 45 छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

लेंस निर्माण की शुरुआत कच्चे ब्लैंक से होती है, जिसे विशेष मशीनों की सहायता से आवश्यक पॉवर के अनुसार तैयार किया जाता है। सर्फेसिंग प्रक्रिया में लेंस की सतह को आकार दिया जाता है। इसके बाद ग्राइंडिंग करके अधिक सटीक रूप दिया जाता है। पॉलिशिंग से लेंस की सतह को चिकना और पारदर्शी बनाया जाता है, ताकि दृष्टि स्पष्ट हो सके। लेंस पर एंटी-रिफ्लेक्टिव कोटिंग, हार्ड कोटिंग और यूवी प्रोटेक्शन कोटिंग की जाती हैं, जो लेंस की गुणवत्ता और उपयोगिता को बढ़ाती हैं। अंत में एजिंग प्रक्रिया में लेंस को फ्रेम के आकार के अनुसार काटा और फिट किया जाता है। सिंगल विजन लेंस एक ही पावर के होते हैं और सामान्य दृष्टि दोष जैसे मायोपिया या हाइपरोपिया के लिए उपयोग किए जाते हैं। बाइफोकल लेंस में दो अलग-अलग पावर होती हैं, जिससे व्यक्ति दूर और पास दोनों दूरी पर स्पष्ट देख सकता है। प्रोग्रेसिव लेंस आधुनिक लेंस होते हैं, जिनमें बिना किसी स्पष्ट रेखा के दूर, मध्य और पास की दृष्टि के लिए अलग-अलग पॉवर क्रमिक रूप से मिलती है, जिससे दृष्टि अधिक प्राकृतिक महसूस होती है।

## सुबह टहलने निकली किशोरी गायब, मुकदमा

पूरनपुर। घुंचाई थाना क्षेत्र में सुबह टहलने निकली एक 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी सुराग न मिलने पर परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसकी नाबालिग पुत्री को बंडा थाना क्षेत्र के ग्राम राय टांडा निवासी सौरभ कुमार बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। घर वापस न लौटने पर परिवार में खलबली मच गई और आसपास खोजबीन की गई थी। घुंघचाई थाना पुलिस ने आरोपी युवक सौरभ के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि किशोरी की बरामदगी के लिए तलाश शुरू कर दी गई है और जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा।

# भाईचारे के साथ मनाए बकरा ईद

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। कोतवाली में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें लोगों से बकरा ईद भाईचारे के साथ मनाने की अधिकारियों ने अपील की। साथ ही लोगों ने सुझाव भी दिए।


कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक करते प्रभारी निरीक्षक। -जागरण मोर्चा

बैठक में शाह आलम मंसूरी ने कहा कि बकरा ईद के पर्व पर सफाई व्यवस्था और पानी का इंतजाम किया जाना चाहिए। बदरे आलम मुतावल्ली ने कहा कि बकरा ईद का पर्व तीन दिन चलता है इसलिए सुबह की बिजली कटौती को तीन दिन के लिए समाप्त किया जाए जिससे पालिका द्वारा पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रहे। अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह ने सफाई व्यवस्था और पानी के लिए इंतजाम करने का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक ने अनुज कुमार तोमर ने कहा कि किसी भी प्रतिबंध पशु की कुर्बानी नहीं की जाएगी, इसके साथ सड़कों पर नमाज नहीं होगी। इसके अलावा धार्मिक स्थलों पर कोई भी लाउड स्पीकर नहीं लगाया जाएगा। जिस प्रकार ईद उल फितर का पर्व शांतिपूर्वक और सद्भाव के साथ मनाया गया बकरा ईद भी उसी सद्भाव और शांति पूर्वक मनाया जाए। इसके साथ ऐसा कोई कार्य न करें जिससे अन्य धर्म के लोगों को परेशानी हो और अगर किसी ने कोई नई परंपरा डालने या माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सभासद तरुण कुमार नीरज, रियाज अहमद, मोहम्मद नईम, नवकांत शर्मा, मोहम्मद मुजीब, इरफान हुसैन, बाबू भाई, अमन खुराना, बाबू खां, महेंद्र सिंह, मुशाहिद हुसैन, अब्दुल खालिद आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को भूड़े का चौराहा स्थित कैंप कार्यालय में महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम (बंटी) की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नेताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान हाजी जुनैद ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव रखी। देश में कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्रांति लाकर उन्होंने युवाओं को नई दिशा दी। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर लोकतंत्र को गांवों तक पहुंचाया। वक्ताओं ने उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए शांति, सद्भावना और प्रगति के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नजाकत ठेकेदार, अनवर मुमताज, इफ्तेखार, अफसर अंसारी, मोहम्मद आदिल, राजा भाई, बन्ने पहलवान और शमशेर खान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बर्तन बाजार स्थित भारत गोटा दुकान में लगी भीषण आग

## छह दमकल गाड़ियों ने दो घंटे में आग पर पाया काबू, इलाके में हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय






**मुरादाबाद।** अमरोहा गेट स्थित बर्तन बाजार में गुरुवार दोपहर भारत गोटा नामक दुकान के तीन मंजिला भवन के बेसमेंट में भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे दुकान स्वामी सुरेंद्र अग्रवाल का छोटा बेटा अक्षय अग्रवाल दुकान खोलने पहुंचा था। इस दौरान दुकान के अंदर से धुआं निकलता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बेसमेंट समेत पूरे भवन में फैल गई। बेसमेंट में रखा भारी मात्रा में सामान आग की चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरके पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग की 6 गाड़ियों को आग बुझाने में लगाया गया। बाद में कुल छह दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। दमकल कर्मियों ने ब्रीदिंग अपरेटर्स और स्मोक एग्जॉस्टर की सहायता से धुएं के बीच अंदर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य किया। घटनास्थल पर सीओ कोतवाली सुनीता दहिया, मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरके पांडे, अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। बताया गया कि दुकान स्वामी सुरेंद्र अग्रवाल अपने परिवार के साथ उज्जैन गए हुए हैं। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि दमकल विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है।

# एमडीए की बड़ी कार्रवाई, रामपुर रोड पर अवैध निर्माण व प्लाटिंग ध्वस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण और बिना स्वीकृति की जा रही प्लाटिंग के खिलाफ रामपुर रोड क्षेत्र में बड़ी प्रवर्तन कार्रवाई की। एमडीए के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के निर्देश पर प्रवर्तन टीम ने कई स्थानों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाते हुए अवैध निर्माण और प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया।

एमडीए की टीम ने रामपुर रोड स्थित टोल प्लाजा के निकट मोहम्मद आबिद द्वारा करीब 1200 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण कार्य कराया जा रहा था। वाद संख्या 51/2025 में कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा टीवीएस शोरूम के सामने प्रदीप सेठ द्वारा लगभग 1200 वर्ग मीटर क्षेत्र में की गई अवैध प्लाटिंग पर भी कार्रवाई की गई। वाद संख्या 54/2025 में प्राधिकरण की टीम ने प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। वहीं इलेक्ट्रॉनिक एवं फर्नीचर शोरूम के निकट जफरुद्दीन द्वारा करीब पांच बीघा भूमि में की गई अवैध प्लाटिंग को भी प्राधिकरण ने ध्वस्तीकरण अभियान चलाकर हटाया। यह कार्रवाई वाद संख्या 56/2025 के तहत की गई।उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने कहा कि बिना मानचित्र स्वीकृति और प्राधिकरण की अनुमति के किसी भी प्रकार का निर्माण अथवा प्लाटिंग पूर्णतः अवैध और दंडनीय है। ऐसे मामलों में आगे भी सख्त प्रवर्तन कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों, भू-स्वामियों और डेवलपर्स से अपील की कि किसी भी भूमि की खरीद-फरोख्त, प्लाटिंग या निर्माण कार्य शुरू करने से पहले प्राधिकरण से मानचित्र और लेआउट की स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें, ताकि भविष्य में कार्रवाई से बचा जा सके।

# व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की नगर कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय


विशाल वर्मा।


विक्रांत शर्मा।

**विक्रांत शर्मा को बनाया नगर महामंत्री एवं विशाल वर्मा को बनाया उपाध्यक्ष**

**हसनपुर।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 के नगर अध्यक्ष द्वारा नगर कार्यक्रम का विस्तार करते हुए विक्रांत शर्मा को नगर महामंत्री एवं विशाल वर्मा को नगर उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत कर व्यापारी हेतु में कार्य करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 के नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल द्वारा संगठन अध्यक्ष पंकज भटनागर एवं जिला संगठन मंत्री सचिन गुप्ता की प्रबल संस्तुति पर नगर निवासी विक्रांत शर्मा को नगर महामंत्री एवं विशाल वर्मा को नगर उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया उसी के साथ संगठन को मजबूत एवं व्यापारी हित में कार्य करने के निर्देश दिए गए। वही दोनों व्यापारी नेताओं की नियुक्ति होने पर उनके समर्थकों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल द्वारा बताया गया कि व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान एकमात्र संगठन है जो व्यापारी हेतु में कार्य कर रहा है।

## सीएम योगी को प्रजापति जयंती का निमंत्रण

**गजरौला।** भगवान श्री दक्ष प्रजापति जयंती महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए समिति ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को निमंत्रण पत्र भेजा है। समिति महिला प्रमुख सोनिया प्रजापति और महामंत्री मास्टर रूपकिशोर प्रजापति ने सीएम को संबोधित आमंत्रण पत्र भेंट कर महोत्सव में पधारने का आग्रह किया।इस दौरान हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने समिति पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वे स्वयं कार्यक्रम में रहेंगे और मुख्यमंत्री से भी शामिल होने का विशेष निवेदन करेंगे। विधायक के आश्वासन से प्रजापति समाज में भारी उत्साह है। समाज की एकता और गौरव को मजबूत करने के लिए गजरौला में तैयारियां तेजी से शुरू कर दी गई हैं।

# शिक्षकों ने की प्रतिकर अवकाश की मांग


जागरण मोर्चा कार्यालय


शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक गंगेश्वरी के अध्यक्ष रामवीर सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों ने प्रतिकर अवकाश की मांग को लेकर एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा और मांग करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में राष्ट्रीय जनगणना 2027 का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य गतिमान है।

इस राष्ट्रीय कार्य को शुचितापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत भारी संख्या में शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं शिक्षामित्रों की ड्यूटियाँ प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के रूप में लगाई गई हैं। इस सम्बंध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, ब्लॉक इकाई गंगेश्वरी अनुरोध करता है कि राष्ट्रहित में बिना किसी अवकाश के निरंतर कार्य कर रहे समस्त शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं शिक्षामित्रों को उनके द्वारा अवकाश के दिनों में किए गए कार्य के बदले नियमानुसार 'प्रतिकर अवकाश' स्वीकृत करने हेतु संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी या सक्षम अधिकारी को निर्देशित करने किया जाए। इस निर्णय से शिक्षक समुदाय में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और सभी कर्मचारी एवं शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ राष्ट्रीय कार्य को पूर्ण करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक संयुक्त मंत्री महताबउद्दीन, आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिला मंत्री राजपाल राणा, जसवंत सिंह, अनिल कुमार, सोनू प्रकाश, दयाल सिंह, विजयपाल सिंह, इन्द्रपाल सिंह, दारा सिंह, फहीम अहमद आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार


हरे आम के पेड़ों को काटकर की गई प्लाटिंग। –जागरण मोर्चा

### केमिकल से सुखाकर काट डाले सैकड़ों आम के पेड़

**हसनपुर।** नगर के कनेटा रोड पर लकड़ी माफियाओं द्वारा पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां स्थित एक बाग में हरे-भरे आम के सैकड़ों पेड़ों पर पहले प्रतिबंधित केमिकल लगाकर उन्हें सुनियोजित तरीके से सुखाया गया। इसके बाद रात के अंधेरे का फायदा उठाकर माफियाओं ने उन पर आरा चला दिया। सूत्रों की मानें तो इस पूरे खेल में वन विभाग की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। गुरुवार सुबह जब मामला संज्ञान में आया, तो चारों तरफ हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि भूमाफियाओं ने पहले जमीन के चारों तरफ ऊंची बाउंड्रीवॉल खड़ी की, ताकि अंदर चल रहा अवैध कटान बाहर किसी को दिखाई न दे। इसके बाद देखते ही देखते सैकड़ों फलदार पेड़ों को जमींदोज कर दिया गया। स्थानीय लोगों में वन विभाग की इस घोर लापरवाही और मिलीभगत को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है।


सीएचसी में धरने पर बैठे एनएचएस कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

### एनएचएम कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

**हसनपुर।** प्रांतीय आह्वान पर नगर समेत क्षेत्र के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारियों ने गुरुवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अनिश्चितकालीन सांकेतिक कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। कर्मचारियों का आरोप है कि फरवरी 2026 के बाद से पूरे उत्तर प्रदेश में उन्हें मानदेय नहीं मिला है। इस संबंध में बीते 3 मई को मिशन निदेशक एनएचएम लखनऊ को ज्ञापन सौंपकर समय से मानदेय भुगतान की मांग की गई थी। तब निदेशक ने 20 मई तक भुगतान का आश्वासन दिया था। प्रांतीय कार्यकारिणी ने चेतावनी दी थी कि यदि 20 मई तक मानदेय नहीं मिला, तो 21 मई से कार्य बहिष्कार किया जाएगा। वादे के मुताबिक भुगतान न होने पर 21 मई से सभी एनएचएम कर्मी हड़ताल पर चले गए।इस दौरान मंडल महामंत्री अब्दुल कादिर, प्रांतीय सदस्य डॉ. राशिद अली, डॉ. नवाजिश अली, डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा, राहुल कुमार, आसमा परवीन, आरती शर्मा, शालिनी कठेरिया, माया, सरिता, शारिक, सुषमा और आशा संगठन की प्रदेश कोषाध्यक्ष शांति देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।



प्रदर्शन करतीं एनएचएम संविदा कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

### एनएचएम संविदा कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा कर्मचारी संघ के प्रादेशिक नेतृत्व के आह्वान पर गुरुवार को जनपद में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने पूर्ण कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय समेत जिले के सभी आठ विकास खंडों में धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। कार्य बहिष्कार के चलते स्वास्थ्य केंद्रों पर एनएचएम के अंतर्गत संचालित कई सेवाएं प्रभावित रहीं। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष अजीजुर रहीम और जिला महामंत्री विपिन चंद्र भट्ट ने संयुक्त रूप से कहा कि संविदा कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान और अन्य लंबित मांगों का समाधान नहीं होने से कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने तक कार्य बहिष्कार और धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन में एएनएम, जीएनएम, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी शामिल रहे। इस दौरान अतर पाल सिंह, ऊवा दत्त तिवारी, रीमा यादव, प्राची, राधा देवी, राधा रानी, आस्था प्रकाश और अर्चना त्यागी सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# शराब की दुकान हटाने को हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय


देसी शराब की दुकान बंद करने को प्रदर्शन करती महिलाएं। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** सैद नगली थाना क्षेत्र के गांव में सरकारी देसी शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार को आक्रोशित महिलाओं ने दुकान के सामने जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन के बाद धरने पर बैठ गईं। धरना करीब दो घंटे तक चला हंगामे के कारण मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि पहाड़पुर बक्काल में देशी शराब की दुकान होने से गांव के पुरुष शराब पीकर आए दिन घरों में मारपीट और हंगामा करते हैं। ग्रामीण महिला शारदा और मीना ने बताया कि दुकान के पास ही सरकारी स्कूल और धार्मिक स्थल मंदिर स्थित हैं। शराबी यहां शराब पीकर गाली-गलौज करते हैं, जिससे बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है और हर समय विवाद का खतरा बना रहता है। महिलाओं के मुताबिक, वे पहले भी उच्चाधिकारियों से गांव में स्थित देसी शराब की दुकान की शिकायत कर चुकी हैं, लेकिन आबकारी विभाग की अनदेखी के चलते कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले की जानकारी मिलते ही सैद नगली थाना पुलिस और आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने धरना दे रही महिलाओं को शांत कराया और तीन में दिन में उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दुकान को नहीं हटाया गया, तो वे उग्र आंदोलन को विवश होंगी।

## ट्रैक दोहरीकरणः कई ट्रेनें निरस्त और डायवर्ट

**मुरादाबाद।** पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर कैंट-पनियाहवा रेलखंड पर दोहरीकरण और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 28 मई से 8 जून तक रेल यातायात प्रभावित रहेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि इस दौरान मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली दिल्ली-सीतामढ़ी, पूर्णिया कोर्ट-आनंद विहार और सहरसा-आनंद विहार स्पेशल जैसी कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी।यात्रियों की सुविधा के लिए देहरादून-मुजफ्फरपुर, राधिकापुर-आनंद विहार और पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस सहित कई प्रमुख ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं। मार्ग परिवर्तन के कारण बेतिया, नरकटियागंज और रक्सौल जैसे स्टेशनों पर इनका ठहराव नहीं होगा।


# गंज गुरहट्टी से किला तक चलेगी अनूठी निःशुल्क ई-रिक्शा सेवा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**श्री रामलीला महासंघ की एक अनूठी पहल**

**मुरादाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'तेल बचाओ' आह्वान से प्रेरित होकर श्री रामलीला महासंघ ने शहर में एक अनूठी सामाजिक पहल की है। महासंघ द्वारा गंज गुरहट्टी से किला क्षेत्र तक प्रतिदिन सुबह नौ से शाम छह बजे तक निःशुल्क ई-रिक्शा सेवा शुरू की गई है। यह सुविधा विशेषकर राहगीरों, श्रद्धालुओं, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए पूरी तरह मुफ्त रहेगी। महासंघ के महामंत्री कुमार देव ने बताया कि यह सेवा उनके पिता व संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय कमलेश कुमार की स्मृति को समर्पित है, जो रामलीला को समाज सेवा का माध्यम बनाना चाहते थे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ईंधन की बचत, प्रदूषण पर नियंत्रण और धार्मिक स्थलों तक श्रद्धालुओं को सुगम परिवहन देना है।महासंघ के अध्यक्ष राजेश रस्तोगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के ऊर्जा संरक्षण अभियान से प्रेरणा लेकर यह कदम उठाया गया है। इससे रोजाना कई लीटर पेट्रोल बचेगा। चालक को बुजुर्गों और महिलाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश हैं। भविष्य में यात्रियों की संख्या बढ़ने पर ई-रिक्शा की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। इस दौरान डॉ. विवेक गोयल, आलोक राठौर, अरुण कुमार, नरेंद्र सिंह, संजय सोनी, अतुल सोती और समीर रस्तोगी मौजूद रहे।

# महंगा हुआ बकरा बाजार


नगर में लगा बकरों का बाजार। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** आगामी बकरा ईद के त्योहार को लेकर नगर के रहरा अड्डे पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार में भारी रौनक देखने को मिल रही है। ईद के मद्देनजर बाजार में खरीदारों और व्यापारियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे दिनभर चहल-पहल बनी रही। बाजार में इस बार पशुओं के दामों में भारी उछाल देखा जा रहा है। स्थानीय निवासी जमील अहमद ने बताया कि इस बार बाजार में सबसे महंगा बकरा 95,000 रुपये में बिका है, जो अब तक का सबसे अधिक दाम है। बाजार में आए सभी खरीदार इस बार अधिक महंगाई बता रहे हैं। वहीं, व्यापारी वाहिद ने भी बात करते हुए पुष्टि की कि हर साल के मुकाबले इस बार पशुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। चूंकि बकरा ईद का त्योहार हर साल पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, इसलिए लोग महंगी कीमतों के बावजूद अपनी पसंद के बकरे खरीदने में जुटे हैं। दूर-दराज से आए ग्रामीणों की मौजूदगी से बाजार देर शाम तक गुलजार रहा।

## कलेक्ट्रेट में जीएसटी व सर्राफा की बैठक

**बदायूं।** कलेक्ट्रेट के अटल बिहारी वाजपेई सभागार में गुरुवार को अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जीएसटी विभाग की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें सर्राफा व्यापारियों के साथ सोने के आयात पर बढ़े टैक्स और प्रधानमंत्री की अपील पर विस्तृत चर्चा की गई।ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष जितेंद्र महाजन ने कहा कि यह पहल पाबंदी नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने की प्रक्रिया है। सोने पर निर्भरता कम होने से देश का धन विकास कार्यों में लगेगा। उन्होंने सर्राफा व्यापारियों से बदलते जीएसटी नियमों को अपनाने और पारदर्शी व्यापार करने की अपील की। महाजन ने प्रशासन से व्यापारियों की सुरक्षा का ध्यान रखने का अनुरोध किया।

# तौल न होने पर किसानों का हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय


गेहूं क्रय केंद्र पर हंगामा करता किसान। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर स्थित गेहूं क्रय केंद्र पर किसानों का गेहूं न तोलने से नाराज किसानों ने केंद्र प्रभारी पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा और उच्च अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई, वहीं केंद्र प्रभारी का कहना है कि ऑनलाइन कट्टा ना होने के कारण गेहूं की तोल नहीं हो रही।

नगर के अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति के प्रांगण में स्थित खाद्य रसद विभाग के गेहूं क्रय केंद्र प्रथम एवं द्वितीय शासन के निर्देश पर स्थापित किए गए हैं, दोनों केदो के प्रभारी गजेंद्र शर्मा है। गुरुवार को उस समय गेहूं क्रय केंद्र पर हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई जब क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी किसान जीतराम पुत्र हरचंद ट्रैक्टर ट्राली में अपनी 37 कुंतल गेहूं लेकर आया था, किसान द्वारा ऑनलाइन भी कर रखा था। लेकिन केंद्र प्रभारी द्वारा किसान से गेहूं तोलने से मना कर दिया गया, जिस पर केंद्र पर उपस्थित किसान भड़क गए और केंद्र प्रभारी पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाने लगे। इसी के साथ पीड़ित किसान जीत राम द्वारा उच्च अधिकारियों से भी शिकायत दर्ज कराई गई। वहीं गेहूं क्रय केंद्र पर शासन के निर्देशों के बाद भी कोई व्यवस्था नहीं थी। वही केंद्र प्रभारी गजेंद्र शर्मा का कहना है कि ऑनलाइन कट्टा ना होने के कारण केंद्र पर गेहूं की तोल नहीं हो पा रही।

# संपादकीय

## तेल संकट के विरोधाभास

बुलढाणा (महाराष्ट्र) में किसान धरने पर बैठ गए हैं। उन्हें पर्याप्त डीजल नहीं मिल पा रहा है। बिन डीजल के खेती करना नामुमकिन है। किसी जगह लोगों में मारपीट की नौबत आ गई है। एक जगह ट्रक, ट्रैक्टर, ट्रॉली और अपने-अपने डिब्बे, ड्रम लिए लोगों की लंबी-लंबी कतार लगी है। किसान पेट्रोल पंप के पास ही रात गुजारने, सोने को विवश हैं, लिहाजा मच्छरदानी तान कर बंदोबस्त कर रहे हैं। कोई पेट्रोल पंप ही बंद कर दिया गया है। तख्ती टांग दी गई है-पेट्रोल खत्म है और डीजल यहां नहीं बिकता। यह भारत देश की औसत तस्वीर है, हकीकत है, लेकिन केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी दावा कर रहे हैं कि देश में कच्चे तेल, नेचुरल गैस, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। ऐसे विरोधाभास में कब तक जिएगा आम भारतीय? कुछ आंकड़े गौरतलब हैं। इंडियन ऑयल कंपनी ने 95,000 करोड़ रुपए से अधिक, भारतीय पेट्रोलियम ने 65,000 करोड़ रुपए से अधिक, हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने 48,000 करोड़ से अधिक और ओएनजीसी ने 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक के मुनाफे कमाए हैं। आम उपभोक्ता को कितने सस्ते पेट्रोल-डीजल और एलपीजी मुहैया कराए गए? सरकार इस संदर्भ में बिल्कुल खामोश है। अलबत्ता पेट्रोलियम मंत्री जरूर रुदनावस्था में कहते रहे हैं कि अब भी तेल कंपनियों को रोजाना 750 करोड़ रुपए का घाटा है। पेट्रोल-डीजल के दाम जितने बढ़ाए गए हैं, उससे तो कंपनियों के नुकसान की 15 फीसदी ही भरपाई होगी। यदि पेट्रोल-डीजल 10 रुपए प्रति लीटर महंगे किए जाएंगे, तो घाटे की 50 फीसदी भरपाई हो सकती है। जब पेट्रो पदार्थ 17-18 रुपए महंगे होंगे, तो तेल कंपनियों का मुनाफा शुरू हो सकता है। आखिर ये मुनाफे किसके लिए हैं? क्या इनका एक हिस्सा आम उपभोक्ता से साझा नहीं करना चाहिए। जब देश में 70-72 डॉलर प्रति बैरल कच्चा तेल आ रहा था, तब भी कंपनियों ने पेट्रो पदार्थों के खुदरा दाम क्यों नहीं घटाए थे? ये भारत की सार्वजनिक उपक्रम वाली कंपनियां हैं, जो करदाता और शेयरधारक के पैसे से चलती हैं। किसी लाला की दुकानदारी नहीं है। बहरहाल भारत में तेल-संकट का दौर है और एक बड़ी तेल कंपनी करीब 2 लाख करोड़ रुपए अमरीका में निवेश करेगी! आपदा में भारतीय कंपनी अपने देश में नहीं, विदेश में निवेश करेगी, इससे कुरूप और भद्दा विरोधाभास क्या हो सकता है? इसी तरह दवाएं बनाने वाली एक बड़ी कंपनी भी करीब 2 लाख करोड़ रुपए अमरीका में ही निवेश करेगी। यह कैसा राष्ट्रवाद है? एक और विरोधाभास उल्लेखनीय है। मार्च-अप्रैल में भारत में 1.32 लाख करोड़ रुपए का कच्चा तेल आयात किया गया। फिर उसे रिफाइन करके 150 गरीब देशों को 52,826 करोड़ रुपए के पेट्रो पदार्थ निर्यात कर दिए गए। शेष किसी अन्य देश में बेच दिया होगा! सवाल है कि जब देश संकट में है, पेट्रोल-डीजल-गैस के लिए मारामारी है, ऐसी स्थिति में तेल देश के काम आना चाहिए था, लेकिन एक जमात को अपने धंधे और मुनाफे की ही चिंता है। सरकार ने न तो कोई कार्रवाई की है और न ही ऐसे विरोधाभास का खुलासा किया है, लेकिन मीडिया में सब कुछ बेनकाब हो गया। इन मुनाफों के बावजूद देश की सबसे प्रमुख रिलायंस कंपनी विश्व में 106वें स्थान पर है। पहले 100 में कोई भी भारतीय कंपनी नहीं है। बहरहाल चार दिन में पेट्रोल-डीजल के दाम दूसरी बार बढ़ाए गए हैं। सतही तौर पर 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान लगते हैं, लेकिन उनके द्वारा वसूली व्यापक है। हालांकि कुल 4 फीसदी के करीब बढ़ोतरी की गई है। दुनिया में सबसे कम दाम भारत में ही बढ़ाए गए हैं। सरकार ने 16 बार उत्पाद शुल्क बढ़ा कर 42-43 लाख करोड़ रुपए कूटे हैं। यह विपक्ष का आरोप है, लिहाजा हम इसकी पुष्टि नहीं कर सकते। इसी दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का आकलन सामने आया है कि ईरान युद्ध और उससे उपजे संकट, किल्लत के कारण वैश्विक जीडीपी में 500-800 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। यदि युद्ध के समापन की घोषणा राष्ट्रपति ट्रंप आज ही कर दें और ईरान भी उसे कबूल कर ले, तो भी सामान्य हालात होने में 6 माह से एक साल तक का वक्त लग सकता है। तेल कुओं, रिफाइनरियों आदि के पुनर्निर्माण में तो 3-5 साल लग सकते हैं। तब तक संकट बरकरार रहेगा। कई स्थानों से ऐसी सूचनाएं आ रही हैं कि पेट्रोल-डीजल लेने गए लोगों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा है। रसोई गैस के लिए भी कतारें लगी हैं और आपूर्ति नहीं हो पा रही है। सरकारी दावों के अनुसार तेल-गैस की देश भर में कोई कमी नहीं है, अतिरिक्त स्टाक पड़ा हुआ है, लेकिन हकीकत इससे अलग है क्योंकि इनकी खरीद को कतारों में लगे लोगों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। आपूर्ति की व्यवस्था चरमरा गई लगती है।

# भुगतान संतुलन ही रुपये की कमजोरी का हल है




भारतीय रुपया लंबे समय से कमजोर हो रहा है, पर रुपये के मूल्य में आयी हालिया गिरावट नीति निर्माताओं के लिए चिंता का बड़ा कारण बन गयी है। भले ही, भारतीय रुपये के मूल्य में गिरावट का सीधे तौर पर जिक्र नहीं किया गया, पर यह कोई भी समझ सकता है कि जब 10 मई, 2026 को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से पेट्रोल और डीजल बचाने की अपील की, तो असल में यह नागरिकों से विदेशी मुद्रा बचाकर भारतीय रुपये की रक्षा करने की अपील ही थी। इसी संदर्भ में, प्रधानमंत्री की नागरिकों से सोने की खरीद से बचने, खाना पकाने के तेल की खपत कम करने, विदेशी ब्रांड के सामान न खरीदने और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील का उद्देश्य भी विदेश पर निर्भरता कम करना और कीमती विदेशी मुद्रा बचाना है। यहां ध्यान देने योग्य है कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 38 अरब अमेरिकी डॉलर कम होकर 27 फरवरी के 728.5 अरब डॉलर से 12 मई, 2026 तक 690.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

आम तौर पर रुपये की स्थिरता के बारे में दो तरह के विचार हैं। एक वर्ग मानता है कि विनिमय दर, बाजार द्वारा निर्धारित एक मूल्य से ज्यादा कुछ नहीं है और यदि मुद्रा का मूल्य गिरता है, तो भी किसी को चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आयात-निर्यात विनिमय दर के अनुसार अपने आप समायोजित हो जायेंगे। उसके अनुसार, घरेलू मुद्रा के मूल्य में गिरावट आयात को हतोत्साहित और निर्यात को प्रोत्साहित कर सकती है। भारतीय रुपये के बारे में, कभी-कभी उसका मानना होता है कि इसका मूल्य जरूरत से ज्यादा है, और इसलिए यदि रिजर्व बैंक रुपये में किसी भी गिरावट को रोकने के लिए हस्तक्षेप करता है, तो इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा, क्योंकि इससे आयात को बढ़ावा मिलेगा और निर्यात हतोत्साहित होगा। दूसरा वर्ग मजबूत रुपये में विश्वास रखता है। उसे लगता है कि केवल मजबूत रुपया ही मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है और विदेशी मुद्रा के बहिर्प्रवाह को नियंत्रण में रख सकता है।


हमें समझना होगा कि सरकार कृत्रिम रूप से विनिमय दर तय नहीं कर सकती और न ही इसे बढ़ाने में मदद कर सकती है। विनिमय दर विदेशी मुद्राओं (जैसे डॉलर) की मांग और आपूर्ति द्वारा तय होती है। जहां विदेशी मुद्रा की मांग वस्तुओं और सेवाओं के आयात, ऋण चुकाने, लाभांश, रॉयल्टी, तकनीकी शुल्क, वेतन और अन्य आय हस्तांतरण के कारण होती है, वहीं विदेशी मुद्रा की आपूर्ति वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के शुद्ध प्रवाह, और विदेशों से प्राप्त विदेशी पोर्टफोलियो निवेश आदि से होती है। यदि सरकार रुपये को मजबूत बनाना चाहती है, तो वह प्रशासनिक रूप से विनिमय दर तय करके कृत्रिम रूप से ऐसा हासिल नहीं कर सकती।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि कभी-कभी भारतीय रिजर्व बैंक बाजार में हस्तक्षेप करता है और बाजार में विदेशी मुद्रा की आपूर्ति बढ़ाकर रुपये में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव को रोकने की कोशिश करता है। पर, यदि चालू खाते पर भुगतान संतुलन में लगातार घाटे के कारण रुपये का मूल्य गिरता है, तो लंबे समय में इस प्रकार के हस्तक्षेप का प्रभाव बहुत सीमित होता है। रुपये के मूल्य को कृत्रिम रूप से बनाये रखने के लिए आरबीआइ को अपने विदेशी मुद्रा भंडार से लगातार अधिक से अधिक डॉलर बाजार में डालने पड़ते हैं। यदि रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना जारी रखता है, तो यह खतरा बना रहता है कि उसका विदेशी मुद्रा भंडार समाप्त हो सकता है। अतः, रुपये का मूल्य सुधारने के लिए हमें इस घाटे के लिए जिम्मेदार मूल कारणों को ठीक करने की आवश्यकता है।

हाल के वर्षों में भारत में रुपये के मूल्य पर विचार करें, तो हम पाते हैं कि एक अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 के बीच रुपये का मूल्य अपेक्षाकृत स्थिर रहा और इस अवधि के दौरान इसमें मात्र 2.3 प्रतिशत की गिरावट आयी। पर एक अप्रैल, 2025 से अब तक, रुपये का मूल्य 11.7 प्रतिशत गिर गया है। इस दौरान सबसे बड़ी गिरावट 27 फरवरी, 2026 को युद्ध शुरू होने से लेकर 13 मई, 2026 तक के समय में हुई। इस अवधि में रुपये के मूल्य में 4.4 प्रतिशत की गिरावट आयी और यह 91.1 रुपये प्रति डॉलर से 95.5 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। रुपये की कीमत में गिरावट का मुख्य कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं, जिससे व्यापार घाटा तेजी से बढ़ रहा है, और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा शेयर बाजारों में भारी बिकवाली भी जारी है। हालांकि, उम्मीद है कि युद्ध खत्म होने पर रुपया स्थिर हो जायेगा, लेकिन रुपये की समस्या का दीर्घकालिक समाधान देश के भुगतान संतुलन को ठीक करके ही निकाला जा सकता है। वैश्विक संघर्षों, बाधित मूल्य श्रृंखलाओं और हमारे विदेशी मुद्रा भंडार के खत्म होने के खतरे के कारण लगातार गिरते रुपये की समस्या को देखते हुए तेजी से कदम उठाने होंगे। यदि हम सार्वजनिक परिवहन और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करें, सोना खरीदना टाल दें, विदेश यात्रा को कम से कम एक वर्ष के लिए स्थगित कर दें, खाद्य तेल की खपत कम करें, प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें, तो हम कीमती विदेशी मुद्रा बचा सकते हैं, और रुपये के मूल्य को बचाने में मदद कर सकते हैं।

# जीवन चलने का नाम

बूंद-बूंद से घड़ा भरता है, बूंद-बूंद से सागर भरता है। निरंतर प्रयत्न सफलता का मंत्र है। यहां एक और गहरी बात समझने योग्य है। जब हम परिणाम-केन्द्रित होते हैं, तब हम हमेशा भविष्य में जीते हैं। सोचते रहते हैं कि जब यह हो जाएगा तब सुख मिलेगा। ऐसे में हम यह भूल जाते हैं कि बहुत से काम ही ऐसे हैं जिनका भविष्य कभी आता ही नहीं। तब जीवन लगातार टलता रहता है। इसके विपरीत, जब हम अभ्यास-केन्द्रित होते हैं, तब वर्तमान में जीना शुरू करते हैं। आज का काम, आज की साधना, आज की जिम्मेदारी, यही जीवनचर्या बन जाती है तो जीवन में आनंद आ जाता है, संतोष आ जाता है और खुशियां आ जाती हैं। जीवन की निरंतरता को स्वीकार करना हार नहीं है, यह परिपक्वता है।



जीवन को यदि हम ध्यान से देखें, तो एक बात स्पष्ट होती चली जाती है, यहां बहुत से काम ऐसे हैं जो कभी भी पूरे नहीं होते, समाप्त नहीं हो जाते, क्योंकि वे बने ही इस प्रकार के हैं कि वे न केवल जीवन भर चलते रह सकते हैं बल्कि चलते ही रहते हैं। मनुष्य की सबसे बड़ी भूल यह है कि वह जीवन को एक 'कार्य-सूची' की तरह देखता है, जैसे कोई दिन आएगा जब सब कुछ निपट जाएगा और अंततः हम फिनिश लाइन पर पहुंच जाएंगे। अस्तित्व में ऐसा कोई बोर्ड नहीं टंगा है। जीवन कोई परियोजना नहीं है जिसे पूरा किया जाना हो, जीवन एक प्रवाह है जिसे जिया जाना है। हम जिस संसार में रहते हैं, वह समाप्तियों से नहीं, निरंतरताओं से बना है। मनुष्य अक्सर यह सोचकर जीता है कि अमुक काम पूरा हो जाए तो चैन मिलेगा, अमुक जिम्मेदारी समाप्त हो जाए तो जीवन सहज हो जाएगा। अनुभव धीरे-धीरे यह सिखा देता है कि ऐसा कोई मोड़ आता ही नहीं जहां लिखा हो कि यहां सब पूर्ण हो गया। ऐसे कामों की सूची बहुत लंबी है जिनका कोई अंत नहीं होता। व्यायाम का कोई अंतिम पड़ाव नहीं है। हम यह नहीं कह सकते कि आज अगर हम स्वस्थ हैं तो हमेशा स्वस्थ रहेंगे ही। स्वस्थ बने रहने के लिए हमें संतुलित दिनचर्या और व्यायाम को जीवन का अंग बनाना ही होगा। यदि यह कहकर रुक जाएं कि हमारा शरीर ठीक है और हमें कुछ और करने की जरूरत नहीं है तो कुछ ही समय में वह ढलान पर आ जाएगा। मानव शरीर स्वयं एक अनंत प्रक्रिया का उदाहरण है। कोशिकाएं लगातार मरती और बनती रहती हैं। मांसपेशियां उपयोग से मजबूत होती हैं और अनुपयोग से क्षीण।

व्यायाम का उद्देश्य कभी 'अंतिम फिटनेस' नहीं होता, बल्कि होमियोस्टैसिस, अर्थात शरीर के संतुलन को बनाए रखना होता है। जिस दिन व्यक्ति यह मान लेता है कि अब व्यायाम की आवश्यकता नहीं, उसी दिन शारीरिक क्षय की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। यह जैव-विज्ञान का सीधा नियम है। यही सिद्धांत मस्तिष्क पर भी लागू होता है। न्यूरोसाइंस बताता है कि मस्तिष्क प्लास्टिक है- अर्थात वह निरंतर बदलता रहता है। सीखना, स्मृति, भावनाएं और आदतें, लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। पालन-पोषण इसी का प्रत्यक्ष उदाहरण है। जीवन में बच्चों का पालन-पोषण एक निरंतर चलने वाला काम है। बच्चे बड़े हो जाते हैं, पर माता-पिता होना समाप्त नहीं होता। रूप बदलता है, भूमिका बदलती है, उत्तरदायित्व बना रहता है। यही स्थिति विवाह की है। अपने जीवनसाथी का साथ देना, उनकी आवश्यकताओं का ही नहीं बल्कि भावनाओं का भी ध्यान रखना जीवन भर का काम है। लेखन, निवेश, सृजन और जीवन के अन्य अनेक क्षेत्र ऐसे ही हैं जहां काम हमेशा चलता रहता है। ऐसे कामों में 'वर्क इन प्रोग्रेस' की स्थिति हमेशा बनी रहती है। जीवन के कुछ पहलू हम चुन सकते हैं, लेकिन जीवन की अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां ऐसी होती हैं जिन्हें कभी पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता। हमारी कठिनाई यह है कि हम अनंत प्रकृति वाले कामों को सीमित-संकुचित सोच से पकडन्ना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि एक दिन ऐसा आए जब हम कह सकें कि अब सब निपट गया, पर जीवन इस भाषा को समझता ही नहीं। जीवन कहता है, चलते रहो, सीखते रहो, सम्हालते रहो। जिस कार्य का स्वभाव ही अनंत हो, उसे सीमित सोच के साथ नहीं किया जा सकता। ऐसे कामों का लक्ष्य यह नहीं है कि उन्हें एक दिन समाप्त कर दिया जाए, छोड़ दिया जाए, बल्कि आवश्यक यह है कि ऐसी दैनिक जीवनशैली अपनाई जाए जिसे लगातार किया जाता रहे, जो हमें उन क्षेत्रों में हर दिन आगे बढन्ने का अवसर दे, जो हमारे जीवन के लिए, जीवन में आनंद के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण हैं। जीवन की इस निरंतरता को स्वीकार करने और रोजमर्रा के अभ्यास में आनंद खोजने के उपाय तलाशने में ही हमारी भलाई है। जीवन एक अनंत खेल जैसा है, इसे सीमित सोच से नहीं, निरंतर साधना की दृष्टि से जिया जाना चाहिए।

## क्या हासिल कीजिएगा

लो जी, पेट्रोल डीजल तीन-तीन रुपये महंगे हो गए। क्रिकेट के प्रेमियों को पेट्रोल डीजल के भाव नहीं देखने चाहिए, वरना बुरे सपने आते हैं। दिल्ली में 91 पर डीजल कह रहा है कि विराट कोहली के हाइएस्ट टेस्ट स्कोर 254 का रिकॉर्ड तोड़ना है, बिना पैड और हेलमेट के। 98 पर नॉटआउट पेट्रोल कह रहा है कि वीरेंद्र सहवाग के हाइएस्ट टेस्ट स्कोर 319 का रिकॉर्ड तोड़ना है। पाकिस्तान वाले हमसे आगे हैं इस मामले में, वो ये रिकॉर्ड बहुत पहले तोड़ चुके हैं। हवाई जहाज कंपनियां पेट्रोल बचाने के लिए 200 की कैपेसिटी वाले जहाज में 400 को लटका देंगी। पेट्रोल बचेगा जी, पक्का। यही तो, बात पेट्रोल बचाने की है, यात्री बचाने की नहीं। आइए इंतजार करें उस इश्तिहार का जो बताएगा कि लटकिए, प्रीमियम अनलिमिटेड लेग स्पेस, बादल आपके पैर छुएंगे। पेट्रोल बचाने के शुरुआती रुझान आ रहे हैं। नेता जी साइकिल पर चल रहे हैं। यह साइकल लक्ज़री बस में चल रही है। लक्ज़री बस सड़क पर चल रही है। पर यह सब फालतू बातें हैं। असल बात सिर्फ यह है कि नेताजी साइकिल पर चल रहे हैं और साइकिल के टायर हवा से चलते हैं। और हवाबाजी की बहुत बड़ी फैक्टरी नेताजी खुद ही हैं। यानी साबित हुआ कि नेताजी साइकिल पर चलकर पेट्रोल बचा रहे हैं देवदास का डायलॉग था—बाबूजी ने कहा गांव छोड़ दो, सबने कहा पारो को छोड़ दो, पारो ने कहा—शराब छोड़ दो, एक दिन आएगा जब वो कहेंगे, दुनिया ही छोड़ दो। ट्रंप ने चीन से लौटकर कहा—चीन ने कहा ईरान छोड़ दो और ईरान ने कहा होर्मुज छोड़ दो। यूरोप ने कहा—टैरिफ छोड़ दो। अब सब कह रहे हैं—व्हाइट हाऊस छोड़ दो। देवदास अमेरिका में भी होते हैं। जो कांड रोके न जा सकते हों, उनके फायदे सोचने चाहिए। बी पॉजिटिव। कैंसिल एग्जाम फिर होंगे, प्रिंटिंग प्रेस वालों को फिर रोज़गार मिलेगा। सीबीआई, ईडी सबको काम, रोजगार मिलेगा। पेपर लीक हुआ तो पता चला —लोग मिल-जुलकर एक-दूसरे के हितों का ख्याल रखते हैं, एक तरफ से पेपर आता है, दूसरी तरफ से नोट आते हैं। पेपर लीक से बने डॉक्टर के पास जो इलाज कराने जाएगा, वह भगवान का नाम सच्चे दिल से लेगा। आस्था मजबूत होगी। अगली बार मां-बाप बच्चे से नहीं कहेंगे 'डॉक्टर बन।' कहेंगे—'बेटा, सही कनेक्शन बना, पेपर आउट करा। इस तरह से बच्चा सही सोहबत में बैठकर एक दिन सचमुच का बड़ा आदमी बन जाएगा। सोना बहुत परेशान था, इतने लोग खरीदने आते थे, उसने निवेदन किया कि प्लीज मत खरीदो, फिर भी लोग नहीं माने। फिर सोना अब इतना उछल गया कि कह रहा है कि औकात हो तो अब खरीदकर दिखाओ।

## समस्या आई है तो जाएगी भी

जीवन में कठिनाइयां तो आती ही रहती हैं इसलिए उनका इतना टेंशन लेना नहीं चाहिए। आजकल एक नयी कठिनाई आ गई है, जो कि पड़ोस में बना रहे मकान से है। मजदूर लोग सुबह 6:00 बजे से ही काम करने लग जाते हैं, जो कि शाम को 7:00 बजे तक चलता है, जबकि बेंगलुरु में नियम के अनुसार मकान कंस्ट्रक्शन का काम सुबह 8:00 बजे से शाम के 7:00 बजे तक ही हो सकता है यह सोसायटी का भी नियम है। हमने अपनी सोसायटी में मैनेजमेंट कमेटी को कहा कि आप उन पड़ोस की मैनेजमेंट कमेटी से बात करें और उन्हें बताएं की सुबह 6:00 बजे से काम करने से नींद पूरी नहीं होती है। एक दिन गुस्से में आकर मैं छत पर जाकर उन पर चिल्ला भी आया, पर उसका भी कोई असर नहीं हुआ। ऐसा लगता है कि केवल मुझे ही समस्या है। मेरे पड़ोस में और तीन मकान है जिनके यहां भी उतनी ही आवाज आती होंगी जितनी मेरे यहां। पता नहीं क्यों वे लोग शिकायत नहीं करते और न ही उस सोसायटी के अन्य पड़ोसी शिकायत करते हैं। जबकि यहां सोसायटी में अधिकतर लोग अमेरिका यूरोप रहकर आए हुए हैं और संभ्रांत हैं परंतु भारत में आकर सब ठेठ भारतीय हो जाते हैं और दूसरे का बिल्कुल ध्यान नहीं रखते। यही काम अगर वे अमेरिका या यूरोप में कर लें तो एकदम से पुलिस को लोग बुला लेंगे और काम बंद हो जाएगा। परंतु यहां तो पुलिस को बुलाना भी किसी सिर दर्द से कम नहीं। पुलिस की आम जनता में जो छवि रही है कि पुलिस पैसे के बिना काम नहीं करती और हम नौकरी-पेशा लोग नौकरी करेंगे या फिर थाने के चक्कर लगाएंगे। मैं, लगभग रोज सुबह ही 6 बजे जैसे ही काम शुरू होता है, वैसे ही उस सोसायटी के सिक्योरिटी को फोन लगाता हूं, रोज आते-जाते हुए उन्हें कहता भी हूं, परंतु वे लोग भी लगता है कि रोकने में अक्षम हैं, ऐसा लगता है कि उनको भी यह बात बहुत छोटी लगती है। जिनके मकान बन रहा है वे तो यहां रहते नहीं है तो हो सकता है उन्हें परेशानी समझ में न आ रही हो और आ भी रही हो, तो वे तो यही चाहेंगे कि काम तेजी से चलता रहे, जिससे कम वक्त में मकान बनाकर तैयार हो जाए। लिखने का मकसद केवल इतना है कि सारे कार्य केवल सरकार और कानून के सहारे नहीं होते, कुछ कार्यों को खुद के अनुशासन और नियमों को पालने से भी समस्या का निराकरण किया जा सकता है।

# हंतावायरस-इबोला से फिर स्वास्थ्य चुनौती

कांगो में तेजी से फैल रहे इबोला वायरस ने चिंता बढ़ा दी है क्योंकि वहां युद्ध की वजह से संक्रमण पर काबू पाना मुश्किल है। इबोला की प्रजाति भी दुर्लभ है जिसे रोकने के लिए कम ही साधन हैं। वायरस संक्रमित लोगों में से एक-तिहाई लोगों की जान ले लेता है। वहीं हंतावायरस की नई चुनौती भी है। कुछ दिन पहले एक क्रूज जहाज, एमवी होंडियस पर हंतावायरस के मामलों ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। अब डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में इबोला का प्रकोप स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए नई चिंता पैदा कर रहा है। यह वायरस हफ्तों से दुनिया के एक ऐसे हिस्से में फैल रहा है, जहां गृह युद्ध की वजह से संक्रमण पर काबू पाना मुश्किल है। साथ ही, इसमें शामिल इबोला की प्रजाति भी दुर्लभ है। इसलिए इस वायरस को रोकने के लिए अधिकारियों के पास कम ही साधन उपलब्ध हैं। यह वायरस संक्रमित लोगों में से लगभग एक-तिहाई लोगों की जान ले लेता है। यह इस महामारी के फैलने का एक बहुत ही नाजुक दौर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक प्रतिनिधि ऐन एन्सिया ने चेतावनी दी है कि डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में इबोला का प्रकोप, जिसने कम से कम 131 लोगों की जान ले ली है, शायद मूल अनुमान से कहीं ज्यादा तेजी से फैल रहा है। डॉ. एन्सिया ने बताया कि जांच से यह और भी साफ होता जा रहा है कि यह बीमारी दूसरे इलाकों में भी फैल चुकी है। अभी तक डीआर कांगो में 513 से ज्यादा मामलों का संदेह है, जबकि पड़ोसी देश युगांडा में एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। लंदन स्थित एमआरसी सेंटर फॉर ग्लोबल इन्फेक्शियस डिजीज एनालिसिस द्वारा जारी किए गए एक मॉडल के अनुसार, इबोला के बहुत से मामले पकड़ में नहीं आए हैं, और इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि मामलों की संख्या 1,000 से अधिक है। दरअसल, मौजूदा प्रकोप जितना अभी दिख रहा है, उससे कहीं ज्यादा बड़ा है और इसका असली दायरा अभी भी अनिश्चित है। 6 अमेरिकी नागरिकों के वायरस के संपर्क में आने की सूचना मिली है। इबोला के अधिकतर मामले छोटे स्तर के ही होते हैं, लेकिन विशेषज्ञ 2014-16 में फैली महामारी को याद करके नए प्रकोप पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। उस समय पश्चिम अफ्रीका में इबोला के सबसे बड़े प्रकोप के दौरान 28,600 लोग संक्रमित हुए थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 'अंतर्राष्ट्रीय चिंता वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य इमरजेंसी' घोषित किया है। लेकिन इसका यह अर्थ बिल्कुल नहीं है कि हम कोविड जैसी किसी बड़ी महामारी के शुरुआती दौर में पहुंच गए हैं। पूरी दुनिया के लिए इबोला से होने वाला खतरा अब भी कम है। वर्ष 2014-16 में इबोला महामारी के दौरान भी ब्रिटेन में इबोला के केवल तीन मामले सामने आए थे, और वे सभी स्वास्थ्यकर्मी थे जो स्वेच्छा से मदद के लिए आगे आए थे। ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी के पैंडेमिक साइंसेज इंस्टिट्यूट की वैज्ञानिक डॉ. अमांडा रोजेक का कहना है कि नए प्रकोप पर काबू पाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आपसी तालमेल की जरूरत है। युगांडा, दक्षिण सूडान और रवांडा जैसे पड़ोसी देशों के लिए यह इबोला अब भी एक बड़ा खतरा बना हुआ है।



## एक नजर

### मेलाघाट में नदी कटाव क्षेत्र का आपदा सचिव ने किया निरीक्षण

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार गुरुवार को मेलाघाट, खटीमा स्थित जगबूड़ा नदी में हो रहे कटाव का क्षेत्र के आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नदी कटाव से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नदी कटाव रोकने हेतु किए जा रहे कार्यों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी भी साझा की। आपदा सचिव ने मानसून से पूर्व सभी आवश्यक सुरक्षा एवं बचाव कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रमेश चन्द्र जोशी, अपर जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता आनंद नेगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके पश्चात कैंप कार्यालय में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद ऊधम सिंह नगर एवं चंपावत के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में आपदा प्रबंधन, नदी कटाव रोकथाम, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा मानसून से पूर्व तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

### 0.0 160 हेक्टेयर भूमि की नीलामी तहसील में 28 मई को

**खटीमा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट चंपावत के आदेश दिनांक 6 अगस्त 2025 के अनुपालन में बकायेदार रमेश चंद्र पांडे के हिस्से की मुड़ेली ग्राम की भूमि नीलम की जा रही है। तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण ने जारी नीलामी सूचना में खतौनी खाता संख्या 79 नया खाता संख्या 000 90 खसरा संख्या 698 रखवा 0 .0160 हेक्टेयर धारा 85 दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत नीलाम किया जाना है। तहसीलदार सजवाण ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि बकायेदार रमेश चंद्र पांडे के हिस्से की उक्त भूमि की सार्वजनिक नीलामी सार्वजनिक रूप से नीलामी 28 में 2026 को दोपहर 2 :00 बजे तहसील परिसर में की जाएगी।

# 44 जिलों में हुई लेखपाल भर्ती परीक्षा, लखनऊ के केंद्र में उड़ी पेपर लीक की अफवाह; 82.29 % हुए शामिल

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** प्रदेश में 7994 पदों पर लेखपाल भर्ती के लिए बृहस्पतिवार को प्रदेश के 44 जिलों के 861 केंद्रों पर लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में पंजीकृत 366712 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 301756 कुल 82.29 फीसदी अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन व शासन स्तर से कड़ी निगरानी की गई।

परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक एक पाली में आयोजित की गई थी। इसमें परीक्षा शुरू होने पर राजधानी के गोपीनाथ लक्ष्मणदास रस्तोगी इंटर कॉलेज, ऐशबाग के एक कमरे से पेपर लीक होने की अफवाह उड़ी। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा इसका सत्यापन जिला प्रशासन व अन्य अधिकारियों से किया गया। इसमें यह सूचना गलत पाई गई।

आयोग के सचिव हरिकेश चौरसिया के अनुसार वहां पर ओएमआर व पेपर सील पैकेट में सुरक्षित थे। कमरा संख्या 21 के कुछ अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने के पहले भ्रम में उठकर कमरे से बाहर आ गए थे, जिन्हें वहां उपस्थिति अधिकारियों ने सही जानकारी देते हुए परीक्षा में वापस शामिल कराया। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर के शिवकुमार अग्रवाल जनता इंटर कॉलेज, जहांगीराबाद केंद्र पर एक संदिग्ध अभ्यर्थी मिला।

बायोमीट्रिक व अन्य डाटा से मिलान कर उसके खिलाफ कार्यवाही के लिए स्थानीय पुलिस को दे दिया गया। आयोग की ओर से शुचितापूर्ण परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों, जिला मुख्यालयों और आयोग मुख्यालय पर बने कंट्रोल कमांड रूम से सीसीटीवी से लगातार निगरानी की गई। बायोमीट्रिक वेरीफिकेशन और एआई का प्रयोग कर किसी दूसरे के परीक्षा में शामिल होने के प्रयासों को रोका गया। परीक्षा के दौरान 861 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 861 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 34378 कक्ष निरीक्षण तैनात थे।

# हाईकोर्ट का बड़ा फैसला: लखनऊ महापौर के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार फ्रीज, डीएम देखेंगे काम

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बृहस्पतिवार को राजधानी के वार्ड संख्या-73 फैजुल्लागंज से निर्वाचित पार्षद ललित किशोर तिवारी को पांच महीने के बाद भी पद एवं गोपनीयता की शपथ न दिलाए जाने पर सख्त नाराजगी जताते हुए लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार फ्रीज कर दिए हैं। कोर्ट ने जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को अगले आदेश नगर निगम का काम देखने के लिए कहा है।

न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति एसक्यूएच रिजवी की खंडपीठ ने यह आदेश ललित किशोर तिवारी की याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया। याचिकाकर्ता ने बताया कि निर्वाचन न्यायाधिकरण ने उन्हें 19 दिसंबर 2025 को निर्वाचित घोषित किया था लेकिन अब तक उनको शपथ नहीं दिलाई गई है। इस बीच पूर्व निर्वाचित सदस्य अभी भी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट से भी 20 मई को मामले के पक्षकारों को राहत नहीं मिली।

हाईकोर्ट में यह मामला बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए लगा। हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान स्पष्ट रूप से कहा था कि यदि अगली सुनवाई की तिथि 21 मई तक शपथ नहीं दिलाई गई तो लखनऊ के जिला मजिस्ट्रेट, नगर आयुक्त और महापौर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब देना होगा। बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी और नगर आयुक्त पेश हुए। अदालत ने निर्वाचित पार्षद ललित किशोर तिवारी को शपथ न दिलाए जाने पर अफसरों को फटकार लगाई। साथ ही पिछली सुनवाई के समय के आदेश का पालन न करने पर महापौर के अधिकार फ्रीज कर दिए।

> अभी कोर्ट का आर्डर नहीं मिला है मगर जो आदेश होगा उस पर अमल किया जाएगा। अभी अस्पताल में हूं। दो-तीन में वहां से आने के बाद आदेश देखकर आगे की कार्यवाही करूंगी।
>
> - सुषमा खर्कवाल, महापौर

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पीलीभीत रोड पार्टी कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक भुवन चंद्र कापड़ी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक कापड़ी ने राजीव गांधी के जीवन, व्यक्तित्व एवं देश सेवा, विकास कार्यों में उनके महत्वपूर्ण योगदान की जानकारी दी और कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माण की सोच रखने वाले दूरदर्शी नेता थे।

सूचना, दूर संचार क्रांति की नींव रखने वाले कंप्यूटर एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र को बढ़ावा देने, युवाओं को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने, पंचायत राज व्यवस्था को मूल रूप मजबूत करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विधायक कापड़ी ने कहा कि राजीव गांधी के भारत को 21वीं सदी के भारत के रुपए देखने का सपना देखा था। उनके विचार युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं।

इस अवसर पर पूर्व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्य, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस नीरज कन्याल, नगर अध्यक्ष गुलफाम, व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष जरीफ, जगदीश चंद्र, गोपाल चंद्र, प्रदीप कुमार, शादाब हुसैन, पवन कुमार, करन राजपूत आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# ज्य कर्मचारियों की हुई बल्ले-बल्ले, डीए की बढ़ोत्तरी के बाद इतना होगा वेतन; 16 लाख कर्मचारियों को लाभ

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते (डीए) में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। इसके साथ ही डीए 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। बढ़ा हुआ डीए एक जनवरी 2026 से लागू होगा। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने शासनादेश जारी कर दिया है। इस फैसले से प्रदेश के करीब 16.35 लाख राज्य कर्मचारियों और 11.52 लाख पेंशनरों को लाभ मिलेगा। यानी कुल मिलाकर लगभग 28 लाख कर्मचारी और पेंशनर बढ़े हुए महंगाई भत्ते का फायदा पाएंगे।

जारी आदेश के अनुसार राज्य सरकार के नियमित, पूर्णकालिक कर्मचारियों, सहायता प्राप्त




शिक्षण एवं प्राविधिक संस्थाओं के कर्मचारियों, शहरी स्थानीय निकायों के कर्मचारियों तथा कार्य प्रभारित कर्मचारियों को बढ़े हुए डीए का लाभ मिलेगा। एक जनवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक के डीए एरियर का भुगतान सीधे नकद नहीं किया जाएगा। यह राशि कर्मचारियों के भविष्य निधि (जीपीएफ) अथवा राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) खातों में जमा की जाएगी। मई 2026 के वेतन से कर्मचारियों को बढ़े हुए डीए का नकद भुगतान शुरू होगा।

आदेश में कहा गया है कि जिन कर्मचारियों का जीपीएफ खाता नहीं है, उनकी एरियर राशि पीपीएफ या राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र के रूप में जमा कराई जाएगी। वहीं, जो कर्मचारी 1 जनवरी 2026 से पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं या 30 अप्रैल 2026 तक सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उन्हें डीए एरियर का भुगतान नकद किया जाएगा। राज्य सरकार ने यह फैसला केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 60 प्रतिशत किए जाने के बाद लिया है।

### 1300 करोड़ का पड़ेगा अधिभार

महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की वृद्धि से सरकारी खजाने पर भी अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ेगा। इससे सरकार पर सालाना करीब 1300 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ सकता है। इससे पहले अक्टूबर 2025 में डीए में तीन प्रतिशत वृद्धि पर सरकार ने करीब 1960 करोड़ रुपये अतिरिक्त व्यय का अनुमान जताया था।

# प्रेम-संबंध के कारण किशोरी की हत्या! शव के छह टुकड़े कर ट्रेन में फेंका, पिता समेत तीन गिरफ्तार

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कथित ऑनर किलिंग का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस के एस-1 कोच में बॉक्स के अंदर मिले 16 वर्षीय किशोरी के शव मामले में जीआरपी ने उसके पिता समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने किशोरी की हत्या कर शव के छह टुकड़े किए और उसे ट्रेन में छोड़ दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुशीनगर निवासी विग्गन अंसारी (44), उसकी बहन नूरजहां (55) और बहनोई मोजीबुल्ला अंसारी (65) के रूप में हुई है। तीनों को कुशीनगर से गिरफ्तार किया गया।

दरअसल, 17 मई को गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में रेलवे कर्मचारियों को सीट के नीचे एक लावारिस बॉक्स मिला था। सूचना पर पहुंची जीआरपी टीम ने जब बॉक्स खोला तो अंदर एक किशोरी का शव छह टुकड़ों में मिला। हालांकि शव का सिर गायब था।

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने कई रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कुशीनगर जिले के तमकुही रेलवे स्टेशन के फुटेज से पुलिस को अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। रेलवे एसपी रोहित मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के पास से हत्या और शव के टुकड़े करने में इस्तेमाल किए गए दो "बांका" बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतका शब्बा का किसी युवक के साथ प्रेम संबंध था, जिससे परिवार नाराज था।

# यूपी में 9 आईपीएस अफसरों के तबादले, बिनोद सिंह को UP-112 का अतिरिक्त प्रभार

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ IPS अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बड़ा फेरबदल किया है। इस क्रम में कई महत्वपूर्ण पदों पर नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जय नारायण सिंह को यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ से हटाकर ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) उत्तर प्रदेश, लखनऊ का पुलिस महानिदेशक बनाया गया है।

ध्रुव कान्त ठाकुर को पुलिस महानिदेशक, होमगार्ड उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पद पर बरकरार रखते हुए नागरिक सुरक्षा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बिनोद कुमार सिंह को CID और साइबर क्राइम की जिम्मेदारी के साथ अब यूपी-112, लखनऊ का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

आलोक सिंह को PAC मुख्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ का पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। उनके पास विशेष सुरक्षा बल का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा।अनुपम कुलश्रेष्ठ को कानपुर जोन का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। ए. सतीश गणेश को यातायात एवं सड़क सुरक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी के साथ-साथ अपराध शाखा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। डॉ. आर.के. स्वर्णकार को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ में अपर पुलिस महानिदेशक की जिम्मेदारी दी गई है। एस.के. भगत को आगरा जोन, आगरा का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है।गीता सिंह को पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सीएम योगी की हाई-लेवल बैठक, यूपी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 की तैयारी तेज, 7 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जीबीसी 5.0 के माध्यम से सात लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जनपद में निवेश सुनिश्चित किया जाए और जिलों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

जीबीसी 5.0 का लाभ प्रदेश के सभी जिलों को मिलना चाहिए। जनपदों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देना जरूरी है। इस अवसर पर इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने लीड्स 2025 रैंकिंग में उत्तर प्रदेश को प्राप्त एग्जेम्प्लर अवार्ड मुख्यमंत्री को समर्पित किया। अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश लॉजिस्टिक्स एवं अवस्थापना विकास में देश का अग्रणी राज्य बना है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए इन्वेस्ट यूपी टीम को बधाई दी। बैठक में जीबीसी 5.0 आयोजन का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रदर्शनी को आठ जोन में विभाजित किया गया है। प्रथम जोन 'व्हाई यूपी' में प्रदेश के बदले परिदृश्य को दर्शाया जाएगा। अन्य जोन में अवस्थापना परिवर्तन, रक्षा एवं एयरोस्पेस, ईवी व हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, वस्त्र उद्योग, पर्यटन तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षा गलियारे में भूमि की मांग तेजी से बढ़ी है, इसके लिए लैंडबैंक बढ़ाना होगा।

# यूपी की सभी यूनिवर्सिटी-कॉलेजों में लागू होगा ड्रेस कोड, राज्यपाल ने दिए आदेश

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुशासन, कौशल आधारित शिक्षा और गुणवत्ता सुधार पर जोर देते हुए राज्य के सभी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए पोशाक व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिये। जारी बयान के अनुसार, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को जन भवन में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया से संबद्ध शासकीय एवं वित्तपोषित महाविद्यालयों की समीक्षा बैठक एवं प्रस्तुतीकरण संपन्न हुआ।

बैठक में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों की शैक्षणिक, प्रशासनिक, आधारभूत एवं छात्र हित संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। राज्यपाल, राज्य सरकार द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति भी हैं। उन्होंने सभी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए यूनिफार्म व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिये। उन्होंने छात्राओं को रोजगारपरक एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारंभ करने पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से ब्यूटीशियन, मेहंदी, बिंदी निर्माण, अकाउंटेंसी तथा मोटे अनाज आधारित व्यंजन बनाने जैसे पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि छात्राएं स्वरोजगार प्राप्त कर सकें।

तैयारी — सीएम योगी ने दिए बिजली- अस्पताल को लेकर दिशा-निर्देश

# प्रदेश में प्रचंड गर्मी को देखते हुए अलर्ट पर सरकार

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के दृष्टिगत अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और गर्मी से होने वाली अन्य समस्याओं से बचाने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और राहत एजेंसियां अलर्ट मोड में रहें तथा किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए।



सीएम ने अधिकारियों को अस्पतालों, पेयजल व्यवस्था और बिजली आपूर्ति की लगातार निगरानी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी में अधिक परेशानी बिजली कटौती और पानी की कमी से होती है। सभी डीएम अपने जिलों में नियमित समीक्षा करें और समस्याओं का तत्काल समाधान कराएं। सरकारी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों के इलाज के इंतजाम रहें। आवश्यक दवाएं, बेड, आईवी फ्लूइड और डॉक्टरों की उपलब्धता हो। एंबुलेंस सेवाओं को भी सक्रिय रखा जाए। बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखा जाए। दोपहर में बच्चों को अनावश्यक रूप से बाहर न जाने दें। बुजुर्गों को भी तेज धूप से बचाने के साथ नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं। ढीले सूती कपड़े पहनें जो शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं। अधिक से अधिक पानी ओआरएस और नींबू पानी जैसे पेय पदार्थों का सेवन करें तथा धूप में निकलते समय सिर को ढकें।

### आग से बचाव का रहे इंतजाम

सीएम ने कहा कि गर्मी में छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकती है। खेतों, बाजारों, गोदामों और रिहायशी इलाकों में अग्नि सुरक्षा उपायों को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए। ऐसी कोई भी लापरवाही न हो, जिससे आग लगने का अंदेशा हो। फायर विभाग पूरी तैयारी रखे। निर्माण कार्यों और खुले स्थानों पर काम करने वाले श्रमिकों को लू, थकावट और निर्जलीकरण से बचाने के कदम उठाएं। कार्यस्थलों पर पेयजल, छाया व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था हो। श्रमिकों से लगातार काम न कराया जाए। सभी विभाग किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी रखें। आमजन को गर्मी व लू से बचाव के उपायों के बारे में बताएं।

# यूपी के बड़े शहरों में बदलेगा ट्रैफिक रूट, अब पूरे प्रदेश में होगा लागू लखनऊ-नोएडा का सफल फॉर्मूला

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ, कानपुर और नोएडा में विगत छह माह से संचालित ट्रैफिक प्लॉन सफल साबित हो रहा है। ऐसी स्थिति में यातायात निदेशालय प्रदेश के अन्य महानगरों में इस योजना को लागू कर सकती है। बताया जा रहा है कि जल्द ही इस योजना को लागू करने को लेकर शासन और यातायात निदेशालय के बीच बैठक होने जा रही है।

गौरतलब हो कि यातायात निदेशालय ने डेमो के तौर पर लखनऊ, कानपुर और नोएडा में यातायात डायवर्जन प्लान लागू किया था। यातायात विभाग का मानना है कि इस नई व्यवस्था से तीनों महानगरों में अपेक्षित रिस्पांस मिला। ट्रैफिक जाम की सूचनाएं कम आई। लखनऊ में भी नए ट्रैफिक डायर्जन प्लान को लेकर शिकायतें कम आई हैं।

इसे देखते हुए यातायात निदेशालय जल्द ही अन्य महानगरों में इस नई व्यवस्था को लागू करने की योजना बना रहा है। अधिकारियों का मानना है कि अन्य महानगरों में इसी तर्ज पर यातायात व्यवस्था लागू की जाएगी। जल्द ही शासन को इस व्यवस्था के बारे में अवगत कराया जाएगा, ताकि अनुमित मिलने के बाद अन्य महानगरों में व्यवस्था लागू की जाए।

## एक नजर

### ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने 'भुगतान चेतावनी दिवस' पर सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत।** चिटफंड कंपनियों और फर्जी सोसाइटियों में फंसी जमा राशि वापस दिलाने की मांग को लेकर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार (TPJP) संगठन ने 'भुगतान चेतावनी दिवस' मनाया। संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पीड़ित निवेशकों का पैसा ब्याज सहित लौटाने तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बड्स एक्ट 2019 के तहत लंबित भुगतान दावों पर जल्द कार्रवाई कर संपत्तियां जब्त करने और पीड़ितों को भुगतान दिलाने की मांग उठाई गई। संगठन ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर 31 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में संसद भवन का शांतिपूर्ण घेराव किया जाएगा। इस दौरान दुर्गापाल, बलराम मंडल, इस्लाम अंसारी, मोहम्मद हबीब हुसैन, अमर सिंह, बलजीत कौर, खेमकरन लाल और मोहम्मद सगीर अहमद सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बिना मान्यता संचालित मदरसा कराया गया बंद

## संचालक गिरफ्तार, खरीद में लगी रकम की होगी जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पूरनपुर।** बिना मान्यता और बिना पंजीकरण के संचालित किए जा रहे एक मदरसे को पुलिस ने बंद करा दिया। कार्रवाई के दौरान मदरसा संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने संचालक को शांति भंग में चालान कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया ता. महाराजपुर में बिना मान्यता और बिना पंजीकरण के ही मदरसा का संचालन होता है। पुलिस को काफी समय से गांव में अवैध रूप से मदरसा संचालित होने की सूचनाएं मिल रही थीं। गुरुवार को पुलिस टीम ने गांव पहुंच कर मदरसे की जांच की। इस दौरान संचालक से मदरसे की मान्यता, पंजीकरण और संचालन से जुड़े दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में सामने आया कि मदरसा बिना किसी सरकारी अनुमति के संचालित किया जा रहा था, इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मदरसे को बंद करा कर सील कर दिया। पुलिस टीम ने मदरसे परिसर की जांच भी की और वहां मौजूद दस्तावेजों को कब्जे में लिया। पुलिस ने संचालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई है कि जिस जमीन पर मदरसा संचालित किया जा रहा था, उसकी खरीद हाल ही में की गई थी। जमीन खरीद में इस्तेमाल धनराशि को लेकर संदेह जताया जा रहा है। मामले को गंभीर मानते हुए एसपी ने जमीन खरीद में लगी रकम की जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मदरसे में कितने बच्चे पढ़ रहे थे और यहां बाहरी लोगों का आना-जाना तो नहीं था। पुलिस हिरासत में लिए गए संचालक से पूछताछ कर उसका शांतिभंग में चालान कर दिया। कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा। पुलिस ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या अवैध गतिविधि सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## रास्ता बंद होने से राजीव कॉलोनीवासी परेशान

**पीलीभीत।** राजीव कॉलोनी बरहा के निवासियों ने कॉलोनी का मुख्य मार्ग बंद किए जाने के विरोध में जिलाधिकारी को सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपकर रास्ता दोबारा खुलवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग उनके आवागमन का इकलौता रास्ता था, जिसके बंद होने से हजारों लोग प्रभावित हो रहे हैं। शिकायत के अनुसार, गन्ना फैक्ट्री के पास स्थित कॉलोनी में नलकूप विभाग की पुरानी खाली पड़ी जगह को लोग लंबे समय से रास्ते के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे। आरोप है कि 20 मई को एसडीएम सदर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और रास्ते के बीच दीवार खड़ी करवा दी, जिससे आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। कॉलोनीवासियों ने बताया कि रास्ता बंद होने से बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जनहित में मार्ग को तत्काल खुलवाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र पर आकाश, इंद्र सिंह, रमेश, भगवान दास, विवेक, शेर सिंह, अजय पाल आदि के हस्ताक्षर हैं।



# चालू रास्ते में पोल लगाने से किसानों में आक्रोश, एसडीएम से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**माधोटांडा।** तहसील कलीनगर क्षेत्र के ग्राम केसरपुर में चालू कच्चे रास्ते पर अवैध पोल लगाए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीण एवं किसानों ने इस संबंध में कलीनगर एसडीएम प्रमेश कुमार को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता गुरदीप सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी ग्राम केसरपुर ने बताया कि गांव का पुराना चालू रास्ता जसपाल पुत्र तेजा सिंह के घर एवं खेत के सामने से होकर पीलीभीत टाइगर रिजर्व जंगल की ओर जाता है। इसी रास्ते से दर्जनों किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं कृषि यंत्र लेकर अपने खेतों तक पहुंचते हैं। आरोप है कि गांव के गुरमीत सिंह पुत्र बलदेव सिंह ने रास्ते के बीच में सीमेंट के पोल लगा दिए हैं, जिससे रास्ता संकरा हो गया है और किसानों को खेती कार्य करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने एसडीएम प्रमेश कुमार से अवैध पोल हटवाकर रास्ता सही रूप से खुलवाने तथा मार्ग पर खड़ंजा निर्माण कराने की मांग की है। एसडीएम ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## न्यूरिया में दंपती को बेल्टों से पीटा, दो गिरफ्तार

**पीलीभीत।** टनकपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान हुई मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि विवाद के बाद कुछ दबंगों ने न्यूरिया रेलवे स्टेशन के बाहर एक युवक और उसकी पत्नी को घेरकर बेल्टों से बेरहमी से पीट दिया।

घटना में दोनों घायल हो गए। पीड़िता बिलासो देवी निवासी ग्राम पंडरी के अनुसार, उनका परिवार टनकपुर से लौट रहा था। इसी दौरान एक युवक ने उनके बेटे युगेन्द्र को धक्का दे दिया। विरोध करने पर आरोपी ने देख लेने की धमकी दी। शाम को न्यूरिया स्टेशन पहुंचने पर आरोपी अपने साथियों के साथ पहले से मौजूद मिला और उसने युगेन्द्र व बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी नीतू पर हमला कर दिया। शोर मचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। न्यूरिया थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर BNS की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर समीर और आरिश नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# नगर से लेकर देहात क्षेत्र में बिजली कटौती से हाहाकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर गई। क्षेत्र के लोगों को पूरी रात जाग कर काटनी पड रही है। पूरी रात में चंद घंटे ही बिजली आपूर्ति मिल सकी।

पूरनपुर, घुंघचाई सहित क्षेत्र के सभी बिजली उपकेंद्र क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति की स्थिति खराब बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि बुदवार की शाम से ही बिजली की आंख मिचौली शुरू हो गई। बिजली कुछ देर आती और फिर अचानक चली जाती। कई बार तो स्थिति यह रही कि कटौती के बाद तीन-तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। भीषण गर्मी में बिजली न मिलने से पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण बंद पड़े रहे। बुजुर्गों और बीमार लोगों को रातभर गर्मी से जूझना पड़ा। कई परिवार घरों से बाहर निकलकर खुले आसमान के नीचे बैठने को मजबूर हो गए। गांवों में जगह-जगह लोग हाथ के पंखों और कागज से हवा करते नजर आए। ग्रामीण इलाकों में रात्रि को एक दो घंटे ही बिजली मिल रही है। पूरी रात जागकर काटनी पड रही है। लोगों का कहना है कि शिकायत करने के बाद भी अधिकारी केवल तकनीकी खराबी का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचते नजर आते हैं। किसानों को भी बिजली संकट से परेशानी झेलनी पड़ रही है। रात में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल नहीं चल पाए, जिससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हुई।

## गोपालपुर पुल के पास दो बाइकों की भिड़ंत

**पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र के गोपालपुर पुल के पास गुरुवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बाइकें तेज रफ्तार में विपरीत दिशाओं से आ रही थीं। दुर्घटना में एक बाइक पर सवार शिवपुरिया निवासी कन्यावती व उनका रिश्तेदार वीरपाल घायल हुए, जबकि दूसरी बाइक पर सवार अजीतपुर बिल्हा निवासी मनोज व राजीव को चोटें आईं। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। डॉक्टरों ने एक घायल की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# एसडीएम के आश्वासन पर नहीं माने भाकियू कार्यकर्ता, दूसरे दिन भी आंदोलन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पूरनपुर।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (भानू) का चल रहा धरना प्रदर्शन गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

किसानों ने तहसील परिसर में धरना देकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालात को देखते हुए पुलिस बल तैनात रहा और पूरे दिन तहसील परिसर में गहमागहमी बनी रही। धरने पर बैठे भाकियू भानू पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि किसानों की समस्याओं को लेकर कई बार अधिकारियों को ज्ञापन दिए गए, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पिपरिया दुलई में अभी तक अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। जबकि अधिकारियों ने कब्जा हटाने का आश्वासन दिया था। किसानों ने गन्ना भुगतान, बिजली समस्या, राजस्व संबंधी मामलों और आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान समेत कई मुद्दों को उठाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अजीत प्रताप सिंह धरनास्थल पर पहुंचकर किसानों से वार्ता की और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके बावजूद कार्यकर्ता नहीं माने और लिखित आश्वासन के साथ तय समय सीमा में कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। भाकियू भानू नेताओं ने साफ कहा कि जब तक प्रशासन उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं करता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। किसानों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के चलते तहसील परिसर में पूरे दिन अफरा-तफरी का माहौल रहा। बड़ी संख्या में किसानों की मौजूदगी से प्रशासनिक अधिकारियों में भी हलचल बनी रही। इस दौरान बडी संख्या में लोग व महिलाएं मौजूद रहीं।

# ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भुगतान चेतावनी दिवस मनाते हुए गुरुवार को तहसील में पहुंच कर विरोध किया। विभिन्न कंपनियों में फंसी जमाकर्ताओं की रकम वापस दिलाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद संगठन की ओर से मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसील प्रशासन को सौंपा गया। जिसमे कहा गया है कि कई निवेश और चिटफंड कंपनियों ने लोगों को अधिक मुनाफे का लालच देकर करोड़ों रुपये जमा कराए थे। लेकिन समय पूरा होने के बाद भी जमाकर्ताओं की धनराशि वापस नहीं की गई। इससे हजारों परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि गरीब, मजदूर, किसान और छोटे व्यापारियों ने अपनी जीवनभर की कमाई इन कंपनियों में जमा की थी। रकम वापस न मिलने से लोगों के सामने रोजमर्रा का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। कई परिवार बच्चों की पढ़ाई और बेटियों की शादी तक नहीं कर पा रहे हैं। सरकार से मांग की कि ठगी करने वाली कंपनियों की संपत्तियों को जल्द जब्त कर जमाकर्ताओं का पैसा वापस करा कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में मांग उठाई गई कि केंद्र और राज्य सरकार ठगी पीड़ित जमाकर्ताओं के लिए विशेष नीति बनाकर उनकी धनराशि वापस कराने की व्यवस्था करें। प्रदर्शन के दौरान संगठन के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में जमाकर्ता मौजूद रहे।

## बिना फिटनेस और ओवरलोड वाहन सीज

**पीलीभीत।** एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने पीलीभीत-बीसलपुर और पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग पर स्कूली वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान बिना वैध प्रपत्र के बच्चों को ढो रही एक जाइलो तथा क्षमता से अधिक 14 बच्चों को ले जा रहे एक ऑटो रिक्शा का चालान किया गया। जांच में दो स्कूली वाहनों की फिटनेस अवधि समाप्त मिली। इनमें एक वाहन की फिटनेस हाल ही में खत्म हुई थी, जबकि दूसरे की फिटनेस वर्ष 2022 से समाप्त थी। दोनों वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। अभियान के तहत ओवरलोड वाहनों पर भी कार्रवाई करते हुए एक वाहन को बीसलपुर थाने और दूसरे को पूरनपुर चीनी मिल चौकी में निरुद्ध कराया गया।

# एनएचएम कर्मचारियों का मानदेय को लेकर प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** गुरुवार को सीएचसी में तैनात एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने मानदेय न मिलने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार कर दिया। अचानक हुए इस आंदोलन से अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गईं और मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें लंबे समय से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। भुगतान ना मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। घरेलू खर्च के अलावा बच्चों की पढाई, पुस्तकें आदि खरीदने के लिए संकट बना हुआ है। तीन माह से उनको भुगतान नही मिला है। जिससे आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ऐसे में मजबूरी में उन्हें कार्य बहिष्कार का कदम उठाना पड़ा। सूचना मिलने पर संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। धरना प्रदर्शन के चलते स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो गई। स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होने से मरीजों को लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ी, जिससे अस्पताल परिसर में अव्यवस्था की स्थिति बनी रही। इस दौरान कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजीव गांधी पुण्यतिथि: कांग्रेस ने बांटे फल

**पीलीभीत।** जिला व शहर कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि को 'आतंकवाद विरोधी दिवस' के रूप में मनाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में सूचना क्रांति और आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। वहीं शहर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार ने युवाओं को 18 वर्ष में मतदान का अधिकार देने और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। इस दौरान रामनाथ, नरेश शुक्ला, हरीश कुमार सिंह मौर्य, अभिनय गुप्ता गोल्डी, युसूफ मलिक, संदीप गंगवार आदि रहे।

# द वर्डेंट पब्लिक स्कूल में 'नैतिक मूल्यों, प्रेरणा एवं अनुशासन' विषय पर प्रेरणादायक सेमिनार आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय



द वर्डेंट स्कूल में सेमिनार में भाग लेते बच्चे। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** द वर्डेंट पब्लिक स्कूल, धनाराघाट रोड पूरनपुर में विद्यार्थियों के नैतिक एवं सामाजिक विकास को ध्यान में रखते हुए "नैतिक मूल्यों, प्रेरणा एवं अनुशासन" विषय पर एक प्रेरणादायक शैक्षिक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार, अनुशासन, सम्मान एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक मोहम्मद असद खान ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का होना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी, दयाभाव, जिम्मेदारी, अच्छा चरित्र, समय पालन, आत्म-नियंत्रण, सकारात्मक सोच, सहनशीलता, लक्ष्य निर्धारण एवं हार न मानने जैसे गुणों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या देवेंद्र कौर ने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व बताते हुए समय का सदुपयोग करने और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका विद्यालय प्रबंधन द्वारा सरल एवं प्रेरणादायक तरीके से उत्तर दिया गया। कार्यक्रम में इंचार्ज संजीव कुमार, फरहा खान सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। अंत में विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## नकदी और आभूषण लेकर किशोरी गायब, मुकदमा

**पूरनपुर।** नगर के एक मोहल्ला निवासी एक महिला ने बताया कि 15 मई की वह अपनी रिश्तेदारी में खुटार गई थी। वह अपनी मां को घर पर छोड़ गई 116 मई को सुबह जब उसकी मां पानी पीने के लिए उठी तो उसकी पुत्री गायब मिली। काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। सूचना पर वह रिश्तेदारी से वापस घर लौटी। काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। उसकी पुत्री घर में रखी कान के झुमके, दो अंगूठी सोने की, पेंडिल, पायल व पचास हजार की नकदी भी ले गई।




## भीषण गर्मी में शाहजी मियां का उर्स संपन्न

**पीलीभीत।** हजरत शाहजी मियां के 123वें सालाना उर्स में भीषण गर्मी और 41 डिग्री तापमान के बावजूद अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। बरेली, लखीमपुर, शाहजहांपुर और उत्तराखंड समेत कई राज्यों से पहुंचे हजारों जायरीन ने दरगाह शरीफ पर चादरपोशी कर अमन-चैन की दुआ मांगी। उर्स के दौरान पूरा दरगाह परिसर सूफियाना कलामों से गूंजता रहा। कव्वालों ने बेहतरीन कलाम पेश कर अकीदतमंदों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उर्स के तीसरे दिन नमाज-ए-ईशा के बाद भव्य मुशायरे का आयोजन किया गया। रजी खान की निजामत में बहेड़ी, रिछा, खटीमा और पीलीभीत से आए नामचीन शायरों ने शाहजी बाबा की शान में शानदार कलाम पेश कर समां बांध दिया।

# जर्जर सड़क से राहगीर बेहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पूरनपुर।** दियूरिया कला लिंक रोड से सिमराया गांव के स्कूल तक सड़क का निर्माण कार्य अधूरा पडा हुआ है। जिससे कई गांवो के लोगों को आवागमन में परेशानियां उठानी पड रही है।

घुंघचाई-दियूरियाकलां लिंक मार्ग से सिमराया के प्राथमिक स्कूल तक जाने वाला मार्ग कई साल से अधूरा पडा हुआ है। सड़क लंबे समय से जर्जर होने से दिक्कतें का सामना करना पड़ रहा था। यह सड़क झुकुरिया होती हुए कबीरपुर कसगंजा गांव से जोड़ती है। सड़क जर्जर होने से क्षेत्रीय लोगों की मांग पर इस सड़क के सुंदरीकरण व चौड़ीकरण के लिए मंजूरी मिली थी। कुछ सड़क बनाने के बाद छोड दी गई थी। जो आज भी अधूरी पडी हुई है। जिससे आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। स्कूली बच्चे भी परेशान हो रहे हैं। सड़क पूरी तरह से उखड कर गड्ढो में तब्दील हो गई है। बजरी और पत्थर उखड कर गायब हो गए। आए दिन वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे है। कई बार अधूरी पडी सडक का निर्माण कराने की मांग की लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। जिससे कई गांवो के लोगों को आवागमन में परेशानियां हो रही हैं।

## महिला को बाल पकड़कर पीटा, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** सिकरहाना गांव में महिला को जमीन पर पटकर उसकी पिटाई कर दी। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव सिकरहाना निवासी शकुंतला देवी ने बताया कि वह अपने घर पर अकेली थी। उसके पति किसी काम के लिए बाहर गए हुए थे। इसी दौरान गांव निवासी कुछ लोग उसके घर पर आए और गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर सभी लोग घर में घुस आए और उसको बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद लात घूंसों से उसकी पिटाई लगाई। शोर मचाने पर आरोपी उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने राम रतन, प्रेमपाल, अंकित व अश्वनी कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

## बहू ने सास पर हमला कर किया घायल

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कायस्थान निवासी भागवती ने बताया कि उसकी पुत्रवधू आए दिन उसके साथ विवाद कर मारपीट करती रहती है। गुरुवार को सुबह घरेलू विवाद के चलते बहू ने अपनी सास को गालियां देना शुरू कर दिया। देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि बहू ने गुस्से में आकर सास पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया और घायल महिला को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पेड़ से टकराई ट्रांसफार्मर लदी पिकअप, चालक की हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बदायूं-दातागंज हाईवे पर लखनपुर ईंट भट्ठे के पास बुधवार रात एक पिकअप वाहन पेड़ से टकरा गया। हादसे में पिकअप चालक की मौत हो गई। वाहन में ट्रांसफार्मर लदा था।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में बुधवार रात सड़क हादसा हो गया। बदायूं-दातागंज हाईवे पर लखनपुर ईंट भट्ठे के पास विद्युत निगम का ट्रांसफार्मर लेकर जा रहा लोडर पिकअप अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। हादसा इतना भीषण था कि चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन दातागंज क्षेत्र से खराब ट्रांसफार्मर लेकर बदायूं स्थित वर्कशॉप आ रहा था। लखनपुर ईंट भट्ठे के पास हाईवे किनारे खड़े पेड़ से वाहन जोरदार तरीके से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक वाहन में ही फंस गया


मृतक मुख़्तयार के परिजन जानकारी देते हुए।

### राहगीरों ने पुलिस को दी सूचना

हादसे में चालक मुख्तियार (45) पुत्र दफेदार निवासी गांव सराय पिपरिया, कोतवाली दातागंज की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने दुर्घटना देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंच गई और एंबुलेंस की मदद से चालक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया।

### अज्ञात हमलावरों के हमले में घायल व्यक्ति की मौत

**बदायूं।** मुजरिया थाना क्षेत्र के सिकंदराबाद निवासी संजय (45) की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह 13 मई को दावत से लौट रहे थे, तभी मुजरिया थाने के पास कार व बाइक सवार पांच हमलावरों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से उन पर जानलेवा हमला कर दिया था।गंभीर हालत में दिल्ली में इलाज के बाद घर लौटते समय उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस इस सुनियोजित हमले को सड़क हादसा बताकर दबाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

## बच्चों के विवाद में मां ने खाया विषाक्त पदार्थ, हुई मौत

**बदायूं।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गंज शहीदा में बच्चों के आपसी विवाद से आहत होकर एक महिला ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, नाजरीन (35) पत्नी बबलू के घर शुक्रवार सुबह बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था।

नाजरीन ने बच्चों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन उनके न मानने पर वह गहरे तनाव में आ गई। आवेश में आकर उसने घर में रखा विषाक्त पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन में राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बाद भी उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# पत्नी के रूठकर मायके गई तो पति ने फंदा लगाकर दे दी जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को पत्नी के मायके चले जाने से आहत युवक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। युवक अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बेटियों को छोड़ गया है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी युवक की मौत फंदे से लटकर होना पाया गया है।

मामला उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव मिहौना का है। यहां के रहने वाले 32 वर्षीय मोहित पुत्र छोटे की पत्नी पिंकी से चार दिन पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। परिजनों ने बताया कि विवाद के बाद पिंकी अपने दोनों बच्चों को लेकर थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव मझारे स्थित मायके चली गई थी। पत्नी के जाने के बाद मोहित काफी परेशान रहने लगा और अवसाद में आ गया। मौका पाकर उसने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को शक हुआ। अंदर जाकर देखा तो मोहित का शव फंदे पर लटका मिला, जिसके बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। मोहित और पिंकी की शादी करीब आठ साल पहले हुई थी। उनकी चार वर्षीय और एक वर्षीय दो बेटियां हैं। परिजनों ने बताया कि कुछ समय से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था, जिसके चलते पिंकी नाराज होकर मायके चली गई थी। घटना की सूचना मिलने पर उझानी पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला गृह कलह का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शराब की लत ने किया बीमार, बुधवार रात अर्दली की मौत

**बदायूं।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित रिजर्व पुलिस लाइन के सी-6 क्वार्टर में रहने वाले पुलिस अर्दली महेंद्र पाल सिंह (45) की बुधवार देर रात लंबी बीमारी के कारण मौत हो गई। उनके निधन से जहां परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पुलिस विभाग में भी शोक की लहर दौड़ गई।मूल रूप से शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा क्षेत्र के गांव जल्लापुर निवासी महेंद्र पाल सिंह पिछले 15 वर्षों से बदायूं में तैनात थे और वर्तमान में एसएसपी कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। परिजनों के मुताबिक, अत्यधिक शराब के सेवन के कारण वह लंबे समय से गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे। बुधवार रात अचानक तबीयत अधिक बिगड़ने पर क्वार्टर में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों व पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कांग्रेस के पदाधिकारी ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** कांग्रेस पार्टी के आह्वान पर बिसौली विधानसभा प्रभारी डाक्टर सुशीला कोरी के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा डीजल, पेट्रोल, घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी, महंगाई किसानों की उपेक्षा और नीट परीक्षा के बार-बार लीक होने के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जुलूस निकाल तहसील में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह एवं अमित चौधरी को सौंपा।

डा. सुशीला कोरी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में डीजल, पेट्रोल और घरेलू छोटे गैस सिलेंडर के दामों में की गई बढ़ोतरी आम जनता, किसानों और मध्यमवर्गीय परिवारों पर भारी बोझ बन गई है। महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। जिला उपाध्यक्ष चौधरी वफाती मियां ने कहा किसानों को खाद समय पर नहीं मिल पा रही है जिससे खेती-किसानी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा की नीट की परीक्षा का बार-बार पेपर लीक होना, युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन चौधरी वफाती मियां, जिला उपाध्यक्ष, बिसौली विधानसभा प्रभारी डॉक्टर सुशीला कोरी, जिला महासचिव अब्दुल रहमान, जिला महासचिव सलीम अंसारी, जिला सचिव अहमद अमजदी, जिला सचिव मोरध्वज लोधी, राजीव गांधी विचार मंच के जिला अध्यक्ष इकरार अली, रईस फारुकी, ब्लॉक अध्यक्ष बिसौली सदानंद पाल, वरिष्ठ कांग्रेसी हनीफ कुरेशी, मुकर्रम अली, आकाश पाठक, नगर अध्यक्ष बिसौली आमिर अल्वी, युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रजापति आदि रहे।



# कठिन परिस्थितियों में स्वयं को बनाएं सक्षम : चयनिका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भारत स्काउट और गाइड संस्था के तत्वावधान में मदर एथीना स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर के दूसरे दिन अनुशासन, सेवा, साहस और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही स्कूली प्रांगण स्काउट-गाइड के नारों, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और विभिन्न गतिविधियों से गूंज उठा। युवा प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ प्राथमिक चिकित्सा, गांठें व बंधन, तंबू निर्माण, गैजेट्स निर्माण, आपदा प्रबंधन और माक ड्रिल की ट्रेनिंग ली।

प्रधानाचार्य पवित्रा यादव ने स्काउट ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग बच्चों में देश भक्ति का अनोखा जज्बा पैदा करती है। डायरेक्टर चयनिका सारस्वत ने कहा कि बच्चे कठिन परिस्थितियों में स्वयं को सक्षम बनाएं। उन्होंने कहा कि स्काउट विद्या कम से कम संसाधनों में भी सुव्यवस्थित जीवन जीने की कला सीखती है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने बच्चों में जोश भरा। उन्होंने कहा कि आपातकालीन हालत में घबराहट सबसे बड़ा शत्रु है। युवा संकट की घड़ी में धैर्य रखें, जल्दबाजी में निर्णय न लें और उपलब्ध संसाधनों का समझदारी से प्रयोग करें। ट्रेनिंग के दौरान आग में फंसे लोगों को निकालने, डूबते व्यक्तियों को बचाने, टैंट निर्माण, भोजन तैयारी और डाक्टरी गांठ, रीफ नॉट, शीट बेंड, फिशरमैन नॉट, चेयर नॉट आदि गांठों को लगाने की ट्रेनिंग दी गई।

# 6 घंटे की अघोषित कटौती से बिलबिलाए लोग, इन्वर्टर-बेटरा भी तोड़ गए दम

### सैदपुर उपकेंद्र से 40 गावों के एक लाख की आबादी के छूटे पसीने



जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदपुर।** बिजली की अघोषित कटौती और लो वोल्टेज के संकट के कारण भीषण गर्मी के मौसम में नगर समेत 40 से अधिक गांव की एक लाख आबादी के विद्युत संचालित उपकरण प्रभावित हो गए। छह घंटे तक की कटौती गांवों में जारी रही है।

उपकेंद्र से संचालित आपूर्ति का कोई निश्चित समय नहीं है। इसके अलावा ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या का कोई निश्चित समाधान नहीं हो पा रहा है। अधिकांश समय बिसौली से आने वाली 33 केवी की लाइन बाधित होती रहती है और लाइनों के सड़क किनारे पेड़ो से टकराने से भी लाइन में फॉल्ट हो जाता है। जेई जसवीर सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोड अधिक होने से ट्रांसफॉर्मर लीड जलने से ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या आ रही है।

### रमजानपुर के लोगों ने अधिशासी अभियंता दिया ज्ञापन

**बदायूं।** रमजानपुर में गर्मी का मौसम आते ही क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली शुरू हो गई। बिजली कटौती पर लोगों ने विद्युत निगम के प्रति रोष जताया। रमजाऩपुर में बीस हजार की आबादी बिजली की कटौती के कारण पंखे भी नहीं चल पा रहें हैं। इससे बच्चों का बुरा हाल है। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता एसपी गौतम को ज्ञापन देकर बिजली की सप्लाई ठीक से सुचारू करने की मांग की है। इस मौके पर सलमान जमीर उर्फ चांद मियां,बकरे आलम, मोहम्मद रिजवान शेख़,चंद्रबली,शाहजेब,अफ़ज़ल आदि लोग मौजूद रहे।

### 5 दिन से ट्रांसफार्मर न बदलने से उपभोक्ता हुए निराश

**बदायूं।** कछला क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर फुंके हुए पांच दिन बीत चुके हैं। उपभोक्ताओं ने ने बिल्सी विधायक हरीश शाक्य से लेकर विद्युत निगम के अधिकारियों तक शिकायती पत्र दिए, लेकिन इसके बावजूद भी कोई असर नहीं हुआ। इसके कारण गर्मी में लोग परेशान हो रहे हैं।

# कृषि आजीविका सखी प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में कृषि आजीविका सखी विषयक पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव, प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को कृषि आधारित आजीविका, जैविक खेती, समूह संचालन तथा स्वरोजगार से जुड़ी जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के पहले बैच में विकास खंड आसफपुर से 26 एवं वजीरगंज से 14 महिला प्रतिभागी शामिल हैं, जबकि दूसरे बैच में बिसौली से 26 तथा इस्लामनगर से 16 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। डीआरपी राजकुमार सिंह राठौर, सुधीर सिंह चौहान तथा बीआरपी अनम व नीलम प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षकों ने महिलाओं को कृषि प्रबंधन, पोषण वाटिका, जैविक खाद निर्माण और आजीविका संवर्धन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 मई से 24 मई तक चलेगा। इसकी सूचना मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ, मुख्य विकास अधिकारी बदायूं समेत जिले के सभी विकास खंड अधिकारियों और ब्लॉक प्रबंधकों को भी भेजी गई है।



## बंदरों के हमले में छत से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**बदायूं।** कस्बा नूरपुर पिनौनी में बंदरों के डर से भागते समय छत से नीचे गिरकर 65 वर्षीय बुजुर्ग कल्लू की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। नूरपुर पिनौनी निवासी कल्लू मंगलवार शाम अपने घर की छत पर थे, तभी अचानक बंदरों के एक झुंड ने उन पर हमला बोल दिया। बंदरों की घुड़की से घबराकर वह जान बचाने के लिए भागे, लेकिन संतुलन बिगड़ने के कारण सीधे नीचे सीसी रोड पर जा गिरे। सिर में गंभीर चोट आने पर परिजन उन्हें तुरंत निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

# भीषण गर्मी में अवकाश की मांग को लेकर धरना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश आंगनवाड़ी श्रमिक संघ के बैनर तले जिले में ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। मालवीय आवास पर आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों ने हिस्सा लिया और शासन-प्रशासन के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की।

धरने में दोपहर लगभग एक बजे किसान नेता राजेश कुमार सक्सेना पहुंचे और उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में 45 डिग्री सेल्सियस तापमान के बावजूद छोटे-छोटे बच्चों (3 से 6 वर्ष) के लिए अवकाश घोषित न करना प्रशासन की संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब इस गर्मी में पशु-पक्षी तक बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, तो मासूम बच्चों और आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को काम करने के लिए मजबूर क्यों किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस दौरान किसी प्रकार की जनहानि होती है, तो इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। राजेश सक्सेना ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी अपील करते हुए कहा कि सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को 18,000 रुपये मानदेय देने का वादा किया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की कई बैठकों में निर्णय लिए गए, लेकिन आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के मुद्दों को नजरअंदाज किया गया, जो महिला सम्मान के दावों पर सवाल खड़े करता है। जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमारी ने सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की स्थिति बंधुआ मजदूरों से भी बदतर बना दी गई है। उन्होंने सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह महिलाओं के साथ अन्याय है। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष ममता भदौरिया ने भी आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी और कहा कि यदि उनकी मांगों को जल्द नहीं माना गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। धरने में ब्लॉक अध्यक्ष उझानी गायत्री सागर, ममता महेश्वरी, सरिता श्रीवास्तव, ममता सिंह राठौर, सीमा, रीना देवी, प्रेमवती सहित दर्जनों कार्यकर्त्रियां मौजूद रहीं। धरना स्थल पर पहुंचे एडीएम (राजस्व) को कार्यकर्त्रियों ने ज्ञापन सौंपा। एडीएम ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा।


प्रदर्शन करते आंगनवाड़ी कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**महाअनुष्ठान** | कलश यात्रा के बाद ओरछी चौराहे पर सजेगा भक्ति का अनूठा संगम

# ऐतिहासिक पल : भव्य 111 कुण्डीय महारूद्र यज्ञ आज से शुरू

### ये क्षेत्र का अतिदुर्लभ यग है इसमें 111 गावों को निमंत्रण दिया गया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में धार्मिक इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। ओरछी चौराहा, आसफपुर-चंदौसी मार्ग पर आज से 25 मई तक भव्य 111 कुण्डीय महारूद्र यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र के इतिहास में इतनी विशाल संख्या में यज्ञ 111 कुण्डों के साथ होने वाला यह पहला और सबसे बड़ा आध्यात्मिक अनुष्ठान है, जिसे लेकर पूरे इलाके में भारी उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। इस पांच दिवसीय महायज्ञ के संचालक श्री श्री 1008 श्रद्धेय केशवानंद गिरी जी महाराज हैं,जिनके दिव्य मार्गदर्शन में यह पूरा अनुष्ठान संपन्न होगा। केशवानन्द गिरी जी महाराज ने बताया यहाँ ओरछी चौराहे पर 111 कुण्डीय रूद्र महायग आज से प्रारम्भ होने जा रहा है ये क्षेत्र का अति दुर्लभ यग है इसमें 111 गाँव को निमंत्रण दिया गया है। उन्होंने कहा तीन प्रकार का दान होता है प्रथम दान " जो प्रेम से कुछ भी दे वो अमृत है" दूसरा " माँगा गया दान जल की तरह है " और तीसरा " जो प्रेशर, दाब, भय से दिया गया दान रक्त की तरह होता है। न किसी से मांग न जांच और न कोई याचना ऐसा पावन प्रसाद ग्रहण करने से मनुष्य प्रेमगति का अधिकारी हो जाता है। यज्ञ के मुख्य सेवादार रामकिशोर शर्मा ने बताया कि यज्ञ की तैयारियां पूरी हो चुकी है। यज्ञशाला को भव्य रूप दिया गया है और प्रत्येक दिन यहाँ पर दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और भोजन की विशेष व्यवस्था की गई है। इस महारूद्र यज्ञ की सबसे खास बात यह है कि इसमें 111 आसपास के गाँवों व दूर-दराज से आए अनन्य प्रेमी भक्तगण मुख्य सहयोगी और यजमान के रूप में शामिल हो रहे हैं। पांच दिनों तक चलने वाले इस वैदिक अनुष्ठान में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है पर्यावरण शुद्धिकरण और लोक-कल्याण की कामना के लिए इस यग को कराया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, इस 111 कुण्डीय महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति, लोक-कल्याण और पर्यावरण का शुद्धिकरण है। वैदिक मंत्रोच्चारण और आहुतियों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होगा जिसका समापन 25 मई को पूर्णाहूति और विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा।





## अपहरण में 4 दोषियों को 5-5 साल की सजा

**बदायूं।** विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) रेखा शर्मा ने नौ वर्षीय बालक के अपहरण के मामले में चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए पांच-पांच साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।अपर शासकीय अधिवक्ता राजेश बाबू शर्मा के अनुसार, बिनावर थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा मजरा बिलहत निवासी सूरजपाल का नौ वर्षीय बेटा सुखपाल 19 अक्टूबर 2004 की रात छत से अगवा कर लिया गया था। विरोध करने पर बदमाशों ने हवाई फायरिंग की थी।पुलिस विवेचना में दातागंज के छत्रपाल, मंगली, कालीचरन और बिनावर के वेदराम का नाम सामने आया था। न्यायालय ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर चारों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।



# एसएसपी ने हवन पूजन कर महिला थाने का किया शिलान्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** एसएसपी अंकिता शर्मा ने बुधवार को चित्रांश नगर में नये महिला थाने का हवन पूजन कर शिलान्यास किया। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को और अधिका सुदृढ करने के उद्देश्य से नये महिला थाने का निर्माण कराया जा रहा है। नये भवन में परामर्श कक्ष, महिला आगन्तुक कक्ष, आधुनिक कम्प्यूटर कक्ष जैसी सुविधायें प्रस्तावित है। इसका मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को एक ऐसा सुरक्षित और सुगम माहौल प्रदान करना है, जहाँ वे बिना किसी झिझक के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें। थाना परिसर में महिलाओं और उनके साथ आने वाले बच्चों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री रजनीश कुमार उपाध्याय,प्रतिसार निरीक्षक बदायूं, महिला थाना प्रभारी आदि अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

# चेन्नई की झटके से शुरुआत, संजू सैमसन खाता भी नहीं खोल सके; गुजरात ने 229 रन बनाए



**अहमदाबाद।** आज आईपीएल 2026 का 66वां मुकाबला गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में सीएसके आखिरी बार प्लेऑफ के लिए जोर लगाने उतरी है। वहीं, गुजरात पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। चेन्नई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है।

चेन्नई की झटके से शुरुआत हुई है। संजू सैमसन खाता भी नहीं खोल सके और मोहम्मद सिराज का शिकार बने। इस मैच में सीएसके ने ओपनिंग में बदलाव किया। ऋतुराज गायकवाड़ की जगह मैथ्यू शॉर्ट आए। गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स के सामने 230 रनों का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में चार विकेट पर 229 रन बनाए। उनके लिए साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं।

बटलर ने 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया है। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं और गुजरात का स्कोर तीन विकेट पर 210 पर पहुंच गया है। गुजरात को तीसरा झटका राहुल तेवतिया के रूप में लगा। वह रनआउट हो गए और खाता भी नहीं खोल सके। अब वाशिंगटन सुंदर बल्लेबाजी के लिए आए हैं। गुजरात को दूसरा झटका अंशुल कंबोज ने दिया। उन्होंने मैथ्यू शॉर्ट के हाथों साई सुदर्शन को कैच कराया। वह 53 गेंदों में 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने जोस बटलर के साथ 82 रनों की साझेदारी निभाई। अब बटलर का 17 ओवर का खेल पूरा हो चुका है और गुजरात ने एक विकेट पर 186 रन बना लिए हैं। साई सुदर्शन और जोस बटलर के बीच दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी हो चुकी है।

गुजरात को पहला झटका स्पेंसर जॉनसन ने दिया। उन्होंने शुभमन गिल को शिवम दुबे के हाथों कैच कराया। वह 37 गेंदों में 64 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने सुदर्शन के साथ 125 रनों की साझेदारी निभाई। अब जोस बटलर बल्लेबाजी के लिए आए हैं।

साई सुदर्शन ने 35 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह शुभमन गिल के साथ 120 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभा चुके हैं। 12 ओवर के बाद स्कोर 124/0 है।

शुभमन गिल ने 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं और सुदर्शन के साथ 70 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभा चुके हैं। गिल ने इस मैच में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने 6000 टी20 रन पूरे कर लिए हैं और टी20 में 200 छक्के पूरे कर लिए। सात ओवर के बाद गुजरात का स्कोर 78/0 है।

# लिटन दास और पाक के रिजवान भिड़े! बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने किया स्लेज, कहा- ओवर एक्टिंग के 50 पैसे काट




**सिलहट।** बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच मुकाबले के दौरान मैदान पर तनावपूर्ण माहौल देखने को मिला, जब बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास और पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के बीच तीखी बहस हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दोनों खिलाड़ियों को एक-दूसरे से बहस करते देखा गया। इस दौरान कुछ बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने रिजवान पर तंज कसते हुए 'ओवर-एक्टिंग के 50 पैसे काट' जैसी टिप्पणी भी की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

बांग्लादेश ने इतिहास रचते हुए पाकिस्तान को अपनी सरजमीं पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। ढाका में पहले टेस्ट में बांग्लादेश ने 104 रन से और सिलहट में दूसरे टेस्ट में 78 रन से जीत हासिल की। हालांकि, सिलहट टेस्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बांग्लादेश के लिटन दास और पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान भिड़ गए। और इसके बाद तो पूरी बांग्लादेश टीम ने मिलकर रिजवान को खूब स्लेज किया। बांग्लादेश क्रिकेटरों ने यहां तक कहा कि रिजवान अच्छी एक्टिंग करता है, इसे बॉलीवुड में भेजो, लेकिन वहां भी इसे कोई नहीं लेगा। इसकी ओवरएक्टिंग इतनी है कि 50 पैसे काट लेंगे। आइए पूरा मामला जानते हैं।

दरअसल, सिलहट टेस्ट में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 437 रन का लक्ष्य दिया था। रिजवान और बांग्लादेशी खिलाड़ियों की लड़ाई पाकिस्तान की दूसरी पारी के दौरान हुई। तब पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 259 रन था। पाकिस्तान की दूसरी पारी के 72वें ओवर में तैजुल इस्लाम गेंदबाजी कर रहे थे। चौथी गेंद पर जब तैजुल ने अपना रनअप लिया तो रिजवान क्रीज से हट गए और साइट स्क्रीन की ओर इशारा करने लगे। तब रिजवान के साथ सलमान आगा क्रीज पर थे। जैसे ही रिजवान ने साइट स्क्रीन की ओर इशारा किया, विकेटकीपिंग कर रहे लिटन भड़क गए।

# 25 मई को पद्मश्री से सम्मानित होंगे हॉकी कोच बलदेव सिंह



**नई दिल्ली।** हॉकी कोच बलदेव सिंह को 25 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मश्री से नवाजा जाएगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सिंह (75) ने एनएच 44 पर बसे छोटे से शहर शाहाबाद मारकंडा को बेहतरीन हॉकी प्रतिभा पैदा करने का एक बड़ा केंद्र बना दिया। वह 1982 में हरियाणा खेल विभाग में कोच के तौर पर शाहाबाद मारकंडा आए थे और उन्होंने वहां चार साल तक सेवा दी। अधिकारियों ने बताया कि 1993 में वह इस शहर में वापस लौटे और उन्होंने इस हॉकी नर्सरी को सबसे ज्यादा हॉकी प्रतिभा पैदा करने वाले केंद्र में से एक बना दिया।

भैणी साहिब की नामधारी हॉकी टीम से अपने पेशेवर करियर की शुरुआत करने वाले और अस्सी के दशक की शुरुआत में बेंगलुरु के राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) से हॉकी कोचिंग में डिप्लोमा हासिल करने वाले सिंह ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए इस खेल में 80 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और आठ भारतीय कप्तानों को तराशा। जैसे-जैसे यह अकादमी इस खेल के लिए एक प्रमुख केंद्र बनती गई, सिंह ने हॉकी की प्रतिस्पर्धी व्यवस्था में कई अहम भूमिकाएं निभाईं। उन्होंने 1993 में जूनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच और चयनकर्ता के तौर पर काम किया। फिर वह 1996 में मद्रास में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम के सहायक कोच रहे और बाद में सीनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बने। 2001 से 2004 तक उन्होंने भारतीय पुरुष टीम के कोच के तौर पर काम किया और 2004 के एशिया कप में टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सिंह ने फतेहगढ़ साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब विश्वविद्यालय और अमृतसर के खालसा कॉलेज में हॉकी कोच के तौर पर सेवाएं दी। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा 2020 तोक्यो, 2024 पेरिस और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों के लिए एक 'रोडमैप' तैयार करने हेतु गठित ओलंपिक कार्य बल के मुख्य सदस्य के तौर पर भी काम किया है।

# शुभमन गिल ने टी20 में पूरे किए 6000 रन और 200 छक्के




**अहमदाबाद।** शुभमन गिल ने टी20 में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए 6000 रन और 200 छक्के पूरे कर लिए हैं। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ मिलकर सीएसके के खिलाफ टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी कर डाली।

गुजरात टाइंटस के कप्तान शुभमन गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ आईपीएल 2026 मैच के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल की। गिल ने टी20 में 6000 रन पूरे कर लिए हैं। इतना ही नहीं उन्होंने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 200 छक्के भी पूरे कर लिए हैं। गिल का बल्ला आईपीएल के मौजूदा सीजन में आग उगल रहा है और वह लगातार टीम के लिए दमदार पारी खेल रहे हैं। गिल टी20 में सबसे तेज 6000 रन पूरे करने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। उनसे कम पारियों में भारत के लिए केएल राहुल और विराट कोहली ने ऐसा किया है। राहुल ने 166 टी20 पारियों में 6000 रन पूरे किए थे, जबकि कोहली को इस उपलब्धि तक पहुंचने में 184 पारियां लगी।

वहीं, शुभमन गिल ने 185 पारियों में टी20 में 6000 रन पूरे किए। ओवरऑल टी20 में सबसे तेज 6000 रन पूरा करने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है जिन्होंने 162 पारियों में ऐसा किया था। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर हैं जिन्होंने इस उपलब्धि पर पहुंचने में 165 पारियां ली थी। अब तक तीन खिलाड़ी ऐसे थे जिन्होंने 27 साल होने से पहले पुरुष टी20 में 6000 रन पूरे किए थे। अब गिल भी इस विशेष सूची में शामिल हो गए हैं। गिल की उम्र फिलहाल 26 साल 255 दिन है। वहीं, इससे पहले बाबर, रहमानुल्लाह गुरबाज और विल जैक्स ने ऐसा किया है।

इस मैच में सीएसके ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। गिल और साई सुदर्शन ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। इन दोनों ने भले ही धीमी शुरुआत की, लेकिन सीएसके के बल्लेबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। गिल और सुदर्शन ने पावरप्ले में सीएसके को एक भी सफलता हासिल नहीं करने दी। वहीं, दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 10वें ओवर में शतकीय साझेदारी भी पूरी की। यह 31 पारियों में 15वीं बार है जब गिल और सुदर्शन के बीच आईपीएल में 50+ रनों की साझेदारी हुई है। यह आईपीएल में ओपनिंग स्टैंड के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक बार की गई दूसरी साझेदारी है। गिल और सुदर्शन ने इस मामले में रोहित और ईशान किशन की बराबरी की जिन्होंने आईपीएल में 43 पारियों में 15 बार पहले विकेट के लिए 50+ रन जोड़े हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा बार 50+ ओपनिंग साझेदारी का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर और शिखर धवन के नाम है जिन्होंने 18 बार ऐसा किया है। वहीं, विराट कोहली-फाफ डुप्लेसिस और अभिषेक शर्मा तथा ट्रेविस हेड की जोड़ी ने 14 बार पहले विकेट के लिए 50+ रनों की साझेदारी की है।

# 135 अंक टूटा सेंसेक्स, निफ्टी में मामूली गिरावट IT-FMCG शेयरों में जमकर हुई बिकवाली

**मुंबई।** आज का कारोबारी सत्र निवेशकों के लिए सतर्कता और ठहराव वाला रहा। आईटी और एफएमसीजी की कमजोरी के बावजूद रियल्टी की मजबूती और इंडिया विक्स में आई गिरावट यह बताती है कि बाजार बड़ी गिरावट से बचते हुए एक मजबूत संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है।

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को कारोबार का अंत बेहद सुस्त माहौल में हुआ। पूरे दिन के उतार-चढ़ाव के बाद दोनों प्रमुख सूचकांक लगभग सपाट स्तर पर बंद हुए। दिग्गज आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में आई गिरावट ने बाजार पर लगातार दबाव बनाए रखा। हालांकि, रियल्टी सेक्टर में देखी गई मजबूत खरीदारी ने निचले स्तरों पर बाजार को सहारा दिया, जिससे बड़ी गिरावट टल गई।

कारोबार की समाप्ति पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स 135.03 अंक टूटकर 75,183.36 के स्तर पर सेटल हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 75,318.39 के स्तर पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 इंडेक्स भी महज 4.30 अंकों की मामूली गिरावट के साथ 23,654.70 के स्तर पर बंद हुआ।

# मुंबई इंडियंस के लिए वापसी करने वाले हार्दिक पांड्या पर चला बीसीसीआई का हंटर, लगा जुर्माना




**कोलकाता।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के चलते मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एक डिमेरिट प्वाइंट भी दिया गया। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान हार्दिक ने गुस्से में विकेट की गिल्लियां जोर से गिरा दी थीं, जिसके बाद उन पर कार्रवाई की गई। हार्दिक ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है।

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर आईपीएल 2026 में आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में जुर्माना लगाया गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान गुस्से में विकेट की गिल्लियां जोर से गिराना उन्हें भारी पड़ गया। आईपीएल की ओर से जारी बयान के अनुसार हार्दिक पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है।

यह घटना दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद के बाद हुई। हार्दिक पांड्या अपने रन-अप की ओर लौट रहे थे, तभी उन्होंने गुस्से में विकेट की गिल्लियों को जोर से गिरा दिया। आईपीएल ने अपने बयान में कहा, 'हार्दिक पांड्या आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन के दोषी पाए गए, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, ग्राउंड इक्विपमेंट या फिटिंग्स के दुरुपयोग से संबंधित है।' आईपीएल के मुताबिक, हार्दिक पांड्या ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा दी गई सजा को मान लिया है। नियमों के अनुसार, अगर किसी खिलाड़ी के चार से सात डिमेरिट प्वाइंट हो जाते हैं तो उसे एक मैच के लिए निलंबित किया जा सकता है। ऐसे में हार्दिक को आगे ध्यान रखना होगा।

मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2026 का सीजन बेहद निराशाजनक रहा है। पांच बार की चैंपियन टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। कोलकाता के खिलाफ मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 147 रन बनाए थे, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स ने लक्ष्य को सात गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। हार्दिक पांड्या इस मैच में गेंद से भी प्रभाव नहीं छोड़ सके और दो ओवर में 13 रन देकर कोई विकेट हासिल नहीं कर पाए। अब मुंबई इंडियंस अपना आखिरी लीग मुकाबला रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी।

# 'द बिग गाइ' ने बंद किए डब्ल्यूडब्ल्यू में वापसी के दरवाजे, संन्यास पर लगाई अंतिम मुहर




**नई दिल्ली।** पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियन राइबैक ने साफ कर दिया है कि वह अब कभी डब्ल्यूडब्ल्यूई में वापसी नहीं करेंगे। राइबैक ने चोटों और स्वास्थ्य समस्याओं को वजह बताते हुए रेसलिंग के साथ-साथ कमेंट्री या बैकस्टेज रोल से भी दूरी बना ली है।

पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियन राइबैक एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी वापसी नहीं बल्कि रिटायरमेंट को लेकर दिया गया बड़ा बयान है। लंबे समय से फैंस यह उम्मीद कर रहे थे कि 'द बिग गाइ' किसी न किसी रूप में डब्ल्यूडब्ल्यूई टीवी पर वापसी कर सकते हैं, लेकिन राइबैक ने अब साफ कर दिया है कि उनका रेसलिंग करियर पूरी तरह खत्म हो चुका है। हाल के दिनों में डब्ल्यूडब्ल्यूई ने कई पूर्व सुपरस्टार्स को कमेंटेटर, मैनेजर, इंटरव्यूअर और बैकस्टेज पर्सनैलिटी के तौर पर वापसी करवाई है। इसी वजह से फैंस को लग रहा था कि राइबैक भी भविष्य में किसी नॉन-रेसलिंग रोल में नजर आ सकते हैं।




# अमेरिका-ईरान में सुलह की आस, फिर भी दिल्ली में सोना-चांदी की चमक बरकरार; वैश्विक मंदी बेअसर



**नई दिल्ली।** दुनियाभर के बाजारों में उतार-चढ़ाव और अमेरिका-ईरान के बीच कूटनीतिक दांवपेच के बावजूद भारत में सोने-चांदी की चमक फीकी नहीं पड़ी है। बढ़ी हुई इम्पोर्ट ड्यूटी और घरेलू बाजार में मजबूती के चलते अंतरराष्ट्रीय मंदी का भारतीय ग्राहकों पर कोई खास असर नहीं दिख रहा है और कीमतें ऊंचे स्तर पर टिकी हुई हैं।

दुनियाभर के बाजारों में मंदी का माहौल है, लेकिन भारतीय सर्राफा बाजार में सोना और चांदी पूरी मजबूती के साथ डटे हुए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत शुरू होने की उम्मीद से जहां निवेशकों की चिंता थोड़ी कम हुई है, वहीं दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई का डर बढ़ा दिया है। इसी डर के कारण लोग सोने-चांदी को सुरक्षित निवेश मानकर खरीदारी कर रहे हैं।

दिल्ली के हाजिर बाजार में शुद्ध सोने (99.9%) की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी दर्ज की गई। स्थानीय व्यापारियों के मुताबिक, सोने के दाम 600 रुपये बढ़कर 1,65,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर पहुंच गए। दरअसल, पिछले हफ्ते सरकार ने सोने-चांदी पर इम्पोर्ट ड्यूटी यानी आयात शुल्क बढ़ाकर 15 फीसदी कर दी थी, जिसके तुरंत बाद सोना एक ही दिन में 8,550 रुपये महंगा हो गया था। तब से बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।